
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-276
लखनऊ, रविवार 26 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भारत में नहीं लागू होगा शरिया कानून : योगी 03

अग्निवीर योजना पर देश की जनता को गुमराह कर रहे राहुल : शाह 12

# छठे चरण में 58.82 प्रतिशत मतदान

## बंगाल में सर्वाधिक 78.19 प्रतिशत वोट पड़े, ओडिशा विधानसभा की 42 सीटों पर 59.72 प्रतिशत मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में शनिवार को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 संसदीय सीटों पर मतदान संपन्न हो गया। देशभर में 58.82 प्रतिशत औसत मतदान दर्ज किया गया। पश्चिम बंगाल में कुछ स्थानों पर छिटपुट झड़पों के बावजूद सबसे अधिक 78.19 प्रतिशत और जम्मू और कश्मीर में सबसे कम 51.41 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लोकसभा के साथ-साथ आज ओडिशा विधानसभा की 42 सीटों पर भी मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के अनुसार 59.72 प्रतिशत औसत मतदान दर्ज किया गया। चुनाव आयोग के अनुसार बिहार में 52.80 प्रतिशत, हरियाणा में 58.14 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 51.41 प्रतिशत, झारखंड में 62.16 प्रतिशत, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 54.32 प्रतिशत, ओडिशा में 59.72 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 54.02 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 78.19 प्रतिशत मतदान हुआ।



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सभी सातों सीटों पर आज कुल 54.32 प्रतिशत मतदान हुआ। उत्तर-पूर्वी दिल्ली सीट पर सबसे अधिक 58.30 प्रतिशत वोट डाले गये। इसके बाद पश्चिमी दिल्ली सीट पर 54.90 प्रतिशत, पूर्वी दिल्ली 54.37 प्रतिशत, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली सीट पर 53.81 प्रतिशत, चांदनी चौक सीट पर 53.27 प्रतिशत, दक्षिणी दिल्ली सीट पर 52.83 प्रतिशत और नई दिल्ली सीट पर 51.54 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार 58 संसदीय सीटों में 49 सामान्य, 2 एसटी और 7 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। राज्यवार उम्मीदवारों की बात करें तो इस चरण में बिहार की 8 सीटों के लिए 86, हरियाणा की 10 के लिए 223, जम्मू-कश्मीर की एक के लिए 20, झारखंड की चार सीटों के लिए 93, दिल्ली की 7 सीटों के लिए 162, ओडिशा की 6 सीटों के लिए 64, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए 162 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए 69 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में कुल 889 उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में कैद हो गई। उधर, ओडिशा विधानसभा की 42 विधानसभा सीटों में 31 सामान्य, 5 एसटी और 6 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। छठे चरण में दिल्ली की सभी सात सीटें- चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली एवं दक्षिणी दिल्ली, हरियाणा की सभी 10 सीटें- अंबाला, कुरुक्षेत्र, सिरसा, हिसार, करनाल, सोनीपत, रोहतक, भिवानी-महेंद्रगढ़, गुड़गांव और फ़रीदाबाद, पश्चिम बंगाल की आठ सीटें- तमलुक, कांथी, घाटल, झाड़ग्राम, मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुरा और बिष्णुपुर, झारखंड की चार सीटें गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर, बिहार की आठ सीटें वाल्मीकी नगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज (एससी), सीवान एवं महाराजगंज, जम्मू-कश्मीर की एक सीट अनंतनाग-राजौरी और ओडिशा की छह सीटें भुवनेश्वर, पुरी, ढेंकनाल, क्योंझर (एससी), कटक और संबलपुर पर मतदान संपन्न हो गया।

### यूपी में 14 लोकसभा सीटों पर 54.02 प्रतिशत मतदान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि छठे चरण में14 लोकसभा सीटों के लिए जहाँ सकुशल मतदान हुआ वही एक विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव और एक बूथ पर पुनर्मतदान भी सकुशल सम्पन्न हुआ। आज मीडिया से मुखातिब मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों 38–सुल्तानपुर, 39–प्रतापगढ़, 51–फूलपुर, 52–इलाहाबाद, 55–अम्बेडकरनगर, 58–श्रावस्ती, 60–डुमरियागंज, 61–बस्ती, 62–सन्त कबीर नगर, 68–लालगंज(सु.), 69–आजमगढ़, 73–जौनपुर, 74–मछलीशहर(सु.), 78–भदोही तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 292–गैंसड़ी में मतदान एवं 40–फर्रूखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 343–मतदेय स्थल खिरिया पमारान पर पुर्नमतदान शान्तिपूर्वक सम्पन्न हो गया है। मतदान प्रातः 7 बजे से शुरू होकर सायं 06 बजे समाप्त हुआ। छठे चरण में15 जनपदों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या,बस्ती बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सन्त कबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, भदोही तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 292–गैंसड़ी बलरामपुर एवं 343–पुर्नमतदान स्थल खिरिया पमारान जनपद एटा में हैं। सायं 06 बजे तक जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रदेश के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल औसत 54.02 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा पर मुकदमा दर्ज

**अमेठी।** अमेठी लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान समाप्त हुआ लेकिन अब भी आदर्श आचार संहिता और धारा 144 लागू है। इस दौरान बगैर अनुमति के भीड़ को एकत्रित कर जनसभा करने के जुर्म में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा सहित 13 नामजद और 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इसी मध्य 24 मई की अपराह्न लगभग 5 बजे अमेठी जिले के बाजार स्कूल थाना क्षेत्र अंतर्गत कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा की ओर से मंगरौली चौराहे पर बिना अनुमति के एकत्रित कर जनसभा का आयोजन किया गया था। संज्ञान लिया और तहरीर पर कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा, मजहर अहमद, इकरार अहमद, बेचू खान, एराफ, सलमान अहमद के साथ रईस अहमद, वासिफ, इब्राहिम गुर्जर, मोहम्मद शाहिद, इजराउल हक उर्फ कलूट बाबू, दानबाबू, मेराज और बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## मॉल के गेमिंग जोन में भीषण आग लगने से 24 की मौत

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात के राजकोट में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक मॉल के गेम जोन में आग लगने से 24 लोगों की मौत की खबर है। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड 8 गाड़ियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी हुई है। अब तक 20 लोगों की शव बरामद कर ली गई है। प्रशासन का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। मृतकों के शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पहचान के लिए डीएनए टेस्ट किया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर घटना के बाद पुलिस ने गेम जोन के मालिक को हिरासत में ले लिया है। जिसके बाद उन्हें पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने एक ट्वीट करते हुए लिखा, 'राजकोट में गेमिंग जोन में लगी आग की घटना में नगर निगम और प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्राथमिकता के आधार पर घायलों के तत्काल इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया है।



### राजकोट के सभी गेम जोन बंद करने के आदेश

टीआरपी गेम जोन में आग लगने की घटना पर फायर स्टेशन अधिकारी आरए जोबन ने कहा कि हम सटीक संख्या के बारे में कुछ नहीं कह सकते। हम दोनों तरफ से शव नीचे ला रहे हैं, तलाशी अभियान जारी है। वहीं गेम जोन में हुई दुर्घटना के बाद प्रशासन ने राजकोट के सारे गेम झोनों को तत्काल रूप से बंद करने का आदेश दिया है जब तक इसकी जांच ना हो तब तक कोई भी गेम जोन चालू नहीं करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बारूद फैक्टरी में भीषण विस्फोट, 10 की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा स्थित बेरला के ग्राम बोरसी में बारूद फैक्टरी में शनिवार सुबह ब्लास्ट हुआ है। फैक्टरी के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक अभी तक इस हादसे में चार लोगों की मौतों की पुष्टि हुई है जबकि छह लोग घायल हैं। मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। सीएम विष्णुदेव साय ने विस्फोट मामले में दंडाधिकारी जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही मृतकों के परिजनों को पांच लाख और घायलों को 50 हजार रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बेमेतरा हादसे का सीसीटीवी फुटेज जारी हुआ है। इस फुटेज को देखकर हर किसी का दिल सिहर जा रहा है। धमाका इतना भयंकर था कि आसपास के इलाकों में भूकंप जैसी हलचल महसूस हुई। आसमान में कई फीट ऊपर तक धुएं का गुबार उठ गया। धमाके के बाद फैक्टरी की ओर भागते नजर आए।

### पीएम ने विधायक राकेश के निधन पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को हरियाणा के गुरुग्राम में बादशाहपुर विधानसभा से विधायक राकेश दौलताबाद के निधन पर दुख जताया है। राकेश का शनिवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 45 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, हरियाणा के विधायक राकेश दौलताबाद के आकस्मिक निधन से अत्यंत दुख हुआ है। अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने बहुत ही कम उम्र में लोगों के बीच एक अलग पहचान बनाई थी। उनका जाना प्रदेश की राजनीति के लिए एक बड़ा नुकसान है। ईश्वर शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों को संबल प्रदान करे। राकेश दौलताबाद ने 2019 का विधानसभा चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ा था और भाजपा के मनीष यादव को हराया था। चुनाव जीतने के बाद राकेश ने भाजपा को समर्थन दे दिया था।

### चेंजिंग रूम में सीसीटीवी लगाने वाले महंत की तलाश

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में छोटा हरिद्वार के नाम से प्रसिद्ध गंगनहर के घाट पर महिलाओं के चेंजिंग रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले महंत मुकेश गिरि की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है, लेकिन महंत अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। दूसरी ओर सिंचाई विभाग ने विभाग की जमीन से अवैध रूप से बनाई गई दुकानों व चेंजिंग रूम को ध्वस्त कर दिया। गाजियाबाद के मुरादनगर में गंग गहर के घाट पर महिलाओं का चेंजिंग रूम बना था। जहां महिलाएं गंग नहर में नहाकर अपने कपड़े बदलती थीं। शुक्रवार को एक महिला ने अचानक चेंजिंग रूम के सीसीटीवी कैमरा देखा। महिला ने इसकी शिकायत महंत से की, लेकिन महंत ने उसे तवज्जो नहीं दी, उल्टे उसे धमकाया।

## पहले सर्जिकल रोबोट ने 100 सफल कार्डियक सर्जरी कर रचा इतिहास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एसएस इनोवेशन्स द्वारा निर्मित मेड-इन-इंडिया सर्जिकल रोबोट सिस्टम एसएसआई मंत्रा ने सफलतापूर्वक 100 रोबोटिक कार्डियक सर्जरी पूरे कर इतिहास रच दिया है। इस तकनीक के साथ अब तक एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बाईपास, आंतरिक स्तन धमनी टेकडाउन, माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट और द्विपक्षीय आंतरिक स्तन धमनी टेकडाउन जैसी सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

शनिवार को कंपनी के एसएस इनोवेशन के अध्यक्ष और सीईओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि एसएसआई मंत्रा के साथ इस मील के पत्थर तक पहुंचना एसएस इनोवेशन के रणनीतिक बाजार विस्तार में एक और मील का पत्थर है। हमारा मकसद रोबोटिक सर्जरी के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि एसएसआई मंत्रा की डिजाइन इसे जटिल हृदय संबंधी सर्जरी करने में सक्षम बनाती है। कार्डियक सर्जरी के लिए अक्सर बड़े सर्जिकल कट्स लगाए जाते हैं। सर्जिकल रोबोट सिस्टम एसएसआई मंत्रा का वैश्विक स्तर पर 1,000 से अधिक प्रक्रियाओं में उपयोग किया जाता है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि इस सर्जिकल रोबोट सिस्टम एसएसआई मंत्रा का मकसद सर्जरी को बेहतर तरीके से पूरा करना, कम रक्त हानि, जल्दी रिकवरी और कम लागत में मरीज को बेहतर परिणाम देना है।

## संत कबीरनगर में ड्यूटी छोड़कर पीठासीन अधिकारी फरार, मुकदमा दर्ज

**संत कबीरनगर।** खलीलाबाद लोकसभा के मेहदावल विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 207 पर तैनात महिला पीठासीन अधिकारी शालिनी चतुर्वेदी ड्यूटी छोड़कर बगैर सूचना दिये भाग गई। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन छोड़कर मतदान केंद्र से गायब होने के मामले में स्थानीय प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित पीठासीन अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्र ने बताया कि पीठासीन अधिकारी शालिनी चतुर्वेदी के खिलाफ सहायक अभियंता ड्रेनेज खंड-दो राम उजागिर लाल की तहरीर पर मेंहदावल थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। उनकी तलाश के लिए टीमें लगी हैं।

## राजधानी में रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की हत्या

▸ मामला गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर सेक्टर-20 का

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे (58) की शनिवार सुबह हत्या कर दी गई। घर में लूटपाट भी की गई। शव बाथरूम के बगल में बने चेंजिंग रूम में मिला। वारदात के वक्त देवेंद्र नाथ दुबे घर में नहीं थे।

वह रोज सुबह गोल्फ खेलने जाते थे। आज कहीं और गए थे। लौटे तो देखा घर का दरवाजा खुला था। अंदर आए, तो अलमारी का सामान बिखरा था। उन्होंने पत्नी को आवाज दी, मगर



रिस्पॉन्स नहीं मिला। बाथरूम के पास पहुंचे तो पत्नी का शव पड़ा था। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची। एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने कहा, हत्या की पुलिस जांच कर रही है।

मामला गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर सेक्टर-20 का है। मोहिनी, देवेंद्र दुबे (71) की दूसरी पत्नी थीं। वह 2009 में रिटायर हुए थे, इससे पहले 2007 में दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी से उनको दो बेटे प्रांजल और प्रतीक हैं। प्रांजल लखनऊ में कहीं और रहते हैं, प्रतीक गाजियाबाद में नौकरी करते हैं। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घर के अंदर जांच की। शुरुआती जांच के मुताबिक, किचन की गैस खुली थी। वारदात सुबह 7.15 से 8 बजे यानी 45 मिनट में की गई। देवेंद्र नाथ दुबे फर्स्ट फ्लोर पर रहते हैं। शव भी फर्स्ट फ्लोर पर बाथरूम के बगल में बने चेंजिंग में मिला।

### हत्या के बाद डीवीआर साथ ले गए बदमाश

रिश्तेदारों से पूछताछ के बाद क्राइम ब्रांच ने पड़ोसी के घर जाकर पूछताछ की, साथ ही सीसीटीवी भी चेक किए। देवेंद्र नाथ दुबे के घर पर कई ड्राइवर और नौकर काम करते हैं। पुलिस ने 2 ड्राइवर और 4 नौकरों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ कर रही है। एक ड्राइवर रवि और उसका भाई अखिलेश उनके घर में ही रहता है। पुलिस को शक है कि परिवार के किसी नजदीकी ने ही हत्या की है। उनके घर के बाहर 2 सीसीटीवी लगे थे। जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि ने बताया कि उन सीसीटीवी का डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) नहीं मिला। बदमाश हत्या करने के के बाद डीवीआर भी ले गए। इसमें सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग स्टोर होती है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी भी चेक कर रही है। कुछ रिश्तेदार घर पहुंच गए हैं। उनसे भी जानकारी जुटाई जा रही है। कमिश्नर एसबी शिरोडकर भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी चेक किए।

## कोई नहीं छीन सकता आरक्षण : पीएम मोदी

एजेंसी

**पटना (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पटना के बिक्रम में भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए शनिवार को बिहार के इतिहास पर जोर दिया और कहा कि बिहार ने एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। हमारा संविधान कहता है कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। बाबा साहेब अंबेडकर भी यही कहते थे।

आईएनडीआई गठबंधन पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस के लोग मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं। वर्ष 2024 के चुनाव में जब मैंने इन दलों की साजिश का पर्दाफाश किया तो इनकी एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण



विरोधी करतूतें सामने आ रही हैं लेकिन मैं मोदी की गारंटी देता हूं कि अति पिछड़ा, ओबीसी, एससी और एसटी का हक उस समय तक नहीं छीनने दूंगा जब तक मैं जिंदा हूं।

मोदी ने कहा कि मेरे लिए संविधान सर्वोपरि है। मैं एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण के साथ खड़ा हूं और खड़ा रहूंगा। जब तक जान है लड़ता रहूंगा। सभा में उत्साहित जनता को देखते हुए उन्होंने कहा कि चार जून के लिए मनेर के लड्डू तैयार रखिए। चुनाव के नतीजों का एग्जिट पोल

### मोदी को बाहर कर कांग्रेस को जिताना है : खड़गे

**नयी दिल्ली/शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए आज कहा कि वह तानाशाह की तरह काम करते हैं और देश की जनता को उनकी तानाशाही से बचना है तो इंडिया गठबंधन को जिताकर उन्हें सत्ता से दूर रखना है। श्री खडगे ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा इंडिया गठबंधन जनता की अधिकारों की सुरक्षा की लड़ाई लड़ रहा है। श्री मोदी तानाशाही तरीके से शासन कर रहे हैं और उनको सबक सिखाना जरूरी है। श्री मोदी को इस चुनाव में सत्ता से दूर नहीं किया गया तो देश में तानाशाही आ जाएगी। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन जीतने वाला है।

## बीजापुर में 33 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान लगातार हो रही मुठभेड़ों में बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने से नक्सली संगठनों में भय का माहौल देखा जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप शनिवार को सीआरपीएफ डीआईजी एसके मिश्रा, बीजापुर के एसपी डॉ. जितेंद्र कुमार यादव एवं अन्य पुलिस के अधिकारियों के समक्ष दो महिला नक्सली सहित 33 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर दो-दो लाख और एक नक्सली पर एक लाख का इनाम घोषित था। बीजापुर के एसपी डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में राजू हेमला और सामो कर्मा नक्सलियों के पीएलजीए सदस्य थे।

## बीजेपी 400 पार नहीं, हार जाएगी 400 : अखिलेश

▸ मोदी ने अरबपति मित्रों के लिए सरकार चलाई : प्रियंका गांधी

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की आज गोरखपुर में जनसभा हुई। अखिलेश यादव और प्रियंका गांधी की जनसभा के दौरान भीड़ बेकाबू हो गई और सपा-कांग्रेस समर्थक मंच से नीचे गिर पड़े। इस दौरान रैली स्थल पर भगदड़ जैसा माहौल दिखा।

प्रियंका गांधी ने गोरखपुर की धरती से पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर प्रहार किया। प्रियंका गांधी ने कहा कि ये पवित्र धरती है। ये केंद्र और प्रदेश की सरकार किसके लिए चल रही है।



70 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। पीएम मोदी को बताएं कि अब समय आ गया है। बिहार में भाषण में ऐसे शब्द इस्तेमाल किया जो किसी देश के पीएम ने न किया होगा। कांग्रेस पार्टी की गारंटी है रोजगार और नौकरी, 8500 हर माह गरीब परिवार को मिलेगा। खेतों के मुआवजा का भुगतान दिलाएंगे। पढ़ाई के कर्ज माफ होगा। जनसभा में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा 10 साल से जिनकी सरकार चल रही है वो झूठे वादे कर रहे हैं। 400 पार नहीं 400 हार जाएंगे, 543 में बताओ कितनी 400 पार बन रही है। 143 नहीं जनता 140 के लिए भी तरसा देगी, गुस्सा बढ़ता जा रहा है। 7वें चरण में गुस्सा 7वें आसमान पर होगा, अखिलेश यादव ने कहा कि पुलिस भर्ती की नौकरी की परीक्षा का पेपर भी लीक हो गया। गरीब के घर पर बुलडोजर चला देते हैं। इस सरकार में पेपर लीक हुए नहीं है कराए गए हैं, जिससे नौजवानों को नौकरी न मिल पाए।

## मालीवाल केस : विभव ने अदालत में दायर की जमानत याचिका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार ने कथित स्वाति मालीवाल हमला मामले में जमानत के लिए दिल्ली की अदालत का रुख किया है। कुमार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद उनके वकीलों ने कल मामले का तत्काल सुनवाई के लिए उल्लेख किया था।

कोर्ट ने कुमार की जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया है और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। अब इस मामले की सुनवाई सोमवार को होगी। अधिवक्ता रजत भारद्वाज और करण शर्मा ने कुमार का प्रतिनिधित्व किया। कुमार को 28 मई को अदालत में पेश किया जाएगा। पहले उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। एफआईआर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की लिखित शिकायत पर दर्ज की गई थी। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। कल दिल्ली पुलिस ने कुमार के लिए चार दिन की न्यायिक हिरासत की मांग की थी। दिल्ली पुलिस ने आरोप लगाया कि कुमार जांच के दौरान हमेशा असहयोग करते रहे और सवालों के गोलमोल जवाब देते रहे। यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने जानबूझकर अपने मोबाइल फोन का पासवर्ड नहीं बताया, जो सच्चाई का पता लगाने के लिए जांच में एक महत्वपूर्ण जानकारी है।

जनसभा | सीएम योगी ने रविन्द्र कुशवाहा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा

## शरिया कानून का हिमायत करता है इंडिया गठबंधन

समृद्धि न्यूज

**बलिया।** इंडिया गठबंधन को शरीया कानून का पक्षधर बताते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस अगर सत्ता में आ गई तो तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से शुरू करा देगी।

मनियर इंटर कॉलेज ग्राउंड में सलेमपुर लोकसभा सीट के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशी रविन्द्र कुशवाहा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र साफ साफ कहता है कि वह भारत में पर्सनल लॉ को लागू करेगा। इसका



मतलब कि देश में शरिया कानून की इजाजत मिल जाएगी। इस तालिबानी कानून के चलते बेटियों को स्कूल जाने से वंचित कर दिया जाएगा और महिलाओं को बुर्के में घर में ही दुबकना पड़ेगा। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है, जिसके बाद महिलाओं को संसद में उचित भागीदारी प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार को लेकर उत्साह और उमंग है। चार जून के परिणाम अबकी बार 400 पार के संकल्प को पुख्ता करेंगे। इस चार सौ पार के स्वर को सुनकर सपा और कांग्रेस को चक्कर आने लगता है। वो चारो खाने चित हो जाते हैं। पूरे देश में जनता एक ही स्वर से कह रही है कि जो राम को लाएंगे हम उनको लाएंगे। उन्होंने कहा हमने बदलते हुए भारत देखा है। आपका वोट जब कमल पर चिह्न पर जाता है तो केंद्र में मोदी जी को और राज्य में मुझे ताकत मिलती है। आज भारत का सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हुआ है। जब केंद्र में कांग्रेस में और राज्य में सपा की सरकार थी तो रोज बम विस्फोट होते थे। देश का कोई कोना नहीं छूटा था जहां बम विस्फोट नहीं होता था। तब ये लोग सीमापार आतंकवाद का बहाना बनाते थे। वोट बैंक की राजनीति के चक्कर में आतंकवाद से निपटने में कोताही बरती जाती थी। आज तो जोर से पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है।

### सत्ता पाने के लिए झूठ का सहारा ले रहा इंडी गठबंधन

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग सत्ता पाने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। कहते हैं कि भाजपा संविधान बदल देगी जबकि इनका घोषणा पत्र कहता है कि सत्ता में आने के बाद ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को बांट देंगे, पर्सनल लॉ लागू करेंगे। एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है। हम आधी आबादी को सम्मान दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ तीन तलाक की कुप्रथा को कांग्रेस फिर से लागू करना चाहती है। यही नहीं ये कहते हैं कि सत्ता में आए तो अल्पसंख्यकों को उनकी रुचि के हिसाब से खाने की आजादी देंगे। इसका मतलब ये लोग गोकशी की छूट देना चाहते हैं। रामजन्म भूमि का जो पुण्य आपके साथ जुड़ा है उस पुण्य को गोकशी कराने वाले कांग्रेस और सपा को वोट देकर पाप के भागीदार न बने। योगी ने कहा कि हम एक तरफ राममंदिर बनाते हैं तो आजमगढ़ में महाराज सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय भी बनाते हैं।

# बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

आगामी 09 जून को सम्पन्न होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने शनिवार को सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि सम्बन्धित अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि बीएड प्रवेश परीक्षा 2024 पारदर्शी तरीके से पूर्णतः नकल विहीन सम्पन्न हो, किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो।




बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 के जनपद समन्वयक एवं जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ सीताराम सिंह ने बताया कि आगामी 09 जून 2024 को आयोजित होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में 1610 परीक्षार्थी शामिल होंगे, इसके लिये जिले में, जवाहरलाल नेहरु मेमोरियल पीजी कॉलेज, अजीमुद्दीन अशरफ़ इस्लामिया इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी तथा राजकीय इंटर कॉलेज बरौली जाटा परीक्षा केंद्र बनाए गए है।

उक्त केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। साथ ही परीक्षा को नकल विहीन एवं पारदर्शिता से कराने के लिये प्रत्येक केन्द्र पर 2-2 ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है और प्रत्येक दो परीक्षा केंद्र पर एक प्रतिनिधि भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेंगे। प्रत्येक सेंटर पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहेंगे। बीएड प्रवेश परीक्षा आगामी 9 जून को दो पालियों में प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित की जायेगी।

परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु आवश्यक सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इस अवसर पर एसडीएम नवाबगंज श्री विजय कुमार त्रिवेदी और जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओ पी त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## 31 लाख की मारफीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन मे अपराधियों एव तस्करो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे मसौली पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अंतराष्ट्रीय कीमत की करीब 31 लाख रुपये की मार्फीन बरामद की। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अगुवाई मे क्षेत्र मे चल रहे गस्त के दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली ने ग्राम टेरासानी मे साबिर की बाग़ के निकट से ग्राम सिकंदरपुर मजरे रहरामऊ थाना सफदरगंज निवासी गिरधारी उर्फ़ लाला पुत्र छोटेलाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे अवैध रूप से रखी 310 ग्राम मार्फीन बरामद की अभियुक्त के पास से बरामद मार्फिन की अंतराष्ट्रीय कीमत 31 लाख रुपये बतायी जा रही है पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

# अभियान चला कर चार डग्गा मार बसों को किया सीज

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस ने डग्गामार बस चालक व मालिक के खिलाफ चाबुक चलाकर बड़ी कार्यवाही की जिससे पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। मोहम्मदी से दिल्ली जाने दिल्ली एक डबल डेकर बस समेत मोहम्मदी से लखीमपुर को जाने वाली अन्य तीन डग्गा मार बसों को सीज किया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कहीं मोहम्मदी से तो कहीं मंगरेना से तो कहीं अजान से खुलेआम धड़ल्ले से डग्गा मारा डबल डेकर बस चल रही थी जिससे राजस्व विभाग को रोजाना लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा था। इतना ही नहीं यह बस चालक अपनी मनमर्जी से सवारियों से अवैध पैसे वसूलते थे। सवारियों को सवारी की बगैर मर्जी कहीं भी उतार देते थे। यदि सवारी उतरने से आना कानी करती तो उनके साथ यह गुंडागर्दी भी करते थे जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। मामले की जानकारी जब मोहम्मदी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को लगी तो कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने अपनी टीम के साथ डग्गा मार वाहनों के खिलाफ लगभग 4:00 से शाम 6:30 तक अभियान चलाकर बड़ी सफलता प्राप्त की।

छापेमारी टीम में पुलिस टीम कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह के साथ एस एस आई टीटूकुमार, एस एस आई देशराज, क्राइम इंस्पेक्टर रामकेवल तिवारी व पुलिस टीम मौजूद रही।

## खबरें एक नजर में

### चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** तीन दिन पूर्व कस्बा बांसा मे पड़ोसी की पुत्री से कर छेड़छाड़ का विरोध करने पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त को मसौली पुलिस ने गिरफ्तार कर अभियुक्त की निशानदेही पर चाकू बरामद किया है। बताते चले कि बीते गुरुवार को कस्बा बांसा मे एक नाबालिग किशोरी परचून की दुकान पर सामान लेने गयी थी तभी बांसा निवासी म0 जीशान पुत्र हाजीपाया किशोरी से छेड़खानी करने लगा पड़ोसी की नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ देख अफसार ने विरोध किया तो म0 जिशान ने अफसार पर ताबड़तोड़ चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। परिजन आनन फानन मे सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। किशोरी की माँ की तहरीर पर अभियुक्त जिशान के विरुद्ध मसौली पुलिस ने मुकदमा कर अभियुक्त की तलाश मे जुटी थी कि प्रभारी निरीक्षक अरुणप्रताप सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अभियुक्त जिशान राजकीय हाई स्कूल के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त की निशानदेही पर कर्बला के पास से चाकू बरामद कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** असंद्रा थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा हैदरगढ़ बाराबंकी मार्ग पर रसूलपुर चौराहे के निकट हुआ थाना क्षेत्र के बुद्ध का पुरवा (नेवाज नगर) मजरे मोतिकपुर निवासी सुखराम पुत्र जयराम शनिवार को भतीजे शेरबहादुर पुत्र रामकुमार को साथ लेकर बाइक से कोठी थाना क्षेत्र में स्थित अपनी रिश्तेदारी में गया था। वहां से वापस लौटते समय हैदरगढ़ बाराबंकी मार्ग पर रसूलपुर चौराहे के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर लोहे के डिवाइडर से टकरा गई। फलस्वरूप सुखराम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका भतीजा शेरबहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सीएचसी कोठी भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया हादसे के बाद से पीड़ित परिवारी जनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में चौकीदार की मौत

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बद्दूपुर थाना क्षेत्र मे एक चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई।चौकीदार का शव मैरिज लान मे टेंट के स्ट्रैचर से लटकता मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बद्दूपुर थाना क्षेत्र के कुड़ावा निवासी पवन वर्मा लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर स्थित एक मैरिज लान मे चौकीदारी का कार्य करते थे।शुक्रवार दोपहर घर से मैरिज लान के लिए बताकर निकले थे लेकिन देर शाम तक जब वह खाना खाने घर वापस नही लौटे तो परिजनों ने उनके फोन पर संपर्क किया।फ़ोन पर बात न हो पाने पर बड़े पुत्र इंदेश उन्हे बुलाने मैरिज लान पहुंच गया।जहां पर टेंट के स्ट्रैचर से पवन का शव लटकता देख बदहवास हो गया।घटना की जानकारी परिजनों को होने पर हड़कंप मच गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।थानाध्यक्ष ज्योति वर्मा ने बताया कि परिजनो ने कोई आरोप नही लगाया है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### तीन दिन से लापता किशोरी का शव मिलने से हड़कंप

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** लखीमपुर खीरी के निघासन इलाके के पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव मंझरा पूरब में संदिग्ध परिस्थितियों में तीन दिन से लापता एक किशोरी का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पढ़ुआ पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज कर आगे की जांच में जुट गई। पढ़ुआ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती जो तीन दिन से लापता थी, जिसका शव शनिवार की सुबह गांव के पश्चिम स्थित जौरहा नदी में संदिग्ध अवस्था में उतराता हुआ बरामद हुआ। शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पढ़ुआ इंस्पेक्टर हरिकेश राय दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया और आगे की जांच पड़ताल में जुट गए। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को नदी में फेंकने की आशंका जताई है। पढ़ुआ इंस्पेक्टर हरिकेश राय ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि परिजनों की डांट से छुब्ध होकर युवती घर से नाराज होकर चली गई थी जिसका शव गांव के पश्चिम जौरहा नदी से बरामद हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल की जा रही है।

### जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव रतनपुर में जमीन के विवाद को लेकर मारपीट में दोनों पक्षों की तरफ से कई लोग घायल हो गए । दोनों पक्षों की तरफ से इस संबंध में पुलिस में शिकायत की गई है जिसके आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार रतनपुर निवासी जैनम पुत्री यासीन ने पुलिस में शिकायत की है कि घटना 23 मई 2024 की सुबह लगभग 10 :00 बजे की विपक्षी रोशन पुत्र छेदालाल, सोनू ,धनंजय पुत्र रोशन लाल है ने मेरी जगह में लैट्रिन का पाइप डाल दिया। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से पीटा। बचाने आई मेरी मां शब्बो पत्नी यासीन को भी मारा। जबकि दूसरे पक्ष की तरफ से सोनू पुत्र रोशन लाल ने पुलिस में बताया कि मेरी जमीन के कब्जे को लेकर गुड्डू पुत्र लल्लू छब्बू पत्नी यासीन जन्म पुत्री यासीन ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से पीटा। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर एससी एसटी सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# पत्रकार प्रदीप राज के निधन से पत्रकारों में शोक की लहर

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



दुनिया से रुख्सत होने वाले शख्स को जब लोग याद करके गमगीन हों तो आप समझ सकते हैं कि समाज में उस शख्स ने कितना सम्मान कमाया होगा और समाज के लिए कितने सराहनीय कार्य किए होंगे....आज बाराबंकी जिला भी एक युवा पत्रकार की मौत से गमगीन हैं पूरा जिला उस होनहार पत्रकार के द्वारा किए गए कार्यों को याद कर रहा है....जी हाँ, दरियाबाद के रहने वाले युवा पत्रकार प्रदीप कुमार राज का हृदय गति रुकने से निधन हो गया...उनके निधन की जानकारी मिलते ही जिले के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ पत्रकार और हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार द्विवेदी ने कहा प्रदीप राज की मौत ने हमें एक महत्वपूर्ण सच्चाई को सामने लाने का मौका दिया है- जिंदगी की अनमोलता और उसकी अकल्पनीय मूल्य को समझना। मोहम्मद वसीक ने कहा उनकी यादों को समर्थन और सम्मान के साथ जिंदा रखना हमारा कर्तव्य है, और हमें उनके कार्यों का आदर्श लेकर आगे बढ़ना चाहिए। प्रेस फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार हशमतुल्लाह ने कहा प्रदीप राज की मौत एक चेतावनी भी है कि हमें अपनी सेहत और कुशलता की प्राथमिकता देनी चाहिए, और जीवन को संवेदनशीलता और साहस के साथ जीना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार संतोष शुक्ल ने कहा उनकी यादों को समर्थन और सम्मान के साथ जिन्दा रखना हम सभी का कर्तव्य है। सदाचारी लाला उमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा हमें उनकी यादों को समर्थन और सम्मान के साथ जिन्दा रखना हमारा कर्तव्य है, और हमें उनके प्रेरणास्त्रोत को निरंतर जीवित रखने का संकल्प लेना चाहिए।

## हरे भरे पेड़ों को काटने वालो के विरुद्ध हुई कड़ी कार्यवाई

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत लालपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के पीछे काटे जा रहे जामुन के हरे भरे तीन पेड़ों की सूचना पर पहुंचे वन क्षेत्रधिकारी द्वारा कठोर कार्यवाही की गई है। विभाग द्वारा की गई कठोर कार्यवाही से वन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी शिवकुमार पांडे द्वारा विद्यालय के पीछे स्थित जामुन के तीन हरे भरे पेड़ वन माफिया के हाथ बेच दिए गए । जिसके बाद वन माफिया द्वारा इन हरे भरे वृक्षों पर आरा चला दिया गया। जिसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार तिवारी को मिल गई। सूचना मिलते ही दल बल के साथ उन्होंने छापा मार दिया। श्री तिवारी ने बताया कि इस मामले में काश्तकार शिवकुमार पांडे के अलावा ठेकेदार कोतवाली क्षेत्र के बसवा गांव निवासी श्याम बहादुर पर जुर्माना लगाया गया है और इस मामले में उत्तर प्रदेश ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 , 3/28 के तहत मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है।

## मारफीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने 1 मादक पदार्थ तस्कर, हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 65 ग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 07 लाख रूपये) बरामद की है।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद मे मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान मे प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व मे उप निरीक्षक अजीजुल हसन, अजय कुमार यादव,हेड कांस्टेबल श्याम सिंह, कांस्टेबल नीलेश कुमार की थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर अभियुक्त रोशन वर्मा पुत्र ननकऊ राम निवासी ग्राम ढखौली थाना फतेहपुर को बेलहरा रोड़ नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के कब्जे से 65 ग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 07 लाख रूपये) बरामद किया गया।अभियुक्त के विरुद्ध थाना फतेहपुर पर मुअसं 408/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।अभियुक्त उपरोक्त थाना फतेहपुर का हिस्ट्रीशीटर (नंबर-36J) है।

# विवाहिता की मौत के 36 घंटे बाद सीओ के समझाने पर अंतिम संस्कार को राजी हुए परिजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के निघासन इलाके के पढ़ुआ थाना क्षेत्र के डंडूरी गांव में शुक्रवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी, सूचना पर पहुंची पढ़ुआ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था जिसमे पढ़ुआ पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवाहिता के पति धर्मेंद्र सिंह सहित ससुर गुरपाल सिंह को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

शुक्रवार शाम को विवाहिता का शव पोस्टमार्टम के बाद विवाहिता के मायके पहुंच गया, जहां परिजन शनिवार को मृत्यु के 36 घंटे बाद भी अंतिम संस्कार करने से इंकार करते रहे और विवाहिता के जेठ जसविंदर सिंह जेठानी रमनदीप कौर को



गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहे।

सूचना मिलते ही निघासन सीओ प्रवीन कुमार पढ़ुआ इंस्पेक्टर हरिकेश राय के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए और मौका मुआयना कर पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि पुलिस पीड़ित परिवार के साथ है। यदि किसी प्रकार की कोई समस्या आती है तो पीड़ित 24 घंटे हमसे संपर्क कर सकता है। सीओ प्रवीण कुमार के आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए।

# बूढ़े बाबा की दरगाह पर लगने वाला मेला 29 से शुरू होगा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा सतरिख स्थित राष्ट्रीय एकता एवं सौहार्द की प्रतीक सबसे प्रचीनतम दरगाह शरीफ हज़रत सैयद सालार साहू गाज़ी (रह.) ''बूढ़े बाबा'' स्थिति कस्बा सतरिख जेष्ठ माह का पांच दिवसीय उर्स,मेला बड़े मंगल के बाद बुद्धवार दिनाँक 29 मई 2024 से 2 जून 2024 तक अपने पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ सांस्कृतिक सामाजिक धार्मिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ बड़े हर्षो-ओ-उल्लास से साथ संपन्न होगा।इस उर्स,मेले में प्रत्येक धर्म एव समुदाय के श्रद्धालु दूर दराज से भारी संख्या में बाबा के आस्ताने पर आकर अपनी अटूट आस्था वयक्त करते हुवे श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं तथा फूलों की डाली के साथ चादर-गागर पेश करते हैं और एक साथ मिल कर मुल्क के अम्न चौन की दुआएं करते हैं और हिन्दू भाई अपने बच्चों के मुण्डन संस्कार बड़े धूम धाम से कराते हैंए मन्नतें पूरी होने पर निशान भी खड़ा करते हैं। इसके अतिरिक्त सूफियाना कव्वाली के साथ निरंतर यह सिलसिला जारी रहता है।प्रबन्ध कमेटी के जनरल सेक्रेटरी चौधरी कलीम उद्दीन उस्मानी ने बताया कि आने वाले जायरीनों (श्रद्धालुओं) के लिये रौशनी, पानी, सफाई आदि की सुचारू सुविधा एवं व्यवस्था के लिये मेला प्रभारी सरफराज़ अहमद खान के साथ चौधरी फरज़ान उस्मानी, असगर अली अंसारी, फौज़ान उस्मानी, सुंदरलाल गौतम, राम सिंह, रामू यादव, सद्दाम हुसैन,मोहम्मद राशिद उर्फ पप्पू मियां, जुनैद सौलंकी, मो रेहान, कन्धाईलाल, राशिद हुसैन, मो तुफैल, विशम्भर यादव आदि लोगो की एक टीम गठित कर दी गई है।श्री उस्मानी ने बताया कि मेले की सुव्यवस्था एवं जनसामान्य के लिये जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के अधिकारियों के सहयोग से रोशनी पानी सफाई चिकित्सा सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सभी प्रबंध किए जाते हैं।

## दादा मियां के उर्स पर लगने वाले मेले की तैयारियां पूरी

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला बडापूरा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हज़रत इब्राहीम शाह दादा मियां के उर्स के मौके पर लगने वाले मेले का आगाज को लेकर तैयारिया जोरो पर है। जिसमे छोटे बड़े झूले हिंडोलन के लगने से एक अलग माहौल बन चुका है।जानकारी के अनुसार जैदपुर के मोहल्ला बडापुरा में हज़रत मियां इब्राहीम शाह दादा मियां के उर्स के अवसर लगने वाले भव्य मेले की शुरुआत हो चुकी है और आस पास सहित दूर दराज से आने वाली दुकानों को भी सजाने का काम युद्धस्तर पर जारी है।मेले मे झूला,ब्रेक डांस,रेल सहित विभिन्न प्रकार के मंनोरंजन हेतु हिंडोलन भी लग गये है। वहीं इस मेले मे.आल इंडिया मुशायरा व कव्वाली के आयोजन के होने से दूर दूर के भारी संख्या में लोगों की आमद से चार चांद लग जाता है।खास बात यह है यहां के हल्वे पराठे के जायके में तमाम खुबियां देखने को मिलती है।लगातार भीड़ भाड़ बनी रहती है। वही मेले मे चाट, इमरती, केक, पापड, जलेबी, चाउमीन, कप ट्रे, चूड़ी बिसातखाना, खिलौने, मेकअप, मिठाई सहित तमाम दुकानों के लगने से बच्चों में काफी खुशी का माहोल बना हुआ है।



# बेटे से मार खाकर घायल बुजुर्ग की तहरीर पर पुलिस ने की खानापूर्ति

> मारपीट में घायल बुजुर्ग ने हल्का दरोगा पर एसओ से न मिलने और अभद्रता करने का लगाया आरोप

**फरधान, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव गुठनाबुजुर्ग का दस दिनों से मारपीट में घायल बुजुर्ग रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भटक रहा। शोसल मीडिया और ट्विट होने पर वायरल होने के बाद पुलिस ने एनसीआर दर्जकर खानापूर्ति की है। पीड़ित ने एसपी को शिकायत पत्र देकर हल्का दरोगा राजेंद्र यादव पर अभद्रता करते हुए थाने से भगा देने का भी आरोप लगाया है।

फरधान थाना अंतर्गत गुठनाबुजुर्ग में 15 मई को खेमकरन को उनके पुत्र



सुशील कुमार, विकास और नीलम ने घरेलू विवाद को लेकर मारापीटा था। मारपीट में 60 वर्षीय खेमकरन और अनूप कुमार को चोटे लगी थी। उसी दिन से घायल हुए बाप बेटे थाने चक्कर काटते रहे पुलिस ने एक न सुनी। पीड़ित ने 17 मई को एसपी को शिकायत पत्र देकर बताया कि फरधान थाने में गए तो हल्का दरोगा राजेंद्र यादव ने कोई भी कार्यवाही करने से मना कर दिया और उन्हें एसओ से भी नहीं मिलने दिया गया। हल्का दरोगा थाने में अभद्रता करते हुए भगाने का भी आरोप लगाया है। आरोप है कि पीड़ित दो दिन थाने गया एसओ एक बार भी जनसुनवाई करते हुए नहीं मिले और अन्य पुलिस कर्मियों ने शिकायत सुनी नहीं।पीड़ित ने बताया कि मारपीट में उसका सर फूट गया और कंधे में गंभीर चोट लग गयी और इनके बेटे अनूप कुमार 32 वर्ष के हाथ में डंडा लगने से चोट लगी थी। दोनों घायलों को एम्बुलेंस सीएचसी फरधान लाया गया था। पुलिस केस कि वजह अस्पताल से भी थाने भेजा गया था। थाने में सुनवाई न होने पर विवश होकर पीड़ित ने एसपी खीरी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई तो वहां से पीड़ित के सामने थाना फरधान फ़ोन कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए और पीड़ित को फिर थाने भेज दिया। पीड़ित सर पर पट्टी बांधे हुए अगले दिन जब फिर बाप बेटे थाने आये और शिकायत दर्ज कराने को कहा। एसपी

> एसओ कौशल किशोर ने बताया पीड़ित कल हमसे मिला था तब मुझे जानकारी हुई। एनसी आर दर्ज कर दोनों घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है। हल्का दरोगा ने मुझसे क्यों नहीं मिलने दिया इसके बारे में जानकारी नहीं है।

के यहां से आश्वाशन मिलने के बाद थाने आने पर पीड़ित बाप बेटे को हल्का दरोगा राजेंद्र यादव ने आग बबूला हो गए। आरोप है कि फिर से डांट डपटकर अभद्रता करते हुए भगा दिया और कहा तुम कप्तान के यहां जाओ या कहीं भी जाओ तुम्हारी रिपोर्ट नहीं लिखी जाएगी। पीड़ित बताता है कि वह चार बार थाने आया, एसओ फरधान कौशल किशोर थाने जनसुनवाई करते हुए एक बार भी नहीं मिले जब पीड़ित ने एसओ से मिलने की कोशिश की हल्का दरोगा राजेंद्र यादव ने एसओ से मिलने नहीं दिया।

# ग्राम पंचायत उमरा के ग्रामीणों ने प्रधान पर लगाएं भ्रष्टाचार के आरोप

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक निघासन की ग्राम पंचायत उमरा में ग्रामीणों ने प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि पर इंटरलॉकिंग कॉलोनी मनरेगा में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। बजेडिहा निवासी , राकेश वर्मा ने बताया कि हमारे गांव के में इंटरलॉकिंग का निर्माण हो रहा है जिसमें रोड़ा नहीं डाला सिर्फ बालू डालकर बनाया जा रहा है और कुओ पर जाल नहीं डाला गया है जिससे छोटे बच्चों को गिरने का डर बना रहता हैं। वही सूरत नगर निवासी विकलांग अमेरिका प्रसाद ने बताया की हमको सरकारी लाभ नहीं मिला न हमारे पास राशन कार्ड है न हमको शौचालय मिला जबकि हम हमारी पत्नी दोनों लोग विकलांग है। बजेडिहा निवासी अवध राम ने बताया की हमरा घर छप्पर का



है। मैंने प्रधान से कहा की कॉलोनी दे दो उन्होंने फोटो खीचा कागज लिया और एक हजार रुपये लिए उसके बाद भी आज तक कालोनी नही दिया जबकि गांव में जिनके पास मकान बने हुए है उनको आवास दिए गये है। इससे नाराज होकर, ग्रामीण राकेश वर्मा विमलेश राजा बाबू धर्मपाल छंगालाल शिवकुमार सफीक अहमद ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर एस डी एम निघासन, मुख्य विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र, डाक द्वारा भेजकर करवाई की मांग की है।


# साहब मैं तो जीवित हूँ, कैसे हो गयी मेरी वरासत

> पीड़ित ने लेखपाल पर लगाया फर्जी दस्तावेज बनवाकर धोखाधड़ी करने का आरोप

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील पलिया के ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत भानपुर निवासी एक किसान की जमीन लेखपाल और तहसील प्रशासन की मिलीभगत से धोखाधड़ी कर तीन अनजान लोगो के नाम कर दी जिसमे एक पुरुष व दो महिलाएं शामिल है।

आए दिन राजस्व संबंधित कोई न कोई मामला जिले में देखने को मिलता



है और समाचार पत्रों में प्रकाशित भी होते रहते है,जमीन संबंधित अधिक मामले तराई क्षेत्र के ही होते है।


ऐसा ही एक ताजा मामला तहसील पलिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत भानपुर का प्रकाश में आया है।कन्नापुर गांव निवासी रामसरूप पुत्र मुरली का आरोप है क्षेत्रीय लेखपाल गोपाल राणा हमारी भूमि को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बिना जाँच किये धोखाधड़ी

> मृतक की वरासत का आवेदन जनसेवा के माध्यम से आनलाइन प्राप्त हुआ था जिसकी जाँच मेरे द्वारा की गयी थी कन्नापुर निवासी रामस्वरूप की भूमि त्रुटि से वरासत चढ़ गयी है जो सही करवा दी जायेगी।
> *गोपाल राणा, क्षेत्रीय लेखपाल*

कर हमारी जमीन दूसरे अनजान लोगो के नाम कर दी है। भानपुर पंचायत निवासी उक्त किसान की भूमि राजस्व ग्राम शाहपुर परगना भूड़ तहसील पलिया के अंतर्गत आती है। उक्त किसान के नाम करीब तीन एकड़ भूमि थी जो अपनी जमीन बटाई पर कई वर्षो से अन्य किसान को दे रखा था। जो कई वर्षो से फसल बुआई करके हिस्से की फसल खेत मालिक को देता था। पीड़ित किसान ने बताया वर्तमान मे बाजरे की फसल खड़ी थी जिसे संतोष पुत्र शत्रोहन निवासी पतवारा ने पलट दिया। जब भूस्वामी किसान ने फसल पलटने का कारण पूछा तो संतोष ने बताया की मुझे ये खेत पटवारी साहब ने पैमाइस करके दिया है और उन्होंने ही फसल पलट कर कब्जा करने को कहा था इसके उपरांत जब भूस्वामी ने क्षेत्रीय लेखपाल गोपाल राणा से इस संबंध में पूछा तो लेखपाल साहब ने बताया की अब कोई भूमि तुम्हारी नहीं है वरासत के आधार पर तुम्हारी जमीन जिन लोगों के नाम चली गयी थी उन्होंने कब्जा कर लिया है अब तुम्हारा कुछ नहीं है। ऐसे में भूस्वामी खुद को जिंदा साबित करने और अपनी संपत्ति को बचाने के लिए दर दर भटकने को मजबूर है।

## मिष्ठान भंडार में अज्ञात कारणों के चलते लगी अचानक आग, मची अफरा तफरी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




लखीमपुर खीरी के पढ़ुआ थाना क्षेत्र के ढखेरवा चौराहे पर स्थित कलकत्ता मिष्ठान भंडार में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पर चौराहे पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर निघासन से पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक मिठाई की दुकान सहित दुकान के बाहर खड़ी एक मोटर साइकिल जलकर राख हो गई। होटल स्वामी देवाशीष बंगाली ने अज्ञात लोगों पर रंजिशन होटल में आग लगाने का आरोप लगाया है।

# धूम धाम से मनाया कुत्ते का जन्मदिन, ग्रामीणों ने उड़ाई दावत रात्रि में नाची नृर्तकिया

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम गोंधिया में एक अजीबोगरीब मामला प्रकाश में आया है जहां पर कुत्ते के मालिक ने अपने पालतू कुत्ते का जन्मदिन मनाकर सेलिब्रेट किया है।

गोंधिया निवासी गुड्डु गौतम ने अपने पालतू कुत्ते (काजू) का जन्मदिन धूमधाम से मनाया है। इस मौके पर जहां ग्रामीणों को दावत दी है वही डीजे लगाकर नाच गाना भी कराया गया। ऐसा नहीं है की गुड्डु के कोई अपनी औलाद नहीं है गुड्डु के कई बच्चे होने के बाद भी उन्होंने अपने पालतू कुत्ते को भी अपने



बच्चों की तरह पाला है इसलिए पहले उसका नामकरण कराया उसके बाद शुक्रवार 24 मई को धूमधाम से जन्मदिन भी मनाया है जिसमें ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया है जिसकी चर्चा गांव में ही नहीं आस पड़ोस के कई गांवों में भी चल रही है। लोग कहानी सुना सुना कर टहाके लगा रहे हैं। लोगो ने बताया ये कुत्ता कोई स्पेशल नहीं गांव से ही एक देसी पिल्ले को गुड्डु ने पाला था जिसका धूमधाम से जन्मदिन मनाया। वहीं गुड्डु की महानता को देखकर उसे धन्यवाद भी दे रहे हैं।

# अल्पसंख्यक कॉलेजों में परीक्षा से चुने जाएंगे प्राचार्य

**शिक्षा सेवा चयन आयोग करेगा भर्ती, पहले मैनेजमेंट करता था चयन**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कॉलेजों के प्राचार्य के पदों पर परीक्षा के माध्यम से भर्ती होगी और भर्ती की जिम्मेदारी शिक्षा सेवा चयन आयोग के पास होगी।पहले प्रबंधन के माध्यम से नियुक्ति की जाती थी। अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में परीक्षा और इंटरव्यू के माध्यम से ही प्राचार्य के पद पर भर्ती होती है।इससे पूर्व विज्ञापन संख्या-49 के तहत वर्ष 2019 में अशासकीय महाविद्यालयों में प्राचार्य



के 290 पदों पर भर्ती आई थी और वर्ष 2020-21 में इस भर्ती के चयनितों को नियुक्ति मिली थी।इस वजह से अशासकीय महाविद्यालयों में प्राचार्य के तकरीबन 60 पद खाली हैं। प्रदेश में 310 अशासकीय महाविद्यालय और 21 अल्पसंख्यक महाविद्यालय हैं। नई व्यवस्था के तहत उच्च शिक्षा निदेशालय अब 331 महाविद्यालयों में प्राचार्य के रिक्त पदों का अधियाचन शिक्षा सेवा चयन आयोग को भेजेगा और आयोग अधियाचन के आधार भर्ती करेगा। अल्पसंख्यक महाविद्यालयों में भी लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर प्राचार्य के पदों पर भर्ती की जाएगी। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। चार जून को लोकसभा चुनाव के तहत मतगणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आयोग नई भर्तियों पर भी काम शुरू कर देगा। प्राचार्य के पद पर पांच साल से कोई नहीं भर्ती नहीं हुई है। ऐसे में आयोग इस भर्ती को प्राथमिकता दे सकता है।

### अगले वर्ष तक 80 प्रतिशत विद्यालयों को बनाएंगे निपुण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** परिषदीय स्कूलों में कक्षा तीन से छह तक के विद्यार्थियों को भाषा व गणित में दक्ष बनाने के लिए निपुण भारत मिशन चलाया जा रहा है। प्रदेश में 1.34 लाख परिषदीय स्कूल हैं और इन्हें निपुण विद्यालय बनाया जाना है। केंद्र ने स्कूलों को वर्ष 2026-27 तक निपुण बनाने का लक्ष्य दिया है। उत्तर प्रदेश ने इसे पूरा करने के लिए कमर कस ली है। अगले वर्ष तक 80 प्रतिशत विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि परिषदीय स्कूलों में निपुण मूल्यांकन टेस्ट अक्टूबर व दिसंबर और फरवरी 2025 में किया जाएगा। अभी विद्यालयों में छात्रों की 60 परसेंट तक औसत उपस्थिति रहती है और इसे बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया जाएगा। डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन यानि डीएलएड के प्रशिक्षुओं के माध्यम से विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। जिन 80 परसेंट स्कूलों को अगले वर्ष तक निपुण बनाया जाना है उन्हें तीन वर्गों में बांटकर मूल्यांकन किया जाएगा। बाकी 20 परसेंट स्कूल 2026 तक निपुण बनाए जाएंगे। शिक्षकों को कमजोर विद्यार्थियों को अलग से कक्षाएं भाषा व गणित का ज्ञान देने के निर्देश हैं। विद्यालय संकुल स्तर पर निगरानी की जा रही है।

# पीएम मोदी के पिछले दस वर्षों का ट्रैक रिकार्ड है जनता के सामने : सिद्धार्थ नाथ सिंह

समृद्धि न्यूज

**जनता देश के विकास पर कर रही वोट**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि इस चुनाव में सबसे बड़ा फैक्टर प्रधानमंत्री मोदी हैं। जनता यह देखकर वोट कर रही है कि कौन देश का विकास कर सकता है। पीएम मोदी का पिछले 10 सालों का ट्रैक रिकॉर्ड जनता के सामने है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी और एनडीए का जो परफॉर्मेंस है उसका कोई मुकाबला नहीं है। देश की जनता मोदीजी के विजन के साथ जुड़ गई है और इस चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा पीएम मोदी के लीडरशिप को लेकर है। छठे चरण के चुनाव को लेकर शनिवार को मीडिया से रूबरू होते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं शहर पश्चिमी बीजेपी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि जनता में मतदान को लेकर खासा उत्साह है। उन्होंने दावा किया है कि भाजपा गठबंधन 2019 से ज्यादा सीटें 2024 के चुनाव में जीतने जा रहा है। 2024 तक भारत में गरीबों की योजनाओं से लोगों को लाभ मिला है, आईटी सेक्टर में क्रांति आई है, डिफेंस सेक्टर में, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में और अन्य योजनाओं के कारण भारत में एक नया प्लेटफॉर्म बना है। जो 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाएगा। विश्व के बड़े देश अमेरिका, चाइना, रसिया आदि जो भारत की ओर देख रहा है। यह चुनाव उस पार्टी और लीडरशिप चुनने का है। जिससे एक मजबूत राष्ट्र और विकसित भारत बनेगा। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि 2017 में भी दो लड़कों की जोड़ी लड़ने आई थी। जो चुनाव में पिट गयी थी। फिर से उन्हें शौक लगा, भाजपा को एतराज नहीं फिर से हराने में। 2024 चुनाव में फिर पिटने आ गए दोनों लड़के। उन्हें अपनी हार दिख रही है। 2019 में पाकिस्तान ने आतंकवाद के जरिए भारत में अस्थिरता करने का प्रयास किया था।

## खबरें एक नजर में

### अद्वितीय ने की शानदार बल्लेबाजी, द क्रिएटर्स ने जीता मैच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एस.एम.आर. क्रिकेट कप अंडर-16 टूर्नामेंट के लीग मैच में द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने ट्रंप स्टारलेट क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हरा दिया। इस मैच में द क्रिएटर्स के अद्वितीय शुक्ला ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए आठ चौका और एक छक्का की मदद से 20 बाल पर 42 रन बनाये।ट्रम्प की पूरी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गयी। सलामी बल्लेबाज रुदांश शून्य पर ही पवेलियन लौट गये। वहीं अपनी टीम में सबसे ज्यादा अमन वर्मा ने 34 रन का योगदान दिया। वहीं तनिष्क ने 15 रन बनाये। ऋषभ ने 12 रन का योगदान दिया। वहीं द क्रिएटर्स की टीम ने चार विकेट गवांकर 102 रन बना लिये और मैच को छह विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज सुंदरम ने 20 रन बनाये। वहीं अद्वितीय ने 42 रन का योगदान दिया। फिरोज ने 19 रन बनाये और अंत तक क्रीज पर जमे रहे।

### कर्मचारी चयन आयोग जून में करायेगा तीन भर्ती परीक्षाएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कर्मचारी चयन आयोग यानि एसएससी की ओर से जून में तीन भर्ती परीक्षाएं कराई जाएंगी। तैयारी शुरू है। चुनाव परिणाम आने के अगले दिन से ही जूनियर इंजीनियर भर्ती की परीक्षा शुरू हो जाएगी। इसका प्रवेश पत्र अगले सप्ताह जारी कर दिया जाएगा। इसके अलावा दो अन्य परीक्षाओं का प्रवेश पत्र कुछ दिनों बाद जारी होगा। यह परीक्षाएं ऑनलाइन होंगी और केंद्रों का चयन किया जा रहा है। केंद्र सरकार के विभागों में जूनियर इंजीनियर के 968 पदों पर भर्ती का विज्ञापन 28 मार्च 2024 को जारी किया गया था। इन पदों के लिए 18 अप्रैल तक आवेदन लिया गया था। सेलेक्शन पोस्ट-12 की भर्ती का विज्ञापन 26 फरवरी को जारी किया गया था। इस भर्ती के जरिये केंद्र के विभागों में हाईस्कूल से लेकर ग्रेजुएट तक के 2049 पदों पर चयन होगा।सेंट्रल आई पुलिस बल यानि सीएपीएफऔर दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के 4187 पदों की भर्ती का विज्ञापन चार मार्च 2024 को आया था।

### माध्यमिक विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था का होगा आंकलन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर न्यायालय के निर्देश पर विभाग ने कवायद तेज कर दी है। विभाग ने डीआईओएस से जिला स्तर पर स्कूल प्रबंधक, प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर इसकी न्यायालय के आदेश समीक्षा करने पर माध्यमिक शिक्षा में कवायद तेज करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने कहा है कि इन बैठक के जरिये विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था का आकलन किया जाए। गैर संरचनात्मक सुरक्षा उपाय के तहत विद्यालयों के फर्नीचर, अलमारी, ब्लैक बोर्ड, सीलिंग फैन आदि के गिरने की आशंका न रहे, इसके लिए जरूरी निरीक्षण कर लिया जाए।प्रयोगशाला में रखे रसायन व अन्य ज्वलनशील पदार्थ का रखरखाव ठीक से किया जाए। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने इसके लिए पूर्व में हुई बैठक के अनुसार एक प्रारूप जारी करते हुए सभी जिलों से सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी जानकारी भी मांगी है।

### गर्मी व धूप से सड़कों पर सन्नाटा, और बढ़ेगा शहर का तापमान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में गर्मी और धूप से लोग परेशान दिखे। दिन भर सड़कों पर तेज धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा रहा। शाम 4 बजे के बाद लोगों की आवाजाही में तेजी दिखी। बिजली कटौती ने भी लोग परेशान रहे। शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 41 डिग्री पार कर गया। मौसम विभाग ने बताया कि शहर में गर्म हवाओं से लू का असर बना रहेगा। इस दौरान वार्म नाइट के चलते लोगों को परेशानी होगी। इससे पहले शुक्रवार को दिन में शहर का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं रात का न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री रहा, यह सामान्य न्यूनतम तापमान से 3.1 डिग्री अधिक रहा। 25 मई यानि शनिवार से नौतपा की शुरुआत हुई। पहला दिन ही काफी गर्म रहा। नौतपा 2 जून तक रहेगा। इसका असर वेस्ट यूपी में ज्यादा दिखेगा। नौतपा में दिन का तापमान 48 डिग्री। वहीं रात का तापमान 35 डिग्री के ऊपर बना रहेगा। सुबह 10 बजे से ही भीषण गर्मी का एहसास होने लगेगा। अगले 9 दिन यानी 2 जून तक भीषण गर्मी पड़ेगी। ज्योतिष के हिसाब से सूर्य कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तब से नौ दिन तक नौतपा होता है।

### हादसे में शख्स की मौत, वाहन चालक की तलाश में जुटी पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब क्षेत्र के इटौंजा में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए साइकिल सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। इटौंजा पुलिस ने शनिवार दोपहर हुई इस घटना की सूचना परिजनों को दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखनऊ सीतापुर रोड पर चांदपुर खानीपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से पास के रामसागर मिश्र सौ शैय्या संयुक्त अस्पताल ले आई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सिताब राय श्रीवास्तव (55) इटौंजा के राजपुर गांव का रहने वाला था। जोकि अपने दो बेटों और पत्नी के साथ रहते थे। मृतक सेल्समैन का काम करता था। इटौंजा पुलिस दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश में सीसीटीवी फुटेज निकाल कर कार्रवाई करने में लगी हुई है।

### पीआरवी ने आत्महत्या करने जा रहे युवक को बचाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ कमिश्नर एस0बी0 शिरडकर दिशा निर्देश द्वारा थाना ठाकुरगंज की पीआरवी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए, आत्महत्या करने जा रहे व्यक्ति को सकुशल बचाया, पुलिस उपायुक्त, ने पुलिस कर्मियों को 5000 हजार रुपए का इनाम देने का घोषित किया गया, इस क्रम (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियो को धरपकड़ कर रही हैं, थाना ठाकुरगंज निरीक्षक श्रीकांत राय, के नेतृत्व में पुलिस टीम को सफलता प्राप्त हुई।

**मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा प्रत्याशी महेन्द्रनाथ पांडेय के पक्ष में की जनसभा, कहा**

# भारत में नहीं लागू होगा शरिया कानून

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/चंदौली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत करने वाले कांग्रेस को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि यह कहते हैं कि सत्ता में आने पर पर्सनल लॉ लागू करेंगे यानी भारत के अंदर तालिबानी शासन लगाएंगे। उनकी सरकार बनीं तो कानून बदल देंगे। मुसलमानों को आरक्षण देंगे। पिछड़ी, अनुसूचित जाति व जनजाति का आरक्षण काटकर देंगे। भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण लागू नहीं होने देगी। हम भारत के अंदर शरिया कानून लागू नहीं होने देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव में चंदौली सीट से भाजपा प्रत्याशी केन्द्रीय मंत्री डॉ महेन्द्रनाथ पांडेय के समर्थन में जिला मुख्यालय स्थित महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। चुनावी जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ को देख



उत्साहित मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को इंडी गठबंधन के नेताओं ने क्षति पहुंचाई है। धर्म के आधार पर आरक्षण देने के कारण ही देश का बंटवारा हुआ। कांग्रेस सपा की सरकार बनी तो इसी तरह का एक और और बंटवारा हो सकता है। इंडी गठबंधन जनता को गुमराह कर रहा है कि देश में एनडीए सरकार आएगी तो संविधान बदल देंगे, लेकिन जनता इनके झूठ को समझ गयी है। जनता अच्छी तरह से जानती है कि मोदी सरकार ने ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सम्मान किया है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बाबा साहब के पंच तीर्थ बनाए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री और लोकसभा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चंदौली विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज सबसे अधिक वॉटर वे का लाभ चंदौलीवासियों को ही मिल रहा है। वहीं विरासत का सम्मान भी हो रहा है। यहां पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर बना स्मारक इसका जीता जागता उदाहरण है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम के साथ ही भगवान मारकंडेय धाम का सुंदरीकरण सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

### कांग्रेस-सपा को वोट देकर न बनें पाप के भागीदार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में एक भी आतंकी वारदात नहीं हुई है। आज तो पटाखा भी जोर से फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। हम एक नये भारत का दर्शन कर रहे हैं, जिसमें दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद-नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश लगा है। वहीं इंडी गठबंधन देश को दोबारा गर्त में धकेलना चाहता है। विरोधी दलों पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव ने प्रदेश में सरकार बनते ही आतंकवादियों का मुकदमा वापस लिया था। सपा आतंकवादी एवं नक्सलियों की पोषक हैं। ये अपराधियों व माफियाओं को संरक्षण देते हैं । और मैंने तो उनका राम नाम सत्य कर दिया। देश से आतंकवाद व नक्सलवाद समाप्त हो गया है। समाजवादी पार्टी को रामद्रोही करार कर मुख्यमंत्री ने कहा कि राम जन्मभूमि व श्री संकट मोचन मंदिर पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमें अखिलेश यादव ने वापस लिए थे। रामलला को 500 वर्ष बाद विराजमान कर दे, वही रामभक्त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परम रामभक्त हैं। उनके नेतृत्व में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ। अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि तीन चरणों में देश में लहर चल रही थी। वह अब मोदी की सुनामी बन चुकी है। लोगों के मन में एक ही नारा गूंज रहा है। एक बार फिर मोदी सरकार,अबकी बार 400 पार। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय के 10 वर्षों के कार्यकाल की पुस्तिका का भी विमोचन किया।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयोग के नियमों का हो रहा पालन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जाँच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 24 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये।

4765 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,18,785 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 26,67,134 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 9985 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10132 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक व 595 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5187 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 188 केन्द्रों को सीज किया गया। 24 मई को पुलिस विभाग द्वारा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 7645 लोगों को पाबन्द किया गया।

### उड़नदस्तों ने पकड़ी भारी मात्रा में अवैध शराब, नकदी

**लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 24 मई तक49722.02 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 9194.44 लाख रुपये नकद धनराशि, 5571.02 लाख रुपये कीमत की शराब, 23921.80 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2618.46 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5605.35 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2810.95 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

# सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा के घर पुलिस का छापा, किया नजरबंद

समृद्धि न्यूज

**बीजेपी ईमानदार नेता की छवि को कर रही खराब : अखिलेश**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने छठे चरण की वोटिंग के बीच अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा के घर छापेमारी कर उन्हें नजरबंद करने का आरोप लगाया है। सियासत गरमा गई है। सपा अध्यक्ष लालजी वर्मा के घर का वीडियो शेयर किया जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस की टीम दिखाई दे रही है।

अखिलेश यादव ने इस वीडियो को शेयर करते हुए बीजेपी पर निशाना साधा और इसे हार की हताशा बताया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ईमानदार छवि के नेता की छवि को खराब करने की कोशिश कर रही है वीडियो में सपा प्रत्याशी पुलिस कर्मियों से बहस करते हुए नजर आ रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा, सपा के जीत रहे अंबेडकरनगर प्रत्याशी लालजी वर्मा के घर पर पुलिस भेजकर छापा मारा गया लेकिन पुलिस को न कुछ मिलना था, न कुछ मिला। ये लालजी वर्मा की ईमानदार छवि को धूमिल करने का कुकृत्य है, घोर निंदनीय! ये हारती हुई भाजपा की हताशा है। वीडियो में एक शख्स ये कहता दिख रहा है कि पुलिस वाले दीवार कूदकर घर में घुसे हैं। सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा ने प्रशासनिक अमले पर उन्हें परेशान करने का आरोप लगाया और कहा, इसका जवाब लोग अपने वोट से देंगे। लालजी वर्मा ने कहा, अंबेडकरनगर का पूरा प्रशासनिक अमला मुझे प्रताड़ित कर रहा है, जिसका जवाब अंबेडकरनगर की जनता अपने वोट से देगी। सपा नेता ने कहा, मुझे चाहे जितना प्रताड़ित किया जाए लेकिन पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों की आवाज को दबने नहीं दूंगा, मैं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों से अपील करता हूं कि आप सभी अपने बूथ पर मुस्तैदी से वोट पड़वाए। सुबह से सर्व समाज का खासकर दलित समाज का मुझे जिस तरह से समर्थन मिल रहा है उसका मैं दिल से आभार प्रकट करता हूं।

### धोखाधड़ी करने वाले पांच आरोपियों को बाजारखाला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की थाना बाजार खाला पुलिस ने पैसे के लालच देकर धोखाधड़ी करने वाले पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। इन आरोपियों ने शादी के बहाने धोखा दिया और उसके साथ कई शादियां करवाई। इस अपराध में पुलिस की टीमों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। बड़ी ही सूझबूझ के साथ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मालूम हुआ की बाजारखाला थाना प्रभारी संतोष कुमार आर्य लगातार क्षेत्र में बनाए गए हैं पैनी नजर, लखनऊ कमिश्नर एस0बी0 शिरडकर दिशा-निर्देश निर्देश पर काम कर रही बाजार खाला पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता। पीड़ित महिला द्वारा आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकरण करने के लिए प्रार्थना-पत्र दिया गया था। इसी क्रम में बाजार खाला पुलिस ने पैसे के लालच में धोखाधड़ी के संबंध में मुकदमे के बाद पांच अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। प्रियंका देवी, राजू उर्फ विनोद, राजाराम उर्फ पप्पू, राजपति, सुरेश कुमार दुबे, शुभम कुमार दुबे, को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा निर्देश पर कई टीमें गठित कि गई है जो लगातार अपराधियों की क्षेत्र में धरपकड़ कर रही हैं।

# ब्लिंकिट डिलीवरी पार्टनर्स ने किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज

**16 से 17 घंटे काम लेने का लगाया आरोप**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बर्लिंगटन स्थित ब्लिंकिट का स्टोर पर डिलीवरी पार्टनर्स ने काम बहिष्कार करके प्रदर्शन किया। डिलीवरी पार्टनर्स ने कंपनी पर डिलीवरी कमीशन घटाने और लगभग 16 घंटे सेवाएं बढ़ाने सहित कई आरोप लगाए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी डिलीवरी पार्टनर्स को समझने का प्रयास किया।

प्रदर्शन कर रहे राकेश कुमार ने बताया कि 4 सालों से ब्लिंकिट के साथ काम कर रहे हैं। कुछ महीनों से ब्लिंकिट की ओर से लगातार डिलीवरी पार्टनर्स की सेवाओं में कटौती की जा रही है। राकेश कुमार समेत दर्जनों की संख्या में प्रदर्शन कर रहे डिलीवरी पार्टनर्स ने बताया, 2 साल पहले दो किलोमीटर की रेंज का लगभग 40 रुपए मिलते थे। उसके बाद अब उसी डिलीवरी का 20 रुपए मिलते हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधित जो भुगतान होता था, उसमें भी कटौती कर दी गई है। डिलीवरी पार्टनर्स राकेश कुमार ने बताया कि मुख्य रूप से उनका जो विरोध है वह ड्यूटी के समय को लेकर है। पहले 8 से लेकर 9 घंटे तक शिफ्ट होती थी और अब उसे 16 से 17 घंटे कर दिया गया है, जोकि दोगुना है। ऐसे में यह किसी भी व्यक्ति के लिए संभव नहीं है कि प्रतिदिन 16 से 17 घंटे काम कर सके। उन्होंने कहा कि कंपनी का यह रवैया मानवता के खिलाफहै।

इस भीषण गर्मी में जब तापमान लगभग 45 डिग्री पहुंच रहा है ऐसे में 16 से 17 घंटे ड्यूटी करना संभव नहीं है। प्रदर्शन कर रहे प्रदीप कुमार कश्यप ने बताया कि संबंधित समस्याओं को लेकर जब तमाम कर्मचारी ब्लिंकिट स्टोर पहुंचे और अपनी सुविधाओं के संबंध में आलाधिकारियों से बात करने का प्रयास किया तो इन सब की आईडी को ब्लॉक कर दिया गया। जिसकी वजह अब डिलीवरी पार्टनर्स काम का बहिष्कार करके हड़ताल करने पर मजबूर हैं।

### भाजपा राष्ट्रहित की बात करती है, चौपाल में गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ।ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ में प्रवास के तीसरे दिन की शुरुआत बैरागपुर रैनी में आयोजित जनचौपाल से की। एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी डॉ अरविन्द राजभर के पक्ष में चौपाल में जनता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने इस देश में 06 दशक से ज्यादा साल तक इस देश में शासन किया। मगर एक भी बार उन्होंने गरीबों के अन्न, आवास और शौचालय की चिंता नहीं की। मोदी ने 2014 में जब देश की कमान संभाली तब से ही उन्होंने देश के हर व्यक्ति को किसी न किसी योजन का लाभ देते हुए उसे समृद्ध करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीति नहीं, राष्ट्रहित का काम करती है। मोदी के नेतृत्व में 80 करोड़ लोगों को राशन दिया गया और आगे 05 साल तक लगातार उनको मिलता रहेगा, इसकी भी घोषणा कर दी है। 04 करोड़ लोगों को आवास दिया गया है, 03 करोड़ आवास और देने की घोषणा कर दी गयी है। महिलाओं के सम्मान में करोड़ों शौचालय दिए गए। उन्हें धुएं से होने वाली बीमारी से निजात दिलाने के लिए मुफ्त गैस सिलेंडर देने का काम किया है। देश के करोड़ों लोगों को इलाज में होने वाले खर्च से मुक्ति दिलाने और 05 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज दिलाने के लिए आयुष्मान योजना का लाभ दिया गया है। इस प्रकार की कई जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर मोदी जी ने 25 करोड़ देशवासियों को गरीबी रेखा से बाहर निकला है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मोदी ने देश में मुस्लिम महिलाओं के तीन तलाक कानून को खत्म कर उन्हें शोषण से मुक्ति दिलाई है। 2017 में प्रदेश में योगी ने अपराधियों पर नकेल कसते हुए कानून का राज कायम किया। जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए अपराधियों में डर का माहौल कायम किया है।



**नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने पत्रकारों के साथ बैठक करके कहा कि बड़े मंगल के भंडारे को शून्य अपशिष्ट माह बनाने के लिए शहरवासियों का नगर निगम में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।**

**रोड शो** | **लोकसभा चुनाव को लेकर वाराणसी में प्रियंका-डिंपल ने निकाला रोड शो**

# सपा-कांग्रेस गठबंधन यूपी में करने जा रहा करिश्मा

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और सपा नेता डिंपल यादव अपनी चुनावी रैली निकाली। उनके साथ कांग्रेस नेता अजय राय भी मौजूद रहे। रैली की शुरुआत दुर्गाकुंड स्थित मां दुगा के आशीर्वाद के साथ की गई। रोड शो में कांग्रेस और सपा नेताओं को जमावड़ा दिखा। वे पार्टी समर्थित नारे लगाते रहे। वाहन पर बैठे प्रियंका, डिंपल और अजय राय के ऊपर गुलाब की पंखुड़ियां उड़ाई जा रही थीं।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और सपा सांसद डिंपल यादव ने पहले दुर्गाकुंड स्थित मां दुर्गा के चौथे स्वरूप माता



कूष्मांडा का आशीर्वाद लिया, फिर रोड शो की शुरूआत की। रोड शो के रूट पर मानस मंदिर, त्रिदेव मंदिर और संकटमोचन मंदिर समेत 21 से अधिक छोटे बड़े मंदिर हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता रोड शो का जगह-जगह स्वागत करते रहे। इस दौरान रोड शो का स्वागत पुष्पवर्षा के साथ किया गया। रोड शो के दौरान कांग्रेस नेता और डिंपल ने जगह-जगह रूक कर जनता को संबोधित भी किया। इसके साथ ही इंडी गठबंधन प्रत्याशी अजय राय के लिए जनसमर्थन भी मांगा। कांग्रेस नेता अजय राय पब्लिक का अभिवादन करते रहे। कड़ी सुरक्षा के बीच रोड शो धीरे-धीरे लंका स्थित मालवीय जी की प्रतिमा के पास बढ़ रहा था। यहां भी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही लेकिन ट्रॉमा सेंटर मोड़ पर ही काफिले को रोक दिया गया। इसके बाद प्रियंका गांधी और डिंपल यादव दोनों अपने कार में बैठकर निकल गईं। प्रियंका गांधी और डिंपल यादव के रोड शो में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

रास्ते में गुलाब की पंखुडियों से रोड शो का स्वागत किया गया। वहीं, इस रोड शो से धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज की कर्मस्थली सहित 10 से अधिक मठ, दुर्गाकुंड से लेकर सीरगोवर्धन तक 14 हजार से अधिक व्यापारी, 40 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं और डेढ़ लाख से अधिक मतदाता रूबरू हुए। डिम्पल और प्रियंका के रोड शो में भाग लेने रामनगर से बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्त्ता पहुंचे। सपा महानगर पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विवेक कंहार के नेतृत्व में रामनगर में जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण किया। शास्त्री चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। पार्षद रामकुमार यादव राजू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाइक जूलुस से रोड शो में पहुंचे। यहां वक्ताओं ने कहा कि सपा-कांग्रेस गठबंधन इस बार यूपी में करिश्मा करने जा रहा है। यह गठबंधन सब पर भारी पड़ने जा रहा है और भाजपा के 400 पार के दावों की पोल खोल कर रख देगा। कहा कि आगामी चार जून को सबकी गलतफहमी दूर हो जाएगी।

# मनरेगा में नौनिहालों से कराया गया काम, डीएम से की शिकायत

▸ जहां शिकायत करना हो शिकायत कर दीजिए सब लोग पैसा लेते हैं : ग्राम प्रधान





**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जहां बच्चों के हाथों में किताब की जगह थमा दिया गया फावड़ा, नाबालिगों से कराई जा रही मनरेगा की मजदूरी, नियमों का खुलेआम उड़ रहीं धज्जियां। ताजा मामला तरबगंज तहसील विकासखंड वजीरगंज ग्राम पंचायत अचलपुर में मनरेगा योजना के तहत बंधा 2019 में बनाया गया था जिस पर पेड़ लगाना था लेकिन ग्राम प्रधान ने न तो बंन्धे पर पेड़ लगवाए न तो मौके पर कोई पेड़ लगा है बल्कि उक्त पर 21 मई 2024 को नाबालिक बच्चों से मनरेगा के तहत कार्य कराया जा रहा था तभी किसी ने फोटो वीडियो बना लिया इसकी शिकायत गांव के प्रधान से गांव के लोगों ने की। उन्होंने कहा कि जहां शिकायत करना हो शिकायत कर दीजिए सब लोग पैसा लेते हैं आपको बता दे कि सरकार द्वारा निर्धारित नियमो की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। यहां नाबालिग बच्चों से मनरेगा योजना के तहत होने वाले काम को कराया जा रहा है। इन्हें मजदूरी का भुगतान इनके अभिभावकों के खाते में किया जाता है जिनकी उम्र पढ़ने की थी इनके हाथों में किताबे और पेन होना चाहिये था. उस उम्र में इन बच्चों के हाथों में फावड़ा, कुदाल व मिट्टी से भरे तसले देकर काम कराया जा रहा है। एक तरफ जहां देश के नौनिहालों को शिक्षित करने के लिए सरकार करोड़ो रुपये खर्च कर रही है। वहीं दूसरी तरफ यहां काम कराने के लिए नौनिहालों के भविष्य से खुले आम खिलवाड़ हो रहा गोंडा मुख्यालय जाकर गांव के लोगों ने.डीएम व सीडीओ एवं डीसी मनरेगा को लिखित शिकायत की है शिकायतकर्ता गुड्डू सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अभय सिंह, अमन सिंह, सुमित सिंह, संदीप सिंह, वगीस शिकायत को लेकर गुड्डू सिंह आदि लोगों ने गोंडा मुख्यालय जाकर लिखित शिकायत की है ।

# भीषण गर्मी में लो वोल्टेज और बिजली की आवा जाही से जनता बेहाल

**इटियाथोक/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**




स्थानीय कस्बा सहित क्षेत्र के गांवों में पिछले कई दिनों से बिजली की समस्या बनी हुई है। लो- वोल्टेज की वजह से पंखे, कूलर, टिल्लूपंप, वाशिंग मशीन सब बंद हो चुके हैं और पेयजल की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। इससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि लो-वोल्टेज की समस्या निराकरण के लिए कई बार विद्युत विभाग से कहा गया, पर अभी तक समस्या का निदान नहीं हो सका। भीषण गर्मी में पारा 43 डिग्री से पार हो गया है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली आपूर्ति भी चरमरा गई है। इन दिनों लचर बिजली आपूर्ति से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। तेज धूप व उमस भरी गर्मी में बिजली की आंख-मिचौली से लोग व्याकुल हैं। दोपहर में बिजली की आपूर्ति बंद रहती है। वहीं रात में भी बिजली आपूर्ति सही ढंग से निर्बाध नहीं हो पा रही है। निर्बाध रूप से बिजली नहीं रहने से इन्वर्टर भी सही से काम नहीं कर रहा है जिससे और समस्या बढ़ गई है। लोगों को पानी की समस्या भी झेलनी पड़ रहे रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है पिछले एक सप्ताह से बिजली की मांग में बढ़ोतरी हुई है। जिसके चलते लोगों को लो वोल्टेज और कटौती का सामना करना पड़ रहा है। क्षमता से अधिक लोड होने पर लाइन में खराबी, एबीसी केबल, ट्रांसफार्मर में आग लगने की शिकायत मिल रही है। शटडाउन लेना पड़ रहा है। कई बार पावर कट भी करना पड़ता है।

# सचिव ने प्रधानपति पर मारपीट व अपहरण करने की कोशिश का भी लगाया आरोप, दी तहरीर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



गोण्डा के पंड़री कृपाल ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत सचिव ने प्रधानपति सहित कई पर आरोप लगाया कि ब्लाक मुख्यालय में ही आरोपी प्रधान ने उनके साथ अभद्रता की और ब्लाक मुख्यालय से अपहरण की कोशिश की तथा मारा पीटा।

क्या है पूरा मामला :- विकासखंड पंड़री कृपाल गोंडा में तैनात विजय कुमार बतौर ग्राम पंचायत अधिकारी हैं जो मलारी ग्राम पंचायत में तैनात हैं। उन्होंने थाना कोतवाली नगर में दी गई तहरीर में बताया है कि 24 मई को वह ब्लाक मुख्यालय में सरकारी कामकाज निपटा रहे थे कि दोपहर बाद करीब 3 बजे मलारी ग्राम पंचायत के प्रधानपति राम प्रकाश वर्मा व उनके पुत्र विशाल वर्मा तथा उनके भतीजे संतोष वर्मा सहित करीब 20 लोगों के साथ ब्लाक में पहुंचे और ग्राम पंचायत तथा मनरेगा फाइलों पर बिना कार्य कराये ही भुगतान के लिए जबरन हस्ताक्षर करने के लिए दबाव बनाने लगे, पीड़ित विजय कुमार ने कार्य के निरीक्षण बाद हस्ताक्षर करने की बात की। आगे तहरीर में विजय ने कहा कि इसी बात करते-करते हुए ब्लाक के बगल एक स्कूल तक लेके चले गये। तब उन्हें गालियां देने लगे और चारों तरफ से घेरकर मारना पीटना शुरू कर दिया, तथा अपहरण की नीयत से घसीटते हुए आरोपी अपने अल्टो कार पर लादने लगे,हल्ला मचाने पर शोर शराबा सुनकर मौके पर कई प्रधान व कई ग्राम पंचायत सचिव दौड़े, असफल होने पर आरोपियों ने कई ग्राम पंचायत की फाइलें व जरूरी कागजात भी छीनकर चले गये, । इस सम्बन्ध में विजय कुमार द्वारा थाना कोतवाली नगर में एक तहरीर दी गई है जिस पर पीड़ित विजय का पुलिस द्वारा मेडिकल कराया जा चुका है आगे विधिक कार्यवाही जारी है।

# ढाबा संचालक के पुत्र को मारपीट कर तोड़फोड़

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

थाना जसवंतनगर के अंतर्गत ग्राम डुढहा मोड़ पर हाइवे किनारे उक्त ग्राम निवासी दयाशंकर का गोरख नाम से एक ढाबा स्थित है। यहां पर दबंगों ने धावा बोलकर ढाबा मालिक दयाशंकर के पुत्र अजय बाबू को घायल करके तोड़फोड़ की।

बताया गया है कि जब वह ट्रक चालकों परिचालकों को खाना परोसे जाने की व्यवस्था पर नजर रख रहे थे तभी दो लोग आए और दबंगई के अंदाज में कुर्सियों पर बैठ गए। अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए खाना का आर्डर दिया तो अजय ने अभद्र शब्दों के प्रयोग पर एतराज किया।

इस पर दोनो दबंग भड़क गए और कुर्सियां, चारपाईयों को पटकते हुए निकल। उसके बाद करीब दो घन्टे बाद पहले वाले दोनों दबंग लोंगो के साथ चार बाइकों पर सवार 8 लोग के साथ दुबारा आ धमके और ढाबा के स्वामी दयाशंकर के पुत्र अजय बाबू पर ढाबा में रखीं लकड़ी की तख्तियों से हमला किया। जिससे अजय बुरी तरह से घायल हो गया। आरोप है कि दबंग लोग नशे में थे और गुल्लक में रखी नगदी भी निकालकर ले गए। घटना की सूचना 112 नंबर पर दी गई किंतु घंटे भर तक पुलिस नहीं पहुंची तो परिजन अजय को इलाज के लिए इटावा स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए।

घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने अपनी जांच पड़ताल शुरू की है। बताया गया है कि आरोपी ग्राम दशहरी निवासी हैं। इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया है कि ढाबा संचालक से खाना खाने को लेकर कोई विवाद में मारपीट हुई है। घायल अजय को इलाज के लिए भेजकर जानकारी की जा रही है।

# प्रतियोगिताओं के माध्यम से एनसीसी कैडेटों का हुआ प्रशिक्षण

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में 48 यूपी बटालियन एनसीसी गोंडा के अंतर्गत 22 मई से चल रहे अंतर्जनपदीय विद्यालयी प्रतियोगिताओं में एनसीसी कैडेटों का ड्रिल प्रतियोगिता, मानचित्र प्रतियोगिता के उपरांत शनिवार को बटालियन मुख्यालय पर सेना का मुख्य प्रशिक्षण बाधा प्रशिक्षण प्रतियोगिता संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में गोंडा जनपद से 25 विद्यालयों के कैडेटो ने प्रतिभाग किया। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह के अथक प्रयास से यह प्रतियोगिताएं जनपद स्तर पर पहली बार संपन्न हुई ।आगामी होने वाली राष्ट्रीय स्तर पर थल सैनिक कैंप, दिल्ली में होने वाली परेड , फायरिंग प्रतियोगिताएं, अन्य प्रतियोगिताओं हेतु कैडेटो का चयन भी होगा। शनिवार को संपन्न हुए बाधा प्रशिक्षण में स्थानीय श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी के कैडेटो ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए कमान अधिकारी द्वारा कैडेटों सहित संस्था के प्रधानाचार्य एवं एनसीसी अधिकारी मेजर राजेश द्विवेदी को ट्रॉफी प्रदान की गई। कैडेटों में सीनियर वर्ग बालक में आकाश शुक्ला ने प्रथम स्थान, विनोद वर्मा ने द्वितीय स्थान, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सुधा पांडे, द्वितीय स्थान प्रिया शुक्ला, जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान दीपक गुप्ता, द्वितीय स्थान विशाल यादव, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान संजना एवं द्वितीय स्थान शिवांगी मौर्य ने प्राप्त किया। कर्नल सुनील कपूर ने कहा कि प्रतियोगिताओं से कैडेटों के अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं की पहचान होती हैं। कार्यक्रम के दौरान बटालियन सूबेदार मेजर नीरज,लेफ्टिनेंट नरेंद्र मिश्रा, लेफ्टिनेंट हरेंद्र यादव, दीपक श्रीवास्तव, विपिन शुक्ला, लेफ्टिनेंट हरिनाथ सिंह, अमित शुक्ला, पूर्णेन्दु मणि त्रिपाठी, मनीष यादव, वेद प्रकाश शुक्ला, मनोज वर्मा, सुधांशु श्रीवास्तव, लक्ष्मी, शैलू उपाध्याय सहित सेना के जवान मौजूद रहे।

# कानपुर से चोरी हुई बाइक समेत 11 बाइक बरामद, दो गिरफ्तार





▸ नेपाल और भारत में बाइक चोरी कर करते थे बिक्री

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

थाने की पुलिस ने जांच के दौरान एक बाइक चोर को पकड़ा वह कानपुर से चोरी हुई बाइक को चल रहा था। पूछताछ के दौरान 10 अन्य चोरी की बाइक बरामद हुई, जिसे सीज कर दिया गया है। दोनों के विरुद्ध केस दर्ज का जेल भेज दिया गया है।रूपईडीहा थाने की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव, चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविंद वर्मा की टीम द्वारा नानपारा रूपईडीहा मार्ग पर केवलपुर नहर पुलिया के पास वाहनों की चेकिंग दौरान मोटरसाइकिल यूपी 78 जीजे 2633 अपाची आरटीआर 160 सीसी के नंबर प्लेट पर अंकित रजिस्टर नंबर को ई चालान एप से चेक किया गया तो उक्त गाड़ी चोरी की पाई गई।मोटरसाइकिल पर बैठे दोनों व्यक्तियों से पूछताछ से ज्ञात हुआ कि उक्त दोनों व्यक्ति रूपईडीहा थाने के हिस्ट्रीशीटर है।अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि दोनों की निशानदेही पर मोहम्मद रियाज के लहरपुरवा गांव में स्थित बंद पड़े मकान के हाते में पड़े टीन सेट के नीचे त्रिपाल से ढकी हुई मोटरसाइकिलों को त्रिपाल हटाकर देखा गया तो 10 अलग अलग कंपनियों की मोटरसाइकिल बरामद हुई। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान रियाज पुत्र नजीर अहमद निवासी चकिया रोड व अब्दुल सलाम पुत्र जलील अहमद निवासी सीतापुरवा थाना रूपईडीहा के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद बाइक सीज कर दी गई है।।अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि दोनों अभियुक्त बाइक चोरी नेपाल और भारत के जिलों से कर रहे थे। इसके बाद चेचिस नंबर और नंबर प्लेट बदलकर बिक्री कर देते थे।

# जिलाधिकारी ने सहायक रिटर्निंग आफिसर्स के साथ की बैठक

▸ गणना कार्मिकों के लिए माकूल बन्दोबस्त करने के दिये निर्देश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर, बहराइच में 04 जून 2024 को सम्पन्न होने वाली मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में सहायक रिटर्निंग आफिसर्स के साथ आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए मतगणना पण्डाल में गणना कार्मिकों के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाएं ताकि मतो की गणना के दौरान कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। डीएम ने एआरओ का आहवान किया कि मतदान की भांति मतगणना कार्य को भी बखूबी सम्पन्न करायें।

उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारी पूरी तरह से तटस्थ रहते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार अपने उत्तरदायित्यों का निर्वहन करेंगे। मतगणना कार्य में रगे सभी अधिकारी व कार्मिक कोई ऐसा कार्य या आचरण नहीं करेंगे जिससे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता प्रभावित हो।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के ए.आर.ओ./ एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, मटेरा के राम दयाल, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, बलहा के संजय कुमार, डिप्टी कलेक्टर ज्योति चौरसिया व राकेश कुमार मौर्या, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, डीआईओ एनआईसी योगेश यादव, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुमित तिवारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलटी कार

▸ हादसे में महिला समेत चार लोग हुए घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



बहराइच-गोंडा हाईवे के नगरौर के पास शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पलट गई । जिसके चलते कार सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि तीन अन्य सवार आंशिक रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने एंबुलेंस से शहर स्थित मेडिकल कॉलेज भेज दिया। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

पयागपुर थाने के खुटेहना निवासनी 50 वर्षीय रीना पाठक पत्नी अशोक कुमार पाठक के किसी रिश्तेदार को सर्प ने डंस लिया था। जो मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। वह उसे देखने कार से परिवार के अन्य चार सदस्यों के साथ मेडिकल कॉलेज आ रही थी। तेज रफ्तार कार जैसे ही देहात कोतवाली के नगरौर तक पहुंची, अनियंत्रित होकर पलट गई। रीना गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची।

एंबुलेंस से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया। महिला को चिकित्सकों ने भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

# नल पर पानी भरने जाते वक्त ग्रामीण को लगा करंट, इलाज के दौरान मौत

▸ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के हमीरपुर छिटकुरी गांव निवासी एक ग्रामीण शनिवार को नल पर पानी भरने के लिए गया। वहां पहले से ही टूटे पड़े बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से ग्रामीण की मौत हो गई।

रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हमीरपुर के मजरा छिटकुरी गांव निवासी सुरेंद्र बहादुर सिंह (52) पुत्र राजेंद्र सिंह के घर के सामने नल लगा हुआ है। शनिवार को वह सुबह पानी भरने के लिए नल की ओर गए। वहां पहले से ही तार टूटा पड़ा था। जिसमें बिजली आपूर्ति हो रही थी। पानी भरने के दौरान वह तार के करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से ग्रामीण जमीन पर गिर गया। उसे परिवार के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरैयाटांड़ ले गए। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिस पर सूचना थाने में दी गई।प्रभारी निरीक्षक आरती वर्मा ने पुलिस टीम को मौके पर भेजा। पुलिस ने मृतक ग्रामीण के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नहर में स्नान करते समय पांच दोस्त डूबे, एक की मौत

▸ चार दोस्त नहर से निकलकर हुए फरार, शहर क्षेत्र का निवासी है मृतक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के चिलवरिया में स्थित नहर में शुक्रवार को पांच दोस्त स्नान कर रहे थे। स्नान करते समय सभी पानी में डूबने लगे। चार दोस्त किसी तरह अपने को बचाते हुए बाहर निकल गए, इसके बाद सभी फरार हो गए। जबकि एक दोस्त की पानी में डूब कर मौत हो गई। उसका शव पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली देहात के चिलवरिया में सरयू नहर की शाखा निकली है। इस नहर में शुक्रवार शाम को चार बजे गर्मी से निजात पाने के लिए पांच दोस्त एकसाथ स्नान करने के लिए गए। सभी नहर में स्नान करने लगे।।स्नान करते समय सभी किशोरवय दोस्त नहर में डूबने लगे। नहर में डूब रहे चार दोस्त किसी तरह पानी से बाहर निकल आए। जबकि एक दोस्त नहर के पानी में ही डूब गया। बाहर निकले दोस्त मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी कोतवाली देहात पुलिस को दी।प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की। कुछ ही देर में पुलिस ने किशोर के शव को बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की पहचान शहर के कोतवाली नगर के मोहल्ला खत्रीपुरा निवासी रियाज (16) पुत्र सिराज के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि फोटो से मृतक के परिवार के लोगों ने रियाज के रूप में पहचान की है।

# तीन मृतक वारिसों को भेजी गई सहायता राशि

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

▸ अग्निकाण्ड से प्रभावित 38 लोगों के खातों में भेजी गई 2.085 लाख की धनराशि

तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत 16 मई 2024 को रेशमी पुत्री राजेन्द्र निषाद, निवासी ग्राम भग्गापुरवा व बदाली पुत्र श्रीपाल, निवासी ग्राम कैलाशनगर की नदी में डूबने से हुई मृत्यु के परिणामस्वरूप मृतकों के वारिसान क्रमशः संगीता पत्नी राजेन्द्र प्रसाद, निवासी ग्राम भग्गापुरवा तथा जसवन्ती पत्नी संकट, निवासी ग्राम सिरसियनपुरवा, तहसील मिहींपुरवा के बैंक खातों में प्रति मृतक रू. 04-04 लाख की दर से रू. 08 लाख की धनराशि अहैतुक सहायता के रूप में हस्तान्तरित की गई है। इसी प्रकार 23 मई 2024 को मगरमच्छ के हमले में मृतक मेवालाल पुत्र रामदेव, निवासी ग्राम सुजौली, तहसील मिहींपुरवा की वारिस आशादेवी पत्नी मेवालाल, निवासी ग्राम सुजौली, तहसील मिहींपुरवा के बैंक खाते में रू. 05 लाख की धनराशि अहैतुक सहायता के रूप में हस्तान्तरित की गई है।इसी प्रकार तहसील कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम जयसिंहपुर, पेड़वा, गोड़हिया नं0 4, नन्दवल, नौगइया, माधवपुर, बदरौली, करमुल्लापुर, झुकिया व नरौरा में हुए अग्निकाण्ड में 28 व्यक्तियों को अहैतुक सहायता/गृह अनुदान के रूप में रू. 1,62,500=00, तहसील महसी के ग्राम गदामारकला, नहकटिया व छत्तरपुर में हुए अग्निकाण्ड में 06 व्यक्तियों को अहैतुक सहायता/गृह अनुदान के रूप में रू. 27,000=00 तथा तहसील मिहींपुरवा के ग्राम झाला, मटेही व लौकाही में हुए अग्निकाण्ड में 04 व्यक्तियों को अहैतुक सहायता/गृह अनुदान के रूप में रू. 19,000=00 की सहायता प्रदान की गई।डीएम ने बताया कि उपरोक्त अग्नि दुर्घटनाओं में जहां एक ओर मौके पर अग्निशमन वाहन पहुंचे वहीं दूसरी ओर सम्बन्धित तहसील के एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व अन्य सरकारी अमला भी मौके पर पहुंचा और पीड़ित व्यक्तियों एवं परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई।

# दरगाह मेले को लेकर डीएम ने की बैठक, तीस मई से शुरू हो रहा मेला

▸ क्लोज सर्किट टीवी कैमरों की निगरानी में रहेगा दरगाह मेला परिसर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



सै. सालार मसऊद गाज़ी रह. की दरगाह पर 30 मई से 30 जून 2024 तक एक माह की अवधि तक चलने वाले वार्षिक जेठ मेला-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला प्रशासन और दरगाह प्रबन्ध समिति के सदस्यों को बेहतर तालमेल के साथ कार्य कर समय से पूर्व ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि श्रद्धालुओं/मेलार्थियों को कोई असुविधा न हो। शुष्क मौसम को देखते हुए मेला क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था के लिए नगर पालिका परिषद व जल निगम को निर्देश दिया गया कि संयुक्त रूप से मेला परिसर में उपलब्ध संसाधनों का सत्यापन कर यह सुनिश्चित करें कि सभी इण्डिया मार्का-टू हैण्डपम्प व स्टैमपोस्ट चालू हालत में हों। मेला क्षेत्र में आग की घटनाओं के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी ने प्रबन्ध समिति को निर्देश दिया कि मेलार्थियों से अपील की जाय कि वह गैस सिलेण्डर के साथ मेले में न आयें और सभी दुकानदार बालू बकेट व पानी की बाल्टी ज़रूर रखेंगे। अग्निशमन विभाग को निर्देश दिया कि आग की दुर्घटना को नगण्य किये जाने के उद्देश्य से पूरे मेला परिक्षेत्र का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि सभी हाइडेन्ट चालू हालत में हों। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि मेला क्षेत्र में विद्युत का कोई वायर, पोल झूलता हुआ न रहे, इलेक्ट्रिकल मानकों का परीक्षण फुल प्रूफ व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सुरक्षा मानकों का अनुपालन कराने के उपरान्त ही सेफ्टी प्रमाण-पत्र जारी किये जायें। डीएम ने पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों को जॉच अभियान संचालित कर ज्वलनशील पदार्थों के मेला परिसर में लाने पर प्रभावी अंकुश लगाने का निर्देश दिया। मेलार्थियों से ज्यादा मुनाफा वसूली न की जा सके इसके लिए डी.एम. ने रेट लिस्ट प्रदर्शित किये जाने तथा खाद्य पदार्थों की क्वालिटी चेक करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को मेला अवधि में नियमित रूप से सैम्पुलिंग करने का भी निर्देश दिया। डीपीआरओ को निर्देश दिये गये कि चित्तौरा व अनारकली झील की पर्याप्त साफ-सफाई करा दी जाय। डीएम ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि मेले में आने वाले वाहनों के समुचित पार्किंग के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबन्ध किये जाय विशेषकर महिलाओं व बाल अपराध पर अंकुश के लिए मेला क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थलों, मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गो पर सीसीटीवी कैमरो की नियमित मानीटरिंग की जाय। इसके अलावा सभी प्रकार के वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भी उचित प्रबन्ध किये जाय।मेला क्षेत्र में मेले से पूर्व फागिंग, मेलार्थियों की पहुँच के स्थानों पर चिकित्सा शिविर, दरगाह शरीफ के चिकित्सालय को पर्याप्त दवा व चिकित्सकीय सुविधा तथा चौबिसों घण्टे एम्बुलेन्स की व्यवस्था के लिए चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया गया। गर्मी के मौसम में साफ-सफाई के कार्य को विशेष प्राथमिकता प्रदान करने का निर्देश देते हुए नगर पालिका परिषद बहराइच व पंचायती राज विभाग को पूरे मेला परिक्षेत्र से कूड़ा उठान तथा पानी के छिड़काव, मेले की ओर जाने वाले मार्गों पर सोलर लाईट इत्यादि के बेहतर प्रबन्ध किये जाने के निर्देश दिये गये। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि सभी प्रकार के हेल्पलाइन नम्बरों को पूरे मेला परिसर में जगह-जगह प्रदर्शित कर दिया जाय।

# पुलिस की मौजूदगी में दबंगों ने बुजुर्ग की लाठी डंडों से की पिटाई

- लाठी डंडों से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल
- जमीनी विवाद को लेकर चले लाठी डंडे
- गदागंज पुलिस की मौजूदगी में दबंग कर रहे बुजुर्ग की पिटाई

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जमीनी विवाद को लेकर लाठी डंडा से लैस 4 से 5 लोगों ने धावा बोल दिया और बुरी तरह से पिटाई कर दी पिटाई करने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया ताजू की यह बात है कि पुलिस की मौजूदगी में दबंगों ने बुजुर्ग पर जमकर लाठी डंडे बरसाए और पुलिस कुछ ना कर सकी घटना को लेकर पुलिस ने हमलावरों को हिरासत में लिया है गदागंज थाना क्षेत्र के सुदामापुरी गांव में सहन की जमीन पर जबरन टीन शेड रख रहे लोगों ने



लाठी डंडों से हमला बोल दिया सुदामा पुर निवासी रामशरण तिवारी का आरोप है कि उनकी सहन की जमीन पर गांव के ही दीपू सिंह फूल सिंह अवध राज सिंह सहित लगभग आधा दर्जन लोग जबरन टीन सेड रख रहे थे जब उसका विरोध किया तो सभी लोग लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो गए और अचानक लाठी डंडा फावड़ा व कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया और पिटाई कर दी जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटे आए हैं सूचना पर पहुंची गदागंज पुलिस ने हमलावरों को फिलहाल हिरासत में लिया है और घायलों का इलाज किया जा रहा है हमलावरों द्वारा किए गए मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें साफ दिख रहा है कि हमलावर लाठी डंडों से लोगों की पिटाई कर रहे हैं थाना प्रभारी गदागंज संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज करा कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस के सामने दबंगों ने लाठी डंडों से की पिटाई

सहन की जमीन को लेकर हुए मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वायरल हुए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पुलिस की मौजूदगी में दबंगों द्वारा लाठी डंडों से लैस होकर जमकर पिटाई की जा रही है वहीं पुलिस कुछ करने में नाकाम दिखाई पड़ रही है पुलिस के सामने हुई दबंग की दबंगई से पुलिस विभाग की जमकर किरकिरी हो रही है

## संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटा युवक, मौत



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज रेल खंड पर कन्नावा आउटर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटा युवक, हुई मौतद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की मृतक मनोज उम्र 35 वर्ष पुत्र कृष्ण पाल निवासी इचौली थाना बछरावां की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटने से मौत हो गईद्य ग्रामीणों की मानी जाए तो उनका कहना है कि मनोज मुंबई में नौकरी करता था, अभी कुछ ही दिन पूर्व घर आया थाद्य घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है, वही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैद्य इस बाबत कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गयाद्य आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### दबंगों ने गर्भवती बेटी व मां पर किया हमला

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** पारिवारिक जमीन विवाद के चलते आधा दर्जन दबंगों ने मां उसकी गर्भवती बेटी पर किया हमला दबंगों के हमले में जहां मां गंभीर रूप से हुई घायल वहीं बेटी का हुआ गर्भपात, मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के खरौली गांव का है जहां पारिवारिक जमीन विवाद के चलते आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने बुजुर्ग गोमती देवी और उसकी गर्भवती बेटी से जमकर मारपीट की दबंगों के हमले में जहां मां गंभीर रूप से घायल हो गई वहीं बेटी का गर्भपात हो गया थाने में सुनवाई न होने से नाराज पीड़ित महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार।

### एससी-एसटी दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नाबालिग दलित लड़की से हुआ रेप एससी-एसटी सहित अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा। कोतवाली क्षेत्र की एक मां ने महराजगंज पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बृजेश यादव पुत्र दयाशंकर यादव निवासी ग्राम राजापुर मजरे जमोलिया थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के द्वारा मेरी नाबालिग पुत्री का मुंह दबाकर अपने नवनिर्मित घर ले जाकर मारा पीटा जान से मारने की धमकी दी तथा बलात्कार किया मां ने बताया कि वादिनी अनुसूचित जाति की है। वहीं पुलिस ने महिला की तहरीर पर एससी-एसटी सहित दुष्कर्म एवं अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।




### आंगनवाड़ी केंद्रों में 15 जून तक अवकाश घोषित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि वर्तमान में जनपद के समस्त प्राथमिक/ उच्च प्राथमिक विद्यालय 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्म कालीन अवकाश के कारण बन्द है।
अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्र प्राथमिक विद्यालयों में संचालित है और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चे, प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से छोटे हैं। वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू एवं हीटवेव को दृष्टिगत रखते हुये जनपद इटावा के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों का 24 मई से 15 जून तक का ग्रीष्म कालीन अवकाश जिलाधिकारी के अनुमोदन द्वारा घोषित किया जाता है। उक्त घोषित अवकाश की अवधि में सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, मिनी आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकायें अपने केन्द्र पर निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर आंगनबाडी केन्द्र को अन्य आवश्यक कार्य जैसे गृह भ्रमण कैलेण्डर के अनुसार, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन टीकाकरण, अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण एवं पोषण ट्रैकर ऐप फीडिंग वीएचएसएलडी सत्र के दौरान लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण आदि शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्ववत करेगीं। नाबालिग दलित लड़की से हुआ रेप एससी-एसटी सहित अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा। कोतवाली क्षेत्र की एक मां ने महराजगंज पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बृजेश यादव पुत्र दयाशंकर यादव निवासी ग्राम राजापुर मजरे जमोलिया थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के द्वारा मेरी नाबालिग पुत्री का मुंह दबाकर अपने नवनिर्मित घर ले जाकर मारा पीटा जान से मारने की धमकी दी तथा बलात्कार किया मां ने बताया कि वादिनी अनुसूचित जाति की है। वहीं पुलिस ने महिला की तहरीर पर एससी-एसटी सहित दुष्कर्म एवं अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

### देवस्थान में भागवत कथा का आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक भरथना के ग्राम पंचायत मोदी में में बहुत ही पावन स्थल देवस्थान में बहुत ही भाव भागवत कथा का आयोजन किया गया। वृंदावन से आए आचार्य कृष्ण प्रकाश पाठक जी ने बहुत ही मार्मिक ढंग से श्रीमद् भागवत कथा में वर्णित अनेक बहुत ही सुंदर प्रसंग अपनी वाणी के द्वारा लोगों को कथा का पान कराया तथा उन्होंने सभी भक्तों को बताया कि सभी लोग अपने दैनिक कार्यों में बहुत ही व्यस्त रहते हैं फिर भी कुछ ना कुछ समय अपने इष्ट प्रभु के लिए अवश्य निकालें और आज के समय में कुछ लोग भागवत को मनोरंजन का साधन समझ बैठते हैं। और बहुत ज्यादा नाच नौटंकी करवा देते हैं ।जो की पूर्ण तया अनुचित है। आप पुण्य को प्राप्त न करके पाप को प्राप्त कर लेते हैं देव स्थल मोदी का इतिहास रहा है आज तक जो भी कार्यक्रम हुए हैं कभी भी यहां पर भोजन प्रसाद वितरण में कोई भी व्यवधान नहीं आया है और ना ही भंडारे में कभी कमी आई है हमारे गांव मोदी के सभी युवाओं ने मिलकर के अब भगवान की भागवत कथा का आयोजन करवाया एक सप्ताह सभी क्षेत्रवासियों ने कथा का रसपान किया युवाओं में प्रमुख रूप से विमल कुमार प्रधान ग्राम पंचायत मोदी ललित जादौन दीपक जादौन रधन बाथम शिक्षक प्रमोद कुमार पाल शिक्षक ईश कुमार शाक्य महेंद्र कुमार प्रजापति अभिनव पाल राहुल बाथम दीपक बाथम कमलेश बाथम राम हंस कप्तान बाथम आदि बड़ी संख्याओं में युवाओं ने भरपूर सहयोग दिया तथा मोदी के हलवाइयों ने भी शैदेश सक्सेना रवि बाथम लालू शाक्य ने भंडारा बनवाने में तन मन धन से सहयोग दिया दीपू हलवाई का भी सहयोग सराहनी रहा बड़े ही धूमधाम से श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ संपन्न हुआ क्षेत्र वासियों ने बड़े पैमाने पर प्रशंसा की है भंडारे की आखिरी दिन डीजे लगाकर के हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने युवाओं ने पूरे जोस के साथ रात भर भगवान के भजनों पर डांस किया और सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

## तस्करी के लिए ले जा रहे गोवंशों को ग्रामीणों ने पकड़ा, तस्कर फरार

- ट्रक छोड़कर भागे गो तस्कर, पशु क्रूरता निवारण का केस दर्ज

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

ऊंचाहार क्षेत्र में घूम रहे बेसहारा पशुओं की बड़े पैमाने पर तस्करी हो रही है। शुक्रवार की रात गोवंश लादकर जा रहे गो तस्करों को ग्रामीणों ने घेरा तो तस्कर ट्रक में लदे मवेशियों को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने ट्रक और मवेशियों को कब्जे में लेकर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के सवैया हसन गाँव के निकट का है। घटना शुक्रवार की देर रात की है। गो तस्कर ट्रक में गोवंशों को लादकर ले जा रहे थे, जानकारी मिलने पर ग्रामीण जब तक मौके पर पहुंचते उसके पहले ही वहां मौजूद लोग मौके से भाग निकले। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मौके पर लगभग 50 गोवंशों को ले जाया जा रहा था। आशंका जताई जा रही है कि ये गो तस्करी का खेल पिछले कई दिनों से चल रहा था जिसमें स्थानीय लोगों की संलिप्तता बताई जा रही है।फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।मामले में शामिल लोगों की तलाश की जा रही है।

## मनरेगा महिला मजदूरों ने ग्राम प्रधान व मेट के खिलाफ किया प्रदर्शन

- अपने घर से पैदल चलकर विकासखंड परिसर पहुंची महिला मजदूर
- ग्राम प्रधान ने मनरेगा महिला मजदूरों द्वारा लगाये जा रहे आरोपों का किया खंडनमौजूदगी में दबंग कर रहे बुजुर्ग की पिटाई

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकासक्षेत्र के शेषपुर समोधा गांव की रहने वाली दो दर्जन से ज्यादा मनरेगा की महिला मजदूर शनिवार सुबह 9:00 बजे गांव से पैदल चलकर विकासखंड परिसर पहुंचीद्य विकासखंड परिसर में पहुंचकर महिला मजदूरों ने ग्राम प्रधान व मेट के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, वह अपनी समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी संबोधित ज्ञापन सहायक पंचायत अधिकारी को सौपाद्य ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगों एवं समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में खालेगांव में स्थित एक तालाब की मनरेगा के तहत खुदाई का कार्य चल रहा है, जहां पर ग्राम प्रधान व मेट के माध्यम से हम सभी लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है, कार्य के दौरान मेट के द्वारा हम लोगों को इस भीषण गर्मी में 100 घन फिट मिट्टी खोदने के लिए कहा जाता है। लेकिन मानक में यह नहीं हैद्य वही मेट द्वारा हम मजदूर को पर्याप्त काम भी नहीं




दिया जाता है। और फर्जी मेट व मजदूरों की हाजिरी लगाकर सरकारी धन का भी बंदर बाट किया जा रहा हैद्य साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि मेट अपने परिवारी जनों जो फर्जी मेट बने हुए हैं वह मौके पर काम पर भी नहीं आते हैं और उनके खाते में भुगतान भेज दिया जाता है और उनकी भी हाजिरी लगाई जाती है। इस संबंध में जब ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शेखपुर समोधा रामसागर यादव से बातचीत की गई तो उन्होंने मनरेगा की महिला मजदूरों द्वारा लगाए जा रहे हैं आरोपों का खंडन करते हुए स्वयं एवं अपने मेटो का बचाव किया और कहा की यह मजदूर जिम्मेदारी पूर्वक कोई भी कार्य नहीं करते हैं इसीलिए यह आरोप लगा रहे हैं।

## पत्रकार के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे के एल शर्मा

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि एवं वर्तमान में अमेठी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा पत्रकार के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे मालूम हो कि एक समाचार पत्र के डलमऊ संवाददाता राजेश यादव के पुत्र आयुष यादव की बीते गुरुवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी वही लगभग तीन माह पूर्व पत्रकार के छोटे बेटे आर्यन यादव की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है एक के बाद एक लगातार घाटी दो अप्रिय घटनाओं मैं तीन माह के अंतराल में एक साथ दो जवान बेटों को खो देने वाले पत्रकार राजेश यादव पर ईश्वर का ऐसा कहर बरपा जो भगवान से विश्वास उठने जैसा



लगता है घटना की सूचना कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को मिली तो उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर शोक संवेदना व्यक्त की थी सांसद सोनिया गांधी एवं प्रियंका गांधी व राहुल गांधी के निर्देश पर शनिवार को दोपहर 2:00 के करीब सांसद प्रतिनिधि एवं अमेठी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रायबरेली पंकज तिवारी एवं कांग्रेस युवा मोर्चा रायबरेली के जिला अध्यक्ष एवं डलमऊ तृतीय से जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र यादव के साथ शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए पत्रकार राजेश यादव के घर पहुंचे केएल शर्मा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढ़ाढंस बधाया और कहा कि विपदा की इस घड़ी में हम सभी उनके साथ हैं कांग्रेस पार्टी उनके दुख एवं समस्या में साथ खड़ी है पार्टी द्वारा हर संभव मदद की जाएगी।

## दबंगों ने लाठियों से हमला कर तीन को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के थुलेंडी गांव के रहने वाले अल्ताफ पुत्र हफीज ने थाने पर तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज




कराई है कि वह घर के बाहर एक डाले पर बैठा था। इसी दौरान गांव के ही आलम, मुन्ना ,तथा कल्लू पुत्र नसीम वहां पर आए और उसके ऊपर लाठियां से हमला कर दिया। शोर शराबा सुनकर उसका भाई राजू तथा बहन भी उसे बचाने के लिए आई, तभी आरोपी गणों ने उन लोगों पर भी लाठियां से हमला कर दिया । मारपीट की इस वारदात में सभी को गंभीर चोटे आ गईद्य पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

## हेल्थ एटीएम में 287 दिन में महज 640 जांचें

- मानक से कम हो रही जांचें, हेल्थ एटीएम के लाभ से मरीज हो रहे वंचित

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए पहला हेल्थ एटीएम बछरावां सीएचसी में लगाया गया, उसे भी सही ढंग से संचालित करने में स्वास्थ्य विभाग असफल हैंद्य जनपद में पहला हेल्थ एटीएम 23 फरवरी 2024 को शुरू हुआ परंतु 287 दिन बीतने के बाद सिर्फ640 जांच ही महज बछरावां सीएचसी में हेल्थ एटीएम में तैनात स्टाफ नर्स वंदना द्वारा कराई गई। मानक के अनुसार एक दिन में तीन से चार जांच करने का मानक तय किया गया था। परंतु मानक के विपरीत लचर कार्य शैली के कारण क्षेत्र से आए लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया नहीं हो पा रही हैं। सीएचसी में आए क्षेत्र के लोगों की माने तो हेल्थ एटीएम का उपयोग नहीं किया जाता है ना किसी मरीज की जांच के लिए उसका ताला खोला जाता है। परंतु हेल्थ एटीएम प्रभारी डॉ प्रभात मिश्रा लगातार जांचों का आंकड़ा दे रहे हैद्य बछरावां हेल्थ एटीएम में होने वाली जांच में बॉडी मास इंडेक्स, ब्लड प्रेशर, मेटाबॉलिक ऐज, बॉडी फैट, हाईड्रेशन, पल्स रेट, हाइट, मसल मास, शरीर का तापमान, शरीर में ऑक्सिजन की मात्रा, वजन , एफसीसी जांच, ईएनटी जांच, क्लोएस्ट्रोल ,आदि 18 जांच सहित बछरावां हेल्थ एटीएम में जांच सुविधा उपलब्ध होने का दावा हैद्य हेल्थ एटीएम के प्रभारी डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने कहा कि सभी केमिकल उपलब्ध हैं। एक दिन में तीन से चार जांचें करने का मानक हैं, 287 दिन में 640 जांचें कराई गई है संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

## बेतहाशा गर्मी से सड़कें हुईं सुनसान

- ठंडे पेय पदार्थ एवं फलों की दुकानों सहित इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में गर्मी के यंत्रों की उपभोक्ता कर रहे हैं जमकर खरीददारी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बेतहाशा पड़ रही गर्मी से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त इस समय सूर्य देवता आसमान से जमकर आग बरसा रहे हैं और लोग घरों में दूबकने के लिए मजबूर हो रहे हैं सुबह 9ः00 बजे तक सड़कों पर कुछ भीड़ रहती है उसके बाद जैसे-जैसे पारा ऊपर चढ़ता है सड़के सुनसान हो जाती है बहुत जरूरी कार्य पर ही लोग घरों से निकलने को मजबूर होते हैं अन्यथा ज्यादातर लोग घरों में ही रहना पसंद करते हैं ।वही जो लोग बाहर निकलते भी हैं वह पेय पदार्थ की दुकानों पर अधिक मात्रा में खड़े हुए दिखाई पड़ते हैं गर्मी से बचने के लिए गमछा पानी कोल्ड ड्रिंक गन्ने का रस लस्सी सहित अन्य ठंडे पेय पदार्थ की बिक्री बढ़ी हुई है। वही लोग इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकानों पर भी काफी मात्रा में नजर आ रहे हैं पंखा कूलर एसी सहित गर्मी से बचाव के यंत्रों की खरीदारी जोरों से चल रही है।

### गर्मी से बचाव

गर्मी से बचाव कैसे हो इसके लिए डॉक्टरों ने बताया है की अधिक से अधिक मात्रा में पानी पिए अधिक धूप में ना निकले फुल बांह के कपड़े पहने गमछे का प्रयोग करें और तली भूनी हुई चीजों को खाने से बचे कटे-फटे फल खाने से बचे जिससे गर्मी से बचा जा सके और बीमारियों से भी बचा जा सके।

## निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच कैंप मे हुआ मरीजों का परीक्षण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शिवा कॉलोनी मुन्नी का अड्डा पर वरिष्ठ समाजसेवी रामशरण गुप्ता के सफल प्रयास से लोटस टी एम टी मेडिकल बस कैंप लगाकर जरूरतमंद लोगों की कुशल चिकित्सकों द्वारा निशुल्क जांच के साथ नेत्र रोगियों को चश्मा व अन्य रोगियों की जांच के साथ दवा वितरण की गई। वरिष्ठ समाजसेवी रामशरण गुप्ता ने बताया की बड़ी संख्या में मरीजों की जांच के साथ दवा दी गई विगत पूर्व दिनों में लगभग 4 हजार रोगियों का निशुल्क परीक्षण किया गया वहीं कल रविवार को कचौरा रोड साई मन्दिर पर चिकित्सा शिविर आयोजित किया जायेगा। डॉ. शफीकुल इस्लाम नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. शाहवनराय डेंटिस्, डॉ. हरदीक गिलानी फिजिशियन ने मरीजों का परीक्षण किया और परामर्श दिया। इस अवसर पर हरिओम गुप्ता,श्याम, निवास वर्मा, प्रेम कुमार वर्मा, अंबरीश, धर्मेंद्र जैन, इकरार, रंजीत आदि मौजूद रहे।

## आगरा से नेपाल जा रहा गैस कैप्सूल ट्रक कठिना पुल पर पलटा, हादसा टला

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

आगरा से नेपाल जा रहा गैस से भरा कैप्सूल ट्रक शनिवार सुबह कठिना पुल पर अनियंत्रित होकर पलट गया।ट्रक चालक गंभीर रुप से घायल हो गया।मार्ग से गुजर रहे ग्रामीणों ने घायल चालक को इलाज के लिए एम्बुलेंस से मोहम्मदी सीएचसी भेजा।गनीमत रही कि कैप्सूल का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के बाद भी बड़ा हादसा होने से टल गया। वरना गैस रिसाव होने से बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अमीरनगर चौकी प्रभारी अरविंद तिवारी ने कैप्सूल को क्रेन से उठाकर सीधा कराया। हादसे में कैप्सूल चालक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। कैप्सूल पुलिस की निगरानी में



है।शनिवार की सुबह आगरा से नेपाल कैप्सूल ट्रक गैस लेकर जा रहा था। कैप्सूल को जिला बस्ती निवासी अरविंद चला रहा था। सुबह करीब 5 बजे कैप्सूल कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के कठिना मोड़ पुल पर अनियंत्रित होकर पलट गया। कैप्सूल ट्रक का पिछला हिस्सा पुल के नीचे लटक गया वहीं अगला हिस्सा पुल में फंसकर क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही की ट्रक कैप्सूल की सामने से आ रहे न किसी वाहन से टक्कर हुई न गैस का रिसाव हुआ। यदि कैप्सूल से गैस रिसाव हो जाता तो बड़ा हादसा होना स्वाभाविक था। चौकी प्रभारी ने बताया कि कैप्सूल पलटने से चालक अरविंद कुमार जख्मी हो गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कैप्सूल को सीधा कराया। कैप्सूल पुलिस की निगरानी में रखा गया है।

## दबंगों ने महिला को मारा-पीटा, शराबी पति की पुलिस से की शिकायत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

मामूली कहासुनी के बाद दबंगो ने महिला के साथ मारपीट की है पुलिस ने जांच पडताल शुरु कर दी है वही जरिया थाने के कांशीराम कालोनी गोहांड निवासी माया पत्नी नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह गोहांड में सब्जी बेचने का काम करती है। सब्जी खरीदने को लेकर मनोज पुत्र फूलसिंह निवासी नवादा गोहांड से कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर गुरुवार की रात अपने पिता व साथी मनीष उसके घर पर आए और पुरानी बातों को लेकर गाली गलौज करने लगे। वह अपने पति व पुत्री अंशिका के साथ पुलिस चौकी में शिकायत करने जा रही थी। तभी लोगों ने रास्ते में रोककर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट से सभी को चोटें आई हैं। पति को गंभीर चोटें होने पर मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। बताया कि जब वह पुलिस को फोन लगा रही थी तभी उसका मोबाइल तोड़ दिया। पीड़िता ने जरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जरिया थाने के करही गांव निवासी पूजा पत्नी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि उसका पति शराब के नशे में आए दिन मारपीट करता है। गुरुवार को उसका पति शराब के नशे में घर आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। बताया कि कुल्हाड़ी से मारने का प्रयास किया। जब उसकी सास कमला देवी बचाने आई तो उसे भी मारा-पीटा। पीड़िता ने जरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## हादसे में शहीद हुए ईरान के राष्ट्रपति को दी श्रद्धांजलि

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

ईरान के राष्ट्रपति डा. सैयद इब्राहीम रईसी सहित तमाम शोहदाये ईरान के इसाले सवाब के लिए मस्जिद पंजतनी इटावा में मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर शोहदाये ईरान को श्रद्धांजलि अर्पित कर गम का इजहार किया।

मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने मजलिस में तकरीर करते हुए कहा ईरान के सुप्रीम लीडर ने एलान किया है कि अगर इस हादसे में किसी की साजिश निकलती है तो इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। जालिम फिलिस्तीन के टक्कर लेने की जब किसी देश ने हिम्मत नही जुटाई तो ईरान ने कहा कि वह बेगुनाह लोगों के खून का फिलिस्तीन से बदला लेगा। ईरान के राष्ट्रपति डा. सैयद



इब्राहीम रईसी ने कुछ दिन पूर्व ही फिलिस्तीन पर हमला करके अपने इरादे साफ कर दिए थे कि ईरान बेगुनाहों पर जुल्म नही होने देगा। लेकिन हादसे में वह शहीद हो गए। राष्ट्रपति रईसी मशहद में पैदा हुए थे वह करीब 65 वर्ष के थे। स्व. रईसी की मां काफी वृद्ध हैं। मजलिस में हाजी कमर अब्बास नक़वी, हाजी अरशद मरगूब, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, समर अब्बास नक़वी, तनवीर हसन, तस्लीम रज़ा, सलीम रज़ा, मो. मियां, मो.अब्बास, राहत हुसैन रिज़वी, रियाज रिज़वी, अयाज हुसैन, आतिफ एड., आले रज़ा नक़वी, इबाद रिज़वी, जहूर नक़वी, अली साबिर, मो. जुनैद, मो. हुसैन राहिल, अश्शू रिज़वी, परवेज हसनैन, मो. अतीक सहित तमाम लोगों ने भाग लेकर ईरान के राष्ट्रपति डा. सैयद इब्राहीम रईसी, आयुतुल्ला सैयद मोहम्मद अली आले हाशिम, डा. हुसैन आमिर, डा. मालिक रहमती, सरदार सैयद मेहदी मूसवी सहित अन्य शोदाये ईरान लो श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## पुलिस ने बालिकाओं छात्राओं एवं महिलाओं को किया जागरूक

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर आउटरीच प्रोग्राम संचालित कराये गये। प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन में शक्ति दीदी महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों,कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमत्री सामुहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर निम्न नंबरों या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया गया।

## जीवन की जय-मृत्यु का क्षय

वैयक्तिक स्तर पर तो मृत्यु अपरिहार्य सत्य है, किन्तु प्रवाह रूप में जीवन धारा का सातत्य ही संसार को चलाये रखने वाली प्रक्रिया है। वर्तमान विकास यात्रा में प्रकृति के साथ आधुनिक संस्कृति का टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंचता जा रहा है। जिसने सतत जीवन धारा को ही खंडित करना आरंभ कर दिया है। इस संस्कृति का आधार विज्ञान, तकनीक का गुलाम होकर भेदवादी शक्तियों की ताकत बनता जा रहा है। समग्रतावादी आध्यात्मिक चिंतन, जो विश्व समाज को जोड़ने का काम करता है, हाशिए पर जा रहा है। जिसकी परिणति आत्ममुग्धता और अहंकार जनित युद्धों और पर्यावरण विध्वंस के रूप में हो रही है। यूनेस्को के संविधान की घोषणा के ये शब्द इस विषय में प्रासंगिक हैं- युद्ध मनुष्यों के मन में आरंभ होते हैं, पर्यावरण संबंधी समस्याएं भी मनुष्य के मन में ही आरंभ होती हैं। इसलिए वास्तविक रूप में मानवीय, बौद्धिक नैतिक पर्यावरण की नींव मानव मन में ही डालनी होगी। वर्तमान विश्व समाज, विशेषज्ञ संचालित है। विशेषज्ञ चीजों को टुकड़ों में विश्लेषण द्वारा समझते हैं। जिससे समग्र हित साधन की समझ गायब हो जाति है। जैसे एक विशेषज्ञ चिकित्सक शरीर का इलाज करेगा तो आंख, कान, नाक, गुर्दा, हृदय, के अनुसार करेगा। यदि गुर्दे का इलाज करते हृदय को हानि पंहुच जाए जिससे सारा शरीर दुष्प्रभावित हो जाए तो उस पर चिकित्सक का वश नहीं रहता। औद्योगिक विशेषज्ञता ने प्रकृति के मूल जीवनदायी तत्वों हवा, पानी, मिट्टी (भोजन) को ही संकट ग्रस्त कर दिया है। वायु प्रदूषण के लगातार बढ़ते स्तर के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव के चलते वैश्विक तापमान में अभूत पूर्व वृद्धि हो रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद से हो रही तापमान वृद्धि के कारण जलवायु परिवर्तन का खतरा मंडराने लगा है। दुनिया भर में बे–मौसमी और भारी बारिश, भयंकर समुद्री तूफान, बाढ़–सूखा– चक्र, भूस्खलन, और बर्फीले तूफानों का क्रम लगातार बढ़ता जा रहा है। अगर वैश्विक तापमान वृद्धि को दो डिग्री सेंटीग्रेट के भीतर नहीं रोका गया तो जलवायु परिवर्तन के परिणाम कितने भयंकर होंगे इस बात का अनुमान लगाना भी कठिन है। तापमान में 1 डिग्री वृद्धि तो हो ही चुकी है। इसी मई में ही हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बादल फटने की घटनाएं हो चुकी हैं। ये सब असामन्य घटनाएं हैं। इसका दूसरा बड़ा प्रभाव ग्लेशियर पिघलने के रूप में सामने आ रहा है। यदि यही स्थिति रही तो 2050 तक दुनिया भर के अधिकांश ग्लेशियर समाप्त होने के कगार पर होंगे। इससे समुद्र की सतह ऊपर उठ जाएगी और समुद्र किनारे के कई देश, द्वीप और इलाके पानी में डूब जाएंगे। वेनजुएला ग्लेशियर समाप्त होने वाला पहला देश बनने जा रहा है। हिमालय और ध्रुवीय ग्लेशियर भी इसी परिणाम को प्राप्त होने वाले हैं। ग्लेशियर पिघलने से बनी झीलों के अचानक फट जाने का खतरा बना रहता है। जिससे भयानक बाढ़ें अचानक आने के चलते भारी जन–धन की हानि हो जाति है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम आदि राज्य पहले ही इस कारण आने वाली त्रासदियों को झेल चुके हैं। अभी सतलुज के पनढल में पिछले एक वर्ष में ही ग्लेशियर पिघलने से 52 नई झील निर्मित हो चुकी हैं। सैटेलाइट अनुदर्शन से खुलासा हुआ है कि यहां 2022 में 414 ग्लेशियल झीलें थीं अब यहां 466 झीलें हैं। वायु प्रदूषण से त्रस्त शहरों में वायु की गुणवत्ता सांस लेने के लिए सुरक्षित नहीं बची है। जिससे सांस की बीमारियों में भारी बढ़ोतरी हो रही है।

# वोटर लिस्ट में बढ़ती महिलाएं संसद में कब बढ़ेंगी?

**प्रियंका सौरभ**

भारत में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक समान नहीं रही है। इसमें समय-समय पर हमेशा बदलाव होता रहा है। यदि हम महिलाओं की स्थिति का आकलन करें तो पता चलेगा कि वैदिक युग से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की सामाजिक स्थिति में अनेक तरह के उतार-चढ़ाव आते रहे हैं और उसके अनुसार ही उनके अधिकारों में बदलाव भी होता रहा है। इन बदलावों का ही परिणाम है कि महिलाओं का योगदान भारतीय राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में दिनों-दिन बढ़ रहा है जो कि समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक सफल प्रयास है। चुनाव महिला उम्मीदवारों से जुड़े कई राजनीतिक पूर्वाग्रहों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। साथ ही महिलाओं का राजनीतिक सशक्तीकरण करने भी कारगर सिद्ध होगा।

तमाम प्रमुख राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में भारी फर्क है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देती, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। लेकिन टिकटों के बंटवारे के समय तमाम दल किसी न किसी बहाने महिलाओं को चुनाव लड़ने से दूर रखने का प्रयास करते रहे हैं। जब तक यह पुरुषवादी मानसिकता नहीं बदलती, महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद तस्वीर ज्यादा नहीं बदलेगी। महिला मतदाता इतनी महत्वपूर्ण कभी नहीं थी जितनी अब है। महिला मतदाताओं को तेजी से एक ऐसे निर्वाचन क्षेत्र के रूप में पहचाना जा रहा है जो परिणामों को प्रभावित कर सकता है, महिला आरक्षण विधेयक के जल्दबाजी में पारित होने से बेहतर इसका कोई प्रतीक नहीं है।

भाजपा द्वारा नारी शक्ति पर किए गए सभी बड़े दावों के बावजूद, नवंबर में पांच राज्यों के चुनावों में उसके केवल 10 से 15 प्रतिशत उम्मीदवार महिलाएं थीं। यही बात उन अन्य पार्टियों पर भी लागू होती है जिनकी अखिल भारतीय उपस्थिति है। भारत की महिला मतदाता, एक ताकत है जिसे गिना जाना चाहिए। राजनीतिक दल कल्याणकारी योजनाओं और रियायतों के वादों के साथ महिलाओं के वोट हासिल करने की होड़ में हैं, लेकिन सच्चा सशक्तिकरण अभी भी मायावी है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देती, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। देश की मतदाता सूची में महिला वोटरों की तादाद लगातार बढ़ रही है। लेकिन राजनीतिक दलों की ओर से टिकट नहीं मिलने के कारण वे इस अनुपात में संसद में नहीं पहुंच पातीं।



**बीते लोकसभा चुनाव में 542 सांसदों में से 78 महिलाएं थीं। इनमें सबसे अधिक उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 11-11 महिलाएं चुनाव जीती थीं। संसद में महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने वाली भाजपा ने 417 संसदीय सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें 68 महिलाएं हैं। यानी पार्टी ने सिर्फ 16 फीसदी महिलाओं पर ही भरोसा जताया है। भाजपा ने 2009 में 45, 2014 में 38 और 2019 में 55 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने अब तक 247 उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें 35 उम्मीदवार यानी 14 फीसदी से कुछ ज्यादा महिलाएं हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस ने 54 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया था। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में जिन 42 उम्मीदवारों की घोषणा है उनमें 12 महिलाएं हैं। लोकसभा चुनाव में कुल 96.8 करोड़ मतदाताओं में से 68 करोड़ लोग मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।**

मतदाताओं में आधी आबादी महिलाओं की है। पिछले 15 सालों में हिंदी बेल्ट राज्यों में उनकी संख्या में वृद्धि चुनाव परिणामों पर गहरा असर डाल रही है। इन सबके बीच एक सवाल यह भी उठता है कि भारत की संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अब भी कम क्यों है? क्यों अब भी लगभग सभी पार्टियां महिलाओं को टिकट देने से कतराती हैं?

बीते लोकसभा चुनाव में 542 सांसदों में से 78 महिलाएं थीं। इनमें सबसे अधिक उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 11-11 महिलाएं चुनाव जीती थीं। संसद में महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने वाली भाजपा ने 417 संसदीय सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें 68 महिलाएं हैं। यानी पार्टी ने सिर्फ 16 फीसदी महिलाओं पर ही भरोसा जताया है। भाजपा ने 2009 में 45, 2014 में 38 और 2019 में 55 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने अब तक 247 उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें 35 उम्मीदवार यानी 14 फीसदी से कुछ ज्यादा महिलाएं हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस ने 54 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया था। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में जिन 42 उम्मीदवारों की घोषणा है उनमें 12 महिलाएं हैं। लोकसभा चुनाव में कुल 96.8 करोड़ मतदाताओं में से 68 करोड़ लोग मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें 33 करोड़ यानी 49 फीसदी महिला मतदाता होंगी। 85.3 लाख महिलाएं पहली बार मतदान करेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2047 तक (2049 में संभावित चुनाव) महिला मतदाताओं की संख्या बढ़कर 55 फीसदी (50.6 करोड़) और पुरुषों की संख्या घटकर 45 फीसदी (41.4 करोड़) हो जाएगी। भारत के राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पिछले दशक की सबसे महत्वपूर्ण बातों में से एक है। महिला मतदाता अब चुनावों में पहले से कहीं अधिक बड़ी भूमिका निभा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अब साक्षरता बढ़ने के कारण महिलाएं राजनीतिक फैसला लेने वाले एक अहम समूह के रूप में उभर रही हैं। महिला आरक्षण विधेयक, रसोई गैस सब्सिडी, सस्ते ऋण और नकद राशि के वितरण जैसे कदमों से भाजपा के वोटों में वृद्धि में मदद मिली है। महिला वोटरों की संख्या बढ़ी है क्योंकि उनकी आबादी और शिक्षा भी बढ़ी है। राजनीतिक दलों ने भी जागरुकता फैलाने में योगदान दिया है। यह उनके भी हित में था की वो महिलाओं को जागरूक करें और मतदान के लिए प्रोत्साहित करें ताकि उनका वोट प्रतिशत बढ़ सके। महिलाओं की तरफ फोकस इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि पुरुष कई बार काम की तलाश में बाहर चले जाते हैं और ऐसे में वो मतदान के लिए अपने क्षेत्र में नहींआते हैं।÷ चुनाव आयोग ने भी इस दिशा में काम किया और महिलाओं के लिए बूथ तक पहुंचना और वोट डालना आसान बनाया। बूथों पर गर्भवती महिलाओं के लिए भी अलग इंतजाम किए जाते हैं। पर यह प्रगति इतनी धीमी है कि भारत अब भी कई बड़े देशों से इस मामले में पीछे है। महिला वोटर्स की संख्या में तो इजाफा हुआ है पर कैंडीडेट और सांसदों के तौर पर उनकी संख्या अभी भी बहुत कम है। तमाम राजनीतिक दल महिलाओं को कई स्पेशल स्कीम से लुभाने की कोशिश करते हैं। जैसे फ्री बस राइड, डायरेक्ट मनी ट्रांसफर आदि पर ज़्यादातर पार्टियां उन्हें टिकट देने के मामले में कंजूसी करती हैं। छत्तीसगढ़ और त्रिपुरा को छोड़ दें तो ज्यादातर राज्यों में महिला सांसदों की संख्या बहुत कम है। स्वामी विवेकानन्द का मानना है-किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्तम थर्मामीटर है, वहां की महिलाओं की स्थिति। हमें महिलाओं को ऐसी स्थिति में पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए, जहां वे अपनी समस्याओं को अपने ढंग से खुद सुलझा सकें।

## विचार

# सामाजिक उल्लास की परम्परागत व्यवस्था ही उत्सव है

**हृदयनारायण दीक्षित**



सत्य, शिव और सौंदर्य अस्तित्व का प्रसाद हैं। प्रसन्न होने के लिए यह सब पर्याप्त है। मनुष्य ने प्रत्यक्ष रूप में बड़ी उन्नति की है। भौतिक ज्ञान व्यापक हुआ है। विज्ञान के क्षेत्र में आश्चर्यजनक शोध हुए हैं। भारतीय दर्शन में आनंदमय चिंतन के शाश्वत सूत्र हैं। कला और सौंदर्यबोध भी शिखर पर हैं। सुख, स्वस्ति और आनंद भी अविरल प्रवाहमान हैं। लेकिन पश्चिम प्रेरित आधुनिकता ने जीवन को प्रतिस्पर्धी बनाया है। प्रतिस्पर्धी जीवन के प्रभाव में आनंद के स्रोत व्यक्ति को आश्वस्ति नहीं देते।

प्रसन्न रहना और प्रसन्न होना सभी व्यक्तियों का मौलिक अधिकार है। प्रसन्नता सहज सुलभ है। लेकिन प्रसन्नता के सूचकांक में दुनिया के तमाम देशों की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिम प्रेरित आधुनिकता में धन और भौतिक संसाधनों को संग्रह करने की प्रतिस्पर्धा है। व्यक्तिवाद बढ़ा है। सामाजिक उल्लास के लिए सामूहिक जीवन की आवश्यकता होती है। सामाजिक उल्लास की परम्परागत व्यवस्था का नाम उत्सव है। अकेला व्यक्ति प्रसन्न नहीं हो सकता। एकाकी व्यक्ति उत्सवों का आयोजन भी नहीं कर सकता। उत्सवों के आनंद घटे हैं। जीवन में प्रसाद का अभाव है और अवसाद का प्रभाव। अवसाद वस्तुतः पराजित मानसिकता का परिणाम है। मित्रता सुख देती है। मित्र परस्पर सुख-दुख बांटते हैं। लेकिन मित्रता भी स्वार्थ निरपेक्ष नहीं है। एकाकी होने में दुख है। एकाकी अनुभव होने में और ज्यादा दुख है। बृहदारण्यक उपनिषद में सृष्टि के विकास का सुन्दर वर्णन है। ऋषि कहते हैं, पहले वह अकेला था। अकेला होने के कारण उसे आनंद नहीं मिला। उसे अकेले में आनंद नहीं आया। आकार में सबसे बड़ी वृहदारण्यक उपनिषद् शतपथ ब्राह्मण का एक हिस्सा है। इसका अध्ययन विचारोत्तेजक है।

इसमें सृष्टि सृजन के सम्बंध में कहते हैं, पहले केवल आत्मा था। वह अकेला था-अहम्स्मि। बताते हैं कि वह भयभीत हुआ। उसने चारों ओर देखा। दूसरा कोई नहीं था। दूसरा कोई नहीं तो डर कैसा। वह निर्भय हो गया। इसका संदेश सुस्पष्ट है। आत्मबोध निर्भय बनाता है। आगे बताते हैं, उस अकेले को आनंद नहीं आया-स वै नैव रैमे तस्मात् एकाकी न रमते। वैसे भी अकेले को आनंद नहीं आता। एक कोई और हो तो अच्छा लगता है। उसने एक और की इच्छा की। उसने स्वयं को विभाजित कर दिया। वह एक से दो हो गया।

**आत्मविश्वास का संकट भी अंतर्मन को आहत करता है। तनाव भी दुख के लिए उत्तरदायी है। अवसाद से अनेक बीमारियां भी बढ़ती हैं। इसका उल्टा भी होता है। लम्बे समय की बीमारी भी अवसाद बढ़ाती है। अवसाद एक विशेष प्रकार की मनोदशा है। इस मनोदशा में स्वयं पर विश्वास नहीं रह जाता। आत्मविश्वास की कमी अवसाद को और भी बढाती है। इसके प्रभाव की गंभीरता को देखते हुए 2021 में जापान में मिनिस्ट्री ऑफ लोनलिनेस मंत्रालय बनाया गया। इस मंत्रालय का उद्देश्य लोगों को अवसाद की दशा से मुक्त करना था। लेकिन इस सरकारी विभाग के द्वारा किए गए काम कोई परिणाम नहीं दे सके।**

आत्मविश्वास का संकट भी अंतर्मन को आहत करता है। तनाव भी दुख के लिए उत्तरदायी है। अवसाद से अनेक बीमारियां भी बढ़ती हैं। इसका उल्टा भी होता है। लम्बे समय की बीमारी भी अवसाद बढ़ाती है। अवसाद एक विशेष प्रकार की मनोदशा है। इस मनोदशा में स्वयं पर विश्वास नहीं रह जाता। आत्मविश्वास की कमी अवसाद को और भी बढाती है। इसके प्रभाव की गंभीरता को देखते हुए 2021 में जापान में मिनिस्ट्री ऑफ लोनलिनेस मंत्रालय बनाया गया। इस मंत्रालय का उद्देश्य लोगों को अवसाद की दशा से मुक्त करना था। लेकिन इस सरकारी विभाग के द्वारा किए गए काम कोई परिणाम नहीं दे सके। दरअसल अवसाद जैसी खतरनाक मनोदशा को दूर करने के लिए सरकारी विभाग बना देना पर्याप्त नहीं है। निराशा विशेष प्रकार की मनोदशा है। आशा अभावग्रस्त व्यक्ति को भी दुखी नहीं होने देती।

आशा का सीधा अर्थ है कि भविष्य में सब कुछ अच्छा ही होगा। आशा भविष्य पर विश्वास है। निराशा अपने कर्मों पर भी विश्वास नहीं करने देती। मनोचिकित्सकों के लिए यह एक बीमारी है। उनका कहना है कि मस्तिष्क का एक हिस्सा मनुष्य को अपनी सुरक्षा के लिए सावधान करता है और उसके निर्णय लेने की विधि को भी प्रभावित करता है। ऊंचाई से डर लगना या लिफ्ट में घबराहट का अनुभव करना दुख है। अवसाद की स्थिति में मस्तिष्क का यह हिस्सा व्यवस्थित काम नहीं करता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अवसाद के मरीजों के मामलों में अग्रणी देशों में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीनकाल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है। लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है। भारतीय दर्शन परम्परा में परम सत्ता को समूचे अस्तित्व के लिए कर्ता- धर्ता बताया गया है। भारतीय संस्कृति में यथार्थवाद की अनेक धाराएं हैं। चार्वाक मत न ईश्वरीय सत्ता मानता है और न पुनर्जन्म। उसकी घोषणा मजेदार है, जब तक जियो सुख से जियो। उधार लो और घी खाओ-यावत् जीवेत्, सुखम् जीवेत। ऋणम् कृत्वा, घृतम् पीवेत। इस देह और संसार के परे कुछ भी नहीं है। इसे नास्तिक दर्शन माना जाता है। लेकिन यह दर्शन सुख की गारंटी देता है। ऋग्वेद से लेकर समस्त वैदिक साहित्य में आनंद प्राप्ति का दर्शन है।

## ममता सरकार संवैधानिक व्यवस्था से ऊपर से नहीं

**योगेंद्र योगी**

पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान और न्यायपालिका में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शगल बन गया है। ममता को सिर्फ वोट बैंक की राजनीति नजर आती है, इसके लिए बेशक कानून की कितनी ही धज्जियां क्यों न उड़ानी पड़ी। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े इन मुद्दों पर भी केंद्र की भाजपा सरकार की खिलाफत की है।

कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के हाइकमान ने भी कभी ऐसे आरोप केंद्र की भाजपा सरकार पर नहीं लगाए, जैसे कि ममता बनर्जी लगाती रही हैं। ममता ने भ्रष्टाचार, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग, राजनीतिक आधार पर बंदरबाट जैसे मुद्दों पर अदालतों से जितनी फटकार खाई है, उतनी देश के किसी राजनीतिक दल की सरकार ने नहीं खाई। इतना सब कुछ होने के बावजूद ममता बनर्जी अपनी आदतों से बाज नहीं आई हैं। नया मामला पश्चिमी बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को अदालत द्वारा रद्द करने का है। इस आदेश को सदाशयता से मान कर अपील करने की दलील देने के बजाए मुख्यमंत्री ममता ने ही फैसला देने वाले हाईकोर्ट के न्यायाधीश पर भाजपा समर्थक होने का आरोप लगा दिया। ऐसा करके ममता ने बगैर किसी भय के सरेआम अदालत की अवमानना कर दी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वह इस आदेश को स्वीकार नहीं करेंगी, जो तपशिली समुदाय को दिए गए अधिकार छीन लेगा।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस प्रशासन के तहत 2011 से बंगाल में जारी अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी प्रमाणपत्रों को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया।

अदालत ने कहा, हालांकि, इससे वर्तमान में शैक्षणिक संस्थानों में नौकरी या सीटें रखने वाले या जाति प्रमाण पत्र के साथ आवेदन दाखिल करने वाले लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

पश्चिम बंगाल में ओबीसी आरक्षण की पूरी कहानी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गठित सच्चर कमेटी की रिपोर्ट पर आधारित है। उस रिपोर्ट में देश में मुस्लिम समुदाय की स्थिति के बारे में विस्तृत बातें की गई थीं। रिपोर्ट में कहा गया था कि पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों में केवल 3.5 फीसदी ही मुस्लिम थे। इसी को आधार बनाकर 2010 में पश्चिम बंगाल की वाम मोर्चा सरकार ने 53 जातियों को ओबीसी की श्रेणी में डाल दिया और ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया। इस तरह उस वक्त करीब 87.1 फीसदी मुस्लिम आबादी आरक्षण के दायरे में आ गई। लेकिन, 2011 में वाम मोर्चा की सरकार सत्ता से बाहर हो गई और उसका यह फैसला कानून नहीं बन सका। फिर राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सरकार आई और ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बनीं। ममता की सरकार ने इस सूची को बढ़ाकर 77 कर दिया। 35 नई जातियों को इस सूची में जोड़ा गया, जिसमें से 33 मुस्लिम समुदाय की जातियां थीं। साथ ही तृणमूल सरकार ने भी राज्य में ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया। ममता सरकार के इस कानून की वजह से राज्य की 92 फीसदी मुस्लिम आबादी को आरक्षण का लाभ मिलने लगा। हाईकोर्ट ने ओबीसी के मामले में सरकार के फैसले को निरस्त कर दिया। इसके बाद तो मानो ममता का पारा उछल गया। ममता ने अदालत पर मनमाने आरोप लगा दिए। उच्च न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीशों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक न्यायाधीश कह रहा है कि मैं आरएसएस का आदमी हूं, दूसरा भाजपा में शामिल हो जाता है। आप इस तरह से न्यायाधीश कैसे बन सकते हैं और अदालतों की अध्यक्षता कैसे कर सकते हैं? पार्टी के वरिष्ठ नेता और सुश्री बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने भी आरोप लगाया कि अदालत का फैसला तपशिली समुदाय के लिए आरक्षण रद्द करने के भाजपा के प्रयासों का हिस्सा है।



## राशिफल

**मेषः**- अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। असीम प्रतिभाओं के बावजूद असफल होंगे।

**बृषभः**- विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुनः**- किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाप संभव।

**कर्क** :- किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंहः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें।

**कन्याः**- कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुलाः**- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**वृश्चिकः**- बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। परिवार में खुशहाल स्थिति से मन प्रसन्न होगा।

**धनुः**- दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है।

**मकरः**- रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।

**कुंभः**- रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मीनः**- आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

# अकादमी कर रहीं साहित्य का सत्यानाश!

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

साहित्य किसी भी देश और समाज का दर्पण होता है। इस दर्पण को साफ-सुथरा रखने का काम करती हैं वहां की साहित्य अकादमियां। लेकिन सोचिये क्या होगा? जब देश या राज्य का आईना सही से काम न कर रहा हो तो वहां की सरकार पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। जी हां, ऐसा ही कुछ हो रहा है देश के राज्यों की साहित्य अकादमियों में। किसी भी राज्य की साहित्य अकादमी के अध्यक्ष है होते हैं राज्य के मुख्यमंत्री। मुख्यमंत्री जिस संस्था के अध्यक्ष हों वही संस्था अगर सही से काम न करें तो बाकी संस्थाओं की स्थिति का अंदाजा आप लगा सकते है।

आज हम देखते हैं कि अधिकांश साहित्य और कला अकादमियों के मंच पर पुरस्कृत होने वाले लोगों में अधिकतर को कोई जानता भी नहीं है। यह सच है कि आज जितनी राजनीति में राजनीति है उससे अधिक राजनीति साहित्य और कलाओं में है। प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे जलने वाली मशाल कहा था। लेकिन देश भर में आज साहित्य राजनेताओं के पीछे चल रहा है। पिछले दशकों में हुए साहित्य, संस्कृति और भाषा के पतन का असर आगामी पीढ़ियों तक जाएगा। लेकिन किसे फिक्र है। राज्य



अकादमी पुरस्कारों की वार्षिक गतिविधियां संदिग्ध है। जो कार्य एक वर्ष में पूर्ण होने चाहिए उनको करने में सालों लग रहें है। पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया स्पष्ट और समयानुसार नहीं है। उदाहरण के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी के वार्षिक परिणामों की घोषणा का साल खत्म होने को है, मगर अभी तक नहीं हुई है। न ही आगामी साल का प्रपत्र जारी किया गया है। एक अकादमी के भीतर क्या- क्या खेल चलते हैं ? पारदर्शिता के अभाव में किसी को पता नहीं चलता। वैसे कोई भी पुरस्कार या सम्मान उत्कृष्टता का पैमाना नहीं हो सकता। हिंदी भाषा में निराला, मुक्तिबोध, फणीश्वरनाथ रेणु, धर्मवीर भारती, राजेंद्र यादव, असगर वजाहत जैसे महत्वपूर्ण कवियों-लेखकों को भी साहित्य अकादमी पुरस्कार नहीं दिया गया और बहुत से ऐसे लेखकों को पुरस्कृत किया गया, जिन्हें कभी का भुलाया जा चुका है। इस बारे में

**आज हम देखते हैं कि अधिकांश साहित्य और कला अकादमियों के मंच पर पुरस्कृत होने वाले लोगों में अधिकतर को कोई जानता भी नहीं है। यह सच है कि आज जितनी राजनीति में राजनीति है उससे अधिक राजनीति साहित्य और कलाओं में है। प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे जलने वाली मशाल कहा था। लेकिन देश भर में आज साहित्य राजनेताओं के पीछे चल रहा है। पिछले दशकों में हुए साहित्य, संस्कृति और भाषा के पतन का असर आगामी पीढ़ियों तक जाएगा। लेकिन किसे फिक्र है। राज्य अकादमी पुरस्कारों की वार्षिक गतिविधियां संदिग्ध है। जो कार्य एक वर्ष में पूर्ण होने चाहिए उनको करने में सालों लग रहें है। पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया स्पष्ट और समयानुसार नहीं है। उदाहरण के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी के वार्षिक परिणामों की घोषणा का साल खत्म होने को है।**

विचार करना चाहिए और पुरस्कार की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए। आज जिस प्रकार से सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कुछ योग्य एवं अयोग्य साहित्यकार, कवि, लेखक, कलाकार साम-दाम-दंड-भेद सब अपना रहे हैं और अपने प्रयासों में प्रायः सफल भी हो रहे हैं, उससे सम्मानों और पुरस्कारों के चयन की प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। पुरस्कारों की दौड़ में साहित्य का भला नहीं हो सकता। आज साहित्य और कला जगत में बहुत सी संस्थाएं काम कर रही हैं। इसे झुठलाया नहीं जा सकता कि किसी क्षेत्र विशेष या एक विचारधारा वाली संस्थाएं आपस में अनुबंध करके आगे बढ़ रही हैं। ये एग्रीमेंट यूं होता है कि आप हमें सम्मानित करेंगे और हम आपको। और ये सिलसिला लगातार चल रहा है अखबारों और सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरता है। आम पाठक को इससे कोई ज्यादा लेना देना नहीं होता। अब बात करते है सरकारी संस्थाओं और पुरस्कारों की। इनकी सच्चाई किसी से छुपी नहीं। जिसकी जितनी मजबूत लाठी, उतना बड़ा तमगा। सिफारिशों के चौराहों से गुजरते ये पुरस्कार पता नहीं, किस को मिल जाएं। किसी आवेदक को पता नहीं होता। इनकी बन्दरबांट तो पहले से ही जगजाहिर है। ऐसे पुरस्कारों की विश्वसनीयता को लेकर देश भर में गंभीर आरोप लग रहे हैं। सच्चा रचनाकार इनके चक्कर में कम ही पड़ रहा है। आज संस्थाएं एक दूजे की हो गई हैं। एक-दूसरे को सम्मानित करने और शॉल ओढ़ाने में लगी है। सरकारी पुरस्कार बन्दरबांट कहें या लाठी का दम। जितनी जान-पहचान उतना बड़ा तमगा। ये प्रमाण पुरस्कार विजेताओं की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हैं। आज देशभर की साहित्य अकादमियां पद और पुरस्कारों की बंदरबांट करने में लगी है। अधिकांश अकादमियों के कामकाज को देखकर तो यही लगता है। जब तक विशेषज्ञता के क्षेत्र में राजनीतिक नियुक्तियां होती रहेंगी तब तक ऐसी दुर्घटनाएं होती रहेगी। सिविल सेवा कमिशन और प्रदेशों की अकादमी में सदस्यों और अध्यक्षों की राजनीतिक नियुक्तियों ने इन संस्थाओं की विशेषज्ञता पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं। पिछले दशकों में पुरस्कारों की बंदर बांट कथित साहित्यकारों, कलाकारों और अपने लोगों को प्रस्तुत करने के लिए विशेष साहित्यकार, पुरोधा कलाकार, साहित्य ऋषि जैसी कई श्रेणियां बनी है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# हर घर जल योजना ने रास्तों को किया बर्बाद

- एक पखवारा से खुदी पड़ी लाईनों से आवागमन हुआ बाधित' सभासदों ने जताया विरोध



**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

हर घर जल योजना के तहत कार्यदायी संस्था द्वारा नगर पालिका कार्यालय से रोड मेप स्वीकृत कराए व बिना संज्ञान में लिए अपनी मर्जी से रोड कटिंग करते हुए जो नई लाईन डाली जा रही हैं वह कस्बा के लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन रही है तथा एक पखवारा से रोड कटिंग करते हुए नालियां खोदकर आवागमन बाधित कर दिया है।

वैसे तो कस्बा में पहले से ही अर्जुन पेयजल योजना के तहत पानी की सप्लाइ दो दशक से हो रही है लेकिन मानक के अनुरूप पेयजल सप्लाई योजना के तहत न होने पर कस्बा में भी हर घर जल योजना के तहत पाइप लाईन डाली जा रही है लेकिन इन पाइप लाइन को डालने के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा न तो नगर पालिका से अनुमति ली और न ही रोड मेप स्वीकृत कराया और अपनी मर्जी से ही सभी वाडों में खुदाई का काम शुरू कर दिया।

कस्बा के वार्ड सोहरयांव' घुसियाना' टिलवपुरा' पूर्वी व पश्चिमी अमरगंज' रायनपुर' ज्येन्द्रनगर' हटवारा' धनुषधारी राजमंदिर आदि में सड़कों की बेतरतीब खुदाई कराई जा रही है जिससे सभी वाडों में आवागमन बाधित है तथा अफरा तफरी पैदा हो गयी है। वार्ड सभासद ज्येन्द्रनगर रामजी महाराज ने बताया कि उनके वार्ड में गननौर मंदिर के पास करीब एक पखवारा पूर्व ही पाइप लाईन के लिए नाली बनाई गयी थी जिसमें आज तक काम नहीं हुआ है तथा आवागम बाधित है। इसी प्रकार वार्ड के कुशवाहा मुहाल के लोग घर से बाहर जाने तक के लिए परेशान हैं तथा बीमारी के दौरान मरीजों को चारपाई के माध्यम से खुदी नालियों को पार कराना पड़ रहा है। वार्ड सभासद धनुषधारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह परमार ने कहा कि कार्यदायी संस्था द्वारा पूरी तरह से मनमाना रवैया अपनाया जा रहा है जिसमें नगर पालिका व पालिका बोर्ड को विश्वास में लिए बिना ही कार्य कराया जा रहा है। पाइप लाईन को सड़क के किसी एक छोर से न डालकर सीसी रोड को बीचों बीच से काटकर पाइप लाईन डाली जा रही है जिससे सभी रास्ता ध्वस्त हो गए हैं तथा पालिका को करोड़ों रूपया का नुकसान हो रहा है।

सभासद सुरेन्द्र प्रताप सिंह' रामजी महाराज एवं पियूष खरे ने अधिशाषी अधिकारी के समक्ष आपत्ति दर्ज की है वहीं अधिशाषी अधिकारी अवधेश यादव ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी नामामि गंगे को पत्र लिखते हुए जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कराए जाने की मांग की है।

# संगीतमय भागवत कथा सुनने को उमड़ रहे भक्त

- कुलपहाड़ में दो स्थानों पर चल रही भागवत कथा



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के कुलपहाड़ नगर के सोनीगंज मुहाल में दो स्थानों पर संगीत मय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसे सुनने के लिए भारी संख्या में श्रोता गण उपस्थित हो रहे हैं।

काली माता मंदिर में दुली चंद्र सोनी के सौजन्य से कथा व्यास राधिका देवी द्वारा कथा का आयोजन कराया जा रहा है। इसी प्रकार राम अवतार सोनी द्वारा कथा व्यास पंडित शास्त्री प्रेमचंद दीक्षित द्वारा भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। काली माता मंदिर में कल कलश यात्रा के पश्चात शाम के समय कथा व्यास राधिका देवी द्वारा प्रथम दिन की कथा में मंगल चरण के साथ श्रीमद् भागवत कथा का महत्व पर विस्तार से वर्णन किया गया।

भागवत कथा सुनने से क्या फल प्राप्त होता है, इस पर बताया गया तथा धुंधकारी एवं गोकरण की कथा का भी बहुत ही मार्मिक ढंग से विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। संगीत में भागवत कथा सुनने के लिए भारी संख्या में भक्ति गण उपस्थित हो रहे हैं। संगीतमय भागवत कथा में संगीत वादक संतोष कुमार सुल्लेरे, गायक राजेश नायक, ढोलक वादक दीपक राज, पेड़ बालक अंकुर द्विवेदी सहयोग कर रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### दबंगों ने प्रधान पर झोंका फायर

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जनपद महोबा के कुलपहाड़ थाना अंतर्गत ग्राम रगौलिया बुजुर्ग प्रधान ने दबंगों द्वारा असलहा से फायर कर जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। थाना अंतर्गत ग्राम रगौलिया बुजुर्ग के ग्राम प्रधान महेन्द्र सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि वह बीते दिन 24 मई की रात्रि 10 बजे करीब एक शादी समारोह से वापस आ रहा था, तभी रास्ते में पेलेपार कुआं के पास पहले से घात लगाए बैठे दबंगों ने जान से मारने की नियत से असलहा से फायर कर हमला कर दिया। किसी तरह गाड़ी से भागकर जान बचाई। इस घटना को होते देखने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गई। प्रधान ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी दबंगों ने एक शादी समारोह में खाना खाते समय धमकी दी थी। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्र का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है, पुष्टि होने पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। वैसे लगाए गए आरोप फर्जी हैं।

### लीकेज चूल्हें से लगी आग, नातिन की मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** खाना बनाते समय गैस चूल्हे से पाइप निकल जाने पर आग लग गई। आग से दंपत्ति और नातिन गंभीर रूप से झलस गए। नातिन की जिला अस्पताल में उपचार दौरान मौत हो गई और महिला को मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया गया। घटना से मृतक के परिजनों में खासा कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पनवाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम किल्हौआ निवासी 50 वर्षीय रामकली पत्नी विजय सिंह शनिवार का गैस चूल्हे में खाना पका रही थी पास में ही उसकी नातिन 6 वर्षीय रुचि बैठी थी। अचानक गैस चूल्हे से गैस पाइप निकल गया और आग लगने से दोनों आग की चपेट में आ गई। आग देख महिला का पति और स्वजन ने मशक्कत के बाद आग बुझाई और सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर तीनों का उपचार किया गया और महिला व नातिन को मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया गया। लेकिन झांसी जाने से पहले नातिन की उपचार दौरान मौत हो गई। घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत पुलिस ने की चेकिंग



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल एंटी रोमियो स्कवायड द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर मनचलों/ अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौरोहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र-छात्राओं, युवक- युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया।

### हलक तर करने के लिये लोग भटकते हैं इधर-उधर

- कस्वे में फ्रीजर का कहीं नहीं अता पता, गर्मी में पेयजल की नहीं है कोई व्यवस्था



कुरारा(हमीरपुर) कस्बा कुरारा में भीषण गर्मी के बावजूद ठंडे पेयजल की व्यवस्था लोगो के लिए नही हो पा रही है। वही मुख्य स्थानों में प्याऊ की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। राहगीर पानी के लिए भटकते रहते हैं। कस्बा कुरारा में गर्मी के मौसम में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत द्वारा बेरी तिराहा,भोली रोड, मेन बाजार शिवमन्दिर, ब्लाक के समीप फ्रीजर की व्यवस्था की गई है। कस्बे के मुख्य बस स्टैंड में पूर्व में एक फ्रीजर लगाया गया था। भीड़भाड़ वाले इस स्थान का फ्रीजर गायब हो गया है। अन्य फ्रीजर जो लगे हैं उनमें ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। तथा देखरेख के अभाव में चारो तरफसे टोटी लीकेज कर रहे हैं। पूर्व में नगर पंचायत द्वारा कस्बे के भीड़भाड़ वाले स्थानों में लोगो के आवागमन वाले स्थानों में निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की जाती रही है। लेकिन अभी तक प्याऊ की व्यवस्था नहीं हो पा रही है।कस्बे के समाजसेवी ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ लगवाते थे। लेकिन इस वर्ष कोई प्याऊ नहीं लगे हैं। दोपहर में यात्रा करने वाले राहगीर पानी की तलाश में इधर उधर भटकते रहते हैं।

### नौतपा के पहले दिन 44 डिग्री के पार पहुंचा पारा

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे में नौतपा के पहले दिन दोपहर दो बजे तक 44 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। लोग छाता का सहारा लेकर सड़क पर निकल रहे हैं। दोपहर में लोग जरुरी काम से ही घर से निकले। सारा दिन सड़क पर सन्नाटा पसरा रहा शनिवार को नौतपा लगते ही गर्मी अपनी चरम सीमा पर पहुंच गई है। लोग दोपहर में घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। दोपहर करीब दो बजे 44 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंच गया। लोग जरूरी काम से ही घर से छाता व गमछा का सहारा लेकर निकले। दोपहर 12 बजे से सड़क पर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर को रामलीला मैदान चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती थी। ऐसे में कुछ ही वाहन दिख रहे हैं। वहीं इस भीषण गर्मी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उल्टी-दस्त के मरीज बढ़ गए हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश सिंह ने कहा कि गर्मी से बचने के लिए तरल पदार्थ का सेवन करें। दोपहर के समय घर से न निकले। पानी अधिक मात्रा में लें। ताजा भोजन करें।

# विवाद में वृद्ध को पीटकर किया घायल

- बीच बचाव के लिए आए एक युवक को भी पीटा
- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ लिखा मुकदमा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

भाईयों ने जमीन को लेकर हुए विवाद के कारण परिवार के ही वृद्ध की पिटाई कर उन्हें घायल कर दिया। उसे बचाने के लिए आए युवक को भी पीट दिया।

पीड़ितों की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजनर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खिरियाकला गांव निवासी 65 वर्षीय बद्रीप्रसाद प्रजापति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 मई की सुबह 8 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी परिवार के नीरज, सोनू व हरिओम तीनों भाई आए और जमीन को लेकर उनके साथ गाली गलौज करने लगे।

विरोध किया तो इन लोगों ने लाठी व कुल्हाड़ी से उन पर हमला कर घायल कर दिया। उसे बचाने मुकेश आया तो उसे भी मारापीटा। इसके बाद ये लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित वृद्ध ने घटना की जानकारी थाने में जाकर दी।

पुलिस ने आरोपी नीरज, सोनू व हरिओम तीनों भाईयों के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हलधर किसान यूनियन वाले किसान महापंचायत में भरेंगे हुंकार

**(महोबा), समृद्धि न्यूज।**

भारतीय हलधर किसान यूनियन की होटल अम्बे पैलेस में पदाधिकारियों की एक बैठक संगठन के महोबा जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में झाँसी से आये मुख्य अतिथि के रूप में बुंदेलखंड अध्यक्ष /मप्र प्रभारी जितेन्द्र भदौरिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह बछेवरा ,झाँसी जिलाध्यक्ष यादवेंद्र सिंह यादव ,बुंदेलखंड महासचिव दिलीप सिंह भदौरिया , एवं मंडल उपाध्यक्ष प्रेमचंद तिवारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम माँ चंद्रिका देवी की तश्वीर में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाला अर्पित की।



मुख्य अतिथि जितेन्द्र भदौरिया ने पदाधिकारी गणों की समीक्षा बैठक करते हुए आगामी जून माह में प्रस्तावित किसान महापंचायत को सफल कैसे बनाया जाए की योजना बनाई गई जिसके लिये सभी पदाधिकारियों को गांव गांव जाकर किसान भाईयों माताएं बहनों से आवाह्वान करते हुए कार्यक्रम में आने के लिए निवेदन करने की बात रखी गई क्योकि प्रस्तावित किसान महापंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी , राष्ट्रीय पदाधिकारी गण एवं प्रदेश अध्यक्ष पहली बार महोबा जिले के किसानो से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे ओर उनके निराकरण के लिए जिले के संबंधित अधिकारियों से उनकी परेशानियों को रखते हुए उनका निराकरण भी करवाएंगे,इसलिए किसान महापंचायत को सफल बनवाने के लिए पदाधिकारियों को सफलता के कई मूल मंत्र दिये। विशिष्ट अतिथि जयराम सिंह ने कहा कि किसानों के साथ कभी भी सरकार ने नरमी नही रखी ओर उनके हित को सर्वोपरि नही समझा इसलिए हम सबको मिलकर मजबूती से अपनी समस्यायों को सुलझाने के लिए स्वयं को ताकतवर बनाकर अपने हकों की लड़ाई लड़नी पड़ेगी। बैठक का संचालन महोबा तहशील अध्यक्ष राकेश यादव एवं आभार युवा तहशील प्रमुख महासचिव मोनू सिंह परिहार ने किया। बैठक में सर्वश्री जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी,जिला सचिव अनिल प्रताप सिंह,जिला उपाध्यक्ष दिनेश अहिरवार, शिशुपाल सिंह परिहार,राजेन्द्र सिंह परिहार, युवा जिला सचिव विनीत सिंह, चरखारी तहशील अध्यक्ष मनीष तिवारी, तहशील प्रमुख महासचिव जितेन्द्र यादव, जुगल किशोर गर्ग कुलपहाड़, ऋषि दीक्षित ब्लॉक अध्यक्ष जैतपुर,अनिल वर्मा, पनवाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी, अरविन्द सिंह भदौरिया, हरिहर सिंह, शैलेन्द्र सिंह परिहार, मीडिया प्रभारी चरखारी जुगुल किशोर द्विवेदी, मीडिया प्रभारी कुलपहाड़ प्रवीण पटेरिया सहित संगठन के सैकड़ो पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शासनादेश की धज्जियां उड़ा रहे परिषदीय विद्यालय के शिक्षक

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

- खंड शिक्षा अधिकारी का आदेश नहीं मान रहीं महिला हेडमास्टर

क्षेत्र में अभी भी दो-दो विद्यालयों के चार्ज संभाल रहे अध्यापक उच्चाधिकारियों के आदेश को धता बता रहे है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यवाही की बात कही है। उच्चाधिकारियों की उदासीनता के चलते क्षेत्र के कई परिषदीय विद्यालयों में तैनात प्रधान अध्यापक दूसरे विद्यालयों के चार्ज संभाल कर अतिरिक्त आय का स्रोत बनाए थे लेकिन शासन के सख्त निर्देश के बाद अध्यापकों के इस गोरखधंधे पर लगाम लगाई गई थी लेकिन अभी भी एकाध अध्यापक उच्चाधिकारियों के संरक्षण में शासन के निर्देशों को धता बताकर अतिरिक्त आय का स्रोत बनाए हुए हैं।

ग्राम सिजनौडा के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात नेहा गुप्ता को पूर्व में उच्चाधिकारियों ने पूर्वी तरौस तथा नवीन विद्यालय उपरौस के वित्तीय अधिकार प्रदान किये थे क्योंकि वहां पर किसी प्रधान अध्यापक की तैनाती नहीं थी लेकिन कुछ समय बीतने के बाद उपरोक्त विद्यालयों का चार्ज सईद सिद्दीकी प्रधान अध्यापक को प्रदान किए गए लेकिन अभी तक महिला अध्यापक ने वित्तीय अधिकार हस्तांतरित नहीं किये जिससे उपरोक्त विद्यालयों में बच्चों के लिए बनने वाले एमडीएम मीनू सहित अन्य कई चीजों में महिला प्रधान अध्यापक की राह देखनी पड़ती रही है। हालांकि जब से पूर्वी तरौस तथा नवीन विद्यालय उपरौस में प्रधान अध्यापक पद पर सईद सिद्दीकी की तैनाती हुई तब से खंड शिक्षा अधिकारी ने दो बार महिला प्रधान अध्यापक नेहा गुप्ता को नोटिस जारी कर वित्तीय अधिकार नवनियुक्त हेडमास्टर को प्रदान करने का आदेश जारी किया लेकिन अपने उच्चाधिकारियों के आदेश को महिला प्रधानाध्यापक ने एक तरफ रखकर नवनियुक्त इंचार्ज को वित्तीय अधिकार हस्तांतरित करना उचित नहीं समझा। उपरोक्त मामले में खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल ने बताया कि महिला प्रधान अध्यापक नेहा गुप्ता को उनके द्वारा दो बार नोटिस जारी की जा चुकी है लेकिन उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब न देते हुए अपने वित्तीय अधिकार हस्तांतरित नहीं किए हैं इसके बाद सोमवार को तीसरी नोटिस जारी की जाएगी यदि नोटिस जारी होने के बाद उनके द्वारा वित्तीय अधिकार हस्तांतरित नहीं किए गए तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित आला अधिकारियों को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा जाएगा। आपको बता दें कि नगर क्षेत्र में आठ सरकारी विद्यालय संचालित हैं जिसमें एकमात्र प्रधान अध्यापक सईद सिद्दीकी हैं बाकी दो शिक्षामित्र तथा सहायक अध्यापक हैं। अभी भी नगर क्षेत्र में संचालित परिषदीय विद्यालयों में कई अध्यापक 10-10 साल से झुंड बनाए उच्चाधिकारियों की मेहरबानी से जमे हुए हैं

### महिला समेत तीन लोगो के खिलाफरिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** पारिवारिक लोगों द्वारा मकान में कब्जे के उद्देश्य से आएदिन की जाने वाली मारपीट के मामले में पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।कस्बे के मराठीपुरा निवासी मोंटी सिंह पुत्र रमेश सिंह ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पारिवारिक लोग उमरी निवासी चंदन सिंह और सपना सिंह तथा हमीरपुर के रमेड़ी निवासी राजन उनके मकान में कब्जा करने के उद्देश्य से आए दिन मारपीट करने का काम करते हैं जिसके चलते उक्त लोगों ने बीते 18 मई और 24 मई को उसकी मां नीलम और बहिन तन्नू के साथ घर में घुसकर मारपीट की।

पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण करा गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा रहे पांच जुआरी गिरफ्तार

- थाना चरखारी की पुलिस टीम ने की कार्रवाई



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जुआरियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार द्वारा उपनिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने सार्वजनिक स्थान ग्राम गोरखा में नये तालाब के पास से जुआ खेल रहे राजेंद्र सिंह यादव पुत्र रामपाल यादव, रामदीन लोधी पुत्र राधाचरण, मुन्नाबाबू राजपूत पुत्र प्रकाशचन्द्र राजपूत, धीरज राजपूत पुत्र रामसिंह राजपूत, प्रमोद यादव पुत्र रामगोपाल को हिरासत में लिया। इस दौरान मौके पर फड से 910 व तलाशी में 310 रुपये बरामद हुए । जबकि पुलिस को आता देखकर चरन सिंह राजपूत व दीपू राजपूत पुत्र स्व0 अमर सिंह व रघ्घू विश्वकर्मा पुत्र घूराम विश्वकर्मा निवासीगण ग्राम गोरखा पुलिस को आता देखकर भाग निकले। जुआरियों के खिलाफ धारा 13 जी एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया।पुलिस के अभियान से जुआरियों में हड़कंप मचा हुआ है।



### समाजसेवियों ने पेड़ों में बांधे पानी के घड़े

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी में बेहाल बेजुबान पक्षियों को पानी पिलाने के लिए यहां जसवन्तनगर के मोहल्ला कोठी कैस्त में परिंडे बांधे गए तथा अन्य लोगों से भी अपने-अपने मोहल्ले में घड़े बांधने का आवाह्न किया गया। समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य एवं गोविंद गुप्ता की अगुवाई में परिंडे बांधे गए। उन्होंने बताया कि इन दिनों गर्मी काफी ज्यादा पड़ रही है। बेजुबान पशु पक्षियों को पानी की बहुत आवश्यकता होती है। इसको देखते हुए कोठी कैस्त मोहल्ले में चुनिंदा स्थानों पर पानी के परिंडे बांधे गए जिससे कि पक्षी इनमें पानी पी सकें। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म सेवा है। इसमें भी सबसे बड़ी सेवा पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना है। उन्होंने कहा कि हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि हम हमारे घर के आसपास परिंडे जरूर लगाएंगे। इस दौरान मोहन गुप्ता, सुरेश बाबू, सियाराम यादव, नरेंद्र कुमार, जमीलुद्दीन, लालू शर्मा, संजू राठौर आदि शामिल रहे।

# सर्विलांस नमूने भर भेजे गये जांच के लिये, हड़कंप

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**





दूध से बनी सामग्री के सर्विलांस नमूने भरने का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी व उनकी टीम द्वारा नगर में कई दुकानों पर पहुंच दूध से निर्मित वस्तुओं के नमूने भरे गए।सैम्पल भरने की सूचना लगते ही होटल व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। शासनादेश के मुताबिक जिले में हर तहसील से चालिस सर्विलांस नमूने(नियमित नमूने) भरने के आदेश दिये गये थे, जिसके तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंदलाल गुप्ता ने मौदहा कस्बे के बड़ा चौराहा स्थित राजू स्वीट हाउस में खोया का नमूना भरा तो वहीं लक्ष्मी स्वीट हाउस में लखन लाल गुप्ता के यहां मलीकुँवा चौराहे पर पनीर का, गुडाही बाजार स्थित आइसक्रीम की दुकान पर आइसक्रीम का नमूना भरा गया तो वहीं अमूल एजेंसी में मोती दूध के नाम से पैकेट बंद दूध का नमूना भरा गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंदलाल गुप्ता ने बताया की शासन के निर्देश पर दूध एवं दूध उत्पादन से संबंधित देशी व कंपनियों द्वारा निर्मित वस्तुओं के नमूने संग्रहित किया जा रहे हैं जिसे शासन भेजा जाएगा। नमूना भरने की सूचना मिलते ही नगर के होटल व्यवसाईयों में हड़कंप मचा रहा।

### अश्लील हरकतों का विरोध किया तो गाली गलौज किया

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र बिवांर के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि गांव का के एक युवक ने एक माह पूर्व उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए उसके साथ गाली गलौज की थी जिसकी शिकायत उसने बिवांर पुलिस से की थी। इस मामले में बिवार पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफकार्रवाई की थी लेकिन उसके बावजूद भी दबंग युवक 23 मई की शाम उसके दरवाजे पर आकर पेशाब करने लगा जब पीड़िता ने इस बात का विरोध किया तो दबंग युवक ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़िता ने शनिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पीड़ित महिला को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

# भगवान बुद्ध के अनुयायियों ने निकाली शोभा यात्रा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

भरथना ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोदी में भगवान बुद्ध के अनुयायियों द्वारा भगवान बुद्ध की रथ व बैंड बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई पंचायत घर ग्राम पंचायत मोदी भरथना से प्रारंभ होकर शोभायात्रा भर्थना बकेवर रोड होते हुए पुनः घाट मोहल्ला होते हुए पंचायत घर पर ही समाप्त हुई।



बताते चलें कि भगवान बुद्ध ने सदैव प्रत्येक वर्ग को सच्चे रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया बहुत सारी पुरानी परंपराओं को जो गलत समाज में संदेश दे रही थी उनको बंद करने के लिए तथा अंधविश्वास को कम करने का सदैव प्रयास किया इसके पश्चात रात्रि में भगवान बुद्ध की भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ जिसमें बाहर से आए कलाकारों ने सभी को मंत्र मुक्त कर दिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनप्रतिनिधि पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव मनोज यादव जिला पंचायत सदस्य, महेश भंते, रतन शाक्य भन्ते, प्रमोद पाल अनिल कुमार, विष्णु बिहारी , धर्मपाल शिव प्रताप राम नारायण ,धरम नारायण अवधेश कुमार रूपनारायण शाक्य, अशोक कुमार पूर्व प्रधान ललित जादौन युवा नेता पंडित राम नारायण मुकेश शाक्य विनोद डीलर मोनू बाबा आदि सैकड़ो की संख्या में लोग इस भव्य यात्रा में सम्मिलित हुए पूरा गांव भगवान बुद्ध की शोभायात्रा में एक साथ दिखाई दिया। तथा सड़कों पर बुद्धम शरणम गच्छामि धम्मम शरणम गच्छामि के नारे गूंजते हुए नजर आए। आज विश्व में सबसे अधिक लोग भगवान बुद्ध को मानने वाले हैं।

### रुपये निकालने गई किशोरी लापता

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** बिझावली गाँव से रुपए निकालने गई नाबालिक किशोरी तीन दिनों से लापता है, पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर तलाश में जुट गई है। लवेदी थाना क्षेत्र के विझावली गांव निवासी अतर सिंह पुत्र श्याम बिहारी राजपूत ने 16 बर्षीय बेटी गायब हो जाने का मामला लवेदी थाना में दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि बहादुरपुर बैंक मे रुपये निकालने गयी थी। इसके बाद वह वापस नहीं आई है। संभावित स्थानों व रिश्तेदारों के या खोज की गी। लेकिन उसका पता नहीं चला।अतर सिंह ने पुलिस से बेटी का तलास करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# अफसरों ने केंद्रीय कारागार की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने संयुक्त रूप से केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया।

उन्होंने सर्वप्रथम जेल परिसर में साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उक्त के पश्चात जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी बैरको में कैदियों का हाल-चाल जाना एवं मैस में जाकर खाने आदि की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने कैदियों के समय से उपचार हेतु चिकित्सक को निर्देशित किया। उन्होंने महिला बैरको के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं उनके खाने, पीने, चिकित्सा सुविधा आदि की व्यवस्था सुचारू रूप से किए जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक डॉक्टर रामधनी, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सैफई, एसडीएम सैफई सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



फोटो-03 जेल का निरीक्षण कर बाहर निकलते डीएम, एसएसपी।

इंडी गठबंधन देश के लुटेरे की जमात है

# कोई भी ताकत मोदी को सरकार बनाने से नहीं रोक सकती

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**




रार्बटसगंज सुरक्षित संसदीय सीट के राजग गठबंधन के प्रत्याशी रिंकी कोल के पक्ष में शनिवार को चिलचिलाती धूप में अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने हुंकार भरते हुए विपक्ष को जोरदार चुनौती दी नगवां विकासखंड के कोहरवल गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अनुप्रिया पटेल ने अपना दल एस प्रत्याशी रिंकी कोल को कप प्लेट के निशान ईवीएम की बटन दबाकर विजय दिलाने की अपील की उन्होंने कहा कि रावर्टसगंज संसदीय सुरक्षित सीट की जनता पूरी तरह इंडि गठबंधन के प्रत्याशी को नकार चुकी है और मोदी के नेतृत्व में पुनः एक बार देश का नेतृत्व सौंपने जा रही है उन्होंने कहा कि मतदाताओं की ताकत से बड़ी कोई ताकत नहीं है इंडि गठबंधन में देश के लुटेरों की पूरी जमात इकट्ठा हुई है देश को लूटने वाले पुनः एक बार देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं बिहार झारखंड दिल्ली आदि प्रान्त के बड़े नेता जमानत पर है। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में तीसरी बार मोदी की सरकार बनने जा रही है और यह पूरा विपक्ष जान रहा है ऐसे में वह तरह-तरह का अनर्गल और झूठा दुष्प्रचार करके देश में भ्रम और अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहा है सोनभद्र के लिए विकास की कई परियोजनाओं को इस सरकार ने चालू किया है ऐसे में यहां की जनता पूरी तरह दोबारा अपना दल यस प्रत्याशी रिंकी कोल को विजय श्री दिलाएगा।

अपने संबोधन में उन्होंने स्पष्ट कहा कि विपक्ष के पास ना कोई मुद्दा है न भविष्य के लिए कोई विजन है दो कार्यकाल के दौरान केंद्र में राजग सरकार पूरी तरह साफ सुथरी और बेदाग है ऐसे में विपक्ष के पास सिर्फ और सिर्फ भ्रांतियां बची है। राजग सरकार की प्राथमिकता में सिर्फ और सिर्फ विकास मुद्दा रहा है राष्ट्रहित मुद्दा रहा है आतंकवाद को कुचलना मुद्दा रहा है। अंत में अपना दल एस के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल ने आये हुए सभी अतिथियों व जनता जनार्दन का आभार प्रकट करते हुए सभा का समापन किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद व सदर विधायक भूपेश चौबे समेत अन्य ने भी संबोधित किया।

सभा में मुख्यरुप से एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल , सांसद पकौड़ी लाल कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल, जिला प्रभारी अनिल सिंह, लोकसभा प्रभारी रामप्रकाश दूबे, लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, अपना दल विधी प्रकोष्ठ राष्ट्रीय संयोजक अभिषेक चौबे, लोकसभा प्रभारी अपना दल प्रभात पटेल, संतोष शुक्ला, सुरेश शुक्ला, अनूप तिवारी, अनिल , हिरेश दूबे, परमानन्द पटेल, श्यामाचरण गिरी सहित आम जनमानस उपस्थित रहा।

# कागजात दिखाने के बाद जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली छोड़ी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

जगनेवा के पास अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिलने पर एसडीएम व सीओ समेत कोतवाली पुलिस ने एक जेसीबी मशीन समेत मिट्टी से लदी दो ट्रैक्टर को पकड़ लिया। जांच के दौरान आवश्यक कागजात दिखाने के बाद पकड़ी गई जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर ट्राली छोड़ दी गई।

शुक्रवार की रात एसडीएम अतुल कुमार को सूचना मिली कि ग्राम जगनेवा के पास अवैध रूप से मिट्टी का खनन हो रहा है। सूचना मिलते ही एसडीएम के साथ सीओ रामसिंह कोतवाल विमलेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर मशीन व मिट्टी की ढुलाई में लगे दो ट्रैक्टर ट्राली समेत पकड़ लिए। मौके पर टीम ने जब जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर चालकों से मिट्टी उठाने की परमीशन मांगी तो वह नहीं दिखा पाए। आवश्यक कागजात न दिखा पाने पर टीम ने पकड़ी गई जेसीबी मशीन व दो मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़कर कोतवाली में खड़े करा दिए। वहीं मशीन व ट्रैक्टर ट्राली पकड़े जाने की सूचना मशीन चालक ने ठेकेदार को दी। जिसके बाद सेतु निगम के ठेकेदार राजेश कुमार परिहार ने एसडीएम को बताया कि सहाव के पास सेतु निगम द्वारा काम कराया जा रहा है जिसमें मिट्टी की आवश्यकता है। इसके लिए 20 हजार घन मीटर मिट्टी उठाने की अनुमति ली है। उन्होंने अनुमति से संबंधित एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किए। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को पकड़े गए वाहनों को छोड़ने की अनुमति दे दी। साथ ही ठेकेदार को जेसीबी मशीन के चालक व ट्रैक्टर चालकों को अनुमति से संबंधित कागजातों की छायाप्रति उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।



मिट्टी खनन में पकड़ी गयी जेसीबी मशीन।

# लेखन में अतिरंजना और पीत पत्रकारिता का घालमेल न हो: रिछारिया

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**

तहसील मुख्यालय कोंच के पत्रकारों द्वारा आदि पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती शनिवार को सरोजिनी नायडू पार्क में मनाई गयी।

पत्रकार संजय सोनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों ने वैदिक रीति से देवर्षि नारद का पूजन किया एवं लोक कल्याण की कामना की। पत्रकार पुरुषोत्तमदास रिछारिया, अंजनी श्रीवास्तव, संजय सोनी आदि ने कहा, समाज में व्याप्त कुरीतियों और सामाजिक अव्यवस्थाओं के खिलाफपत्रकार अपनी कलम पूरी जोरदारी के साथ तो चलाएं लेकिन यह भी ध्यान रखें कि लेखन में अतिरंजना और पीत पत्रकारिता का घालमेल न हो। देवर्षि नारद वास्तव में ऐसे पत्रकार हैं जो समस्याओं को लेकर न केवल संवेदनशील हैं बल्कि उनका निदान भी उन्होंने दिया। संचालन मृदुल दांतरे और आभार तरुण निरंजन ने व्यक्त किया। इस दौरान मो. अफ्जाल खान, हरिश्चंद्र तिवारी, सेनेटरी इंस्पेक्टर हरीशंकर निरंजन, पवन अग्रवाल, रवि दुवे, राहुल राठौर, सौरभ मिश्रा, जयप्रकाश रावत, विवेक चड्ढा, आलम इकबाल, अरुण पटेल आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर पत्रकारों की आयोजित की गयी बैठक के दौरान पत्रकार साथी रविकांत द्विवेदी के खिलाफ पिछले दिनों खबर चलाने को लेकर उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा द्वारा साइबर सेल में दर्ज कराए गए मुकदमे को लेकर पत्रकारों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस बाबत एक प्रतिनिधिमंडल संगठन के जिला पदाधिकारियों के साथ सदर विधायक व अधिकारियों से वार्ता कर मुकदमे से रवि का नाम बाहर कराने का प्रयास किया जाएगा।

# अस्थाई गौशालाओं की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश

- निरीक्षण में फिर गड़बड़ी पायी गयी तो जिम्मेदारों पर होगी कार्यवाही

**कुठौंद, जालौन समृद्धि न्यूज।**

नौतपा प्रारंभ होने के बाद जहां तपन में वृद्धि हुई है वही जनपद में संचालित अस्थाई गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्था को परखने के लिए जनपद के उच्च अधिकारियों द्वारा आधुनिकता भरे सुख का परित्याग कर गांव में संचालित गौशालाओं के निरीक्षण में पूरी ताकत लगा दी है।

इसी क्रम में शनिवार को विकासखंड कुठौंद कार्यालय में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने औचक निरीक्षण कर सीधा गौआश्रय स्थलों की ओर अपना मूवमेंट कर दिया। बढ़ते तापमान के बीच उनका भी पारा सातवें आसमान पर था और उन्होंने सीधे अस्थाई गौशाला कुठौंद का निरीक्षण किया। अस्थाई गौशाला का निरीक्षण करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने पाया यहां पर सफाई व्यवस्था बेहतर नहीं है जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की साथ ही गौ वंशजों को स्वच्छ स्थान पर रखना शीतल जल की व्यवस्था करने तथा हरा चारा दिए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने अचानक अपना रुख अस्थाई गौशाला मदारीपुर के लिए कर लिया और वहां पहुंचे तो वहां पर व्यवस्थाएं सुचारू रूप से पाई गई। उन्होंने सफाई व्यवस्था और अधिक कराए जाने पर बल दिया साथ ही पंचायत सचिव शिवम गुप्ता को निर्देश दिये कि नेपियर घास व्यवस्थित रूप से गौ वंशजों को खिलाने का कार्य करें।

अस्थाई गौशाला बस्तेपुर का निरीक्षण करते समय नाराज दिखे टीन शैड में भूसा भंडारण किये जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। सफाई व्यवस्था में भी उन्होंने संतोष व्यक्त नहीं किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने काफी नाराजगी व्यक्त कर अधीनस्थों को निर्देश दिए 3 घंटे के अंदर व्यवस्थाओं में हर हाल में सुधार हो जाना चाहिए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी रवि तिवारी, सहायक विकास अधिकारी रामकुमार कुशवाहा पंचायत सचिव शिवम गुप्ता, शुभम वाजपेई आदि मौजूद रहे।



अस्थाई गौशाला का निरीक्षण करते प्रभारी सीडीओ।

# गायब नाबालिग को पुलिस ने चंद घंटे में ही खोज निकाला

- पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक को हिरासत में लिया
- कोतवाली प्रभारी की माने तो नाबालिग को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को गायब हुई नाबालिग महज कुछ घंटों में ही नगर से बरामद हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक युवक को भी हिरासत में लिया है।

नगर के एक मुहल्ला निवासी व्यक्ति ने शुक्रवार को सूचित किया था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री अचानक गायब हो गई है। मामला नाबालिग से जुडा होने के चलते पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया था और आनन फानन तलाश शुरू कर दी थी और कुछ ही घंटों बाद उसके नगर निवासी एक युवक के साथ घर में होने की सूचना मिली थी। आनन फानन मौके पर पहुंची पुलिस ने नाबालिग को कब्जे में लेकर उसके साथ मौजूद युवक को भी हिरासत में ले लिया था। कोतवाली प्रभारी की माने तो नाबालिग को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। जो भी रिपोर्ट आएगी उसी के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# युवक ने पहले पी शराब बाद में लगा दी मौत की छलांग



- एनडीआरएफकी टीम ने युवक के शव को नहर से किया बरामद

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**

एक युवक ने शुक्रवार की शाम नहर में छलांग लगा दी थी। एनडीआरएफ की टीम ने युवक का शव बरामद कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद झाँसी के ग्राम टोड़ी निवासी 40 वर्षीय युवक खो पुत्र मलखान क्षेत्र में डेरा डालकर आसपास के गांवों में चूड़ी कंगन बेचने का काम करता था। शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे वह शराब के नशे में धुत्त होकर कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरी से निकली नहर की पट्टी पर जा पहुंचा था और उसने नहर में छलांग लगा दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी थी जिसके बाद तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, थानाध्यक्ष नीलम सिंह, एसएसआई अश्वनी तिवारी और एनडीआरएफ टीम के प्रभारी राकेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे। एनडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत कर 18 घंटे बाद शनिवार की दोपहर 12 बजे उक्त युवक का शव नहर से बरामद कर लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहसीलदार ने बताया कि मृतक के आश्रितों को शासन द्वारा अनुमन्य सहायता राशि करीब 4 लाख रुपये शीघ्र ही दिलाए जायेंगे।



आसरा कालौनी में जलभराव का नजारा।

# आसरा आवास कालोनी में जलभराव से समस्या

**जालौन (उरई)।** नगर के आसरा आवास कॉलोनी में जल निकासी की समस्या लाइलाज नजर आ रही है। बारिश के मौसम में आसरा आवास कॉलोनी के बाशिंदों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। नगर में आसरा कॉलोनी के बाशिंदे जल भराव की समस्या से जूझ रहे हैं। नगर के मोहल्ला चुर्खीबाल में बनी आसरा आवास कॉलोनी में जलभराव की समस्या पिछले तीन-चार वर्षो से चली आ रही है। जिसमें जल निकासी की अभी तक कोई भी ठोस पहल होती नजर नहीं आई है। कुछ दिनों बाद बारिश का मौसम भी प्रारंभ होने वाला है। बारिश के दौरान यहां रहने वाले लोगों को अपने आवासों से निकलना भी मुश्किल पड़ जाता है। जल भराव की समस्या दूर न होने से इस बार भी कॉलोनी के लोगों को बारिश के मौसम में जल निकासी की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

# स्थायी दुकानदार पटरी दुकानदारों से वसूल रहे किराया

- नगर पालिका को नहीं मिल रही किराये के नाम पर फूटी कोड़ी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

फुटपाथ की जमीन पर दुकान लगाकर स्थायी दुकानदार किराए के नाम पर मोटी रकम वसूल कर रहे हैं। वहीं सरकार को टैक्स के नाम पर एक पैसा भी नहीं मिल पा रहा है।

नगर की फुटकर सब्जी मंडी, बिजली घर के आस पास स्थित है। इस मार्ग पर सड़क के दोनों किनारों पर फल व सब्जी समेत कई प्रकार की दुकानें लगी रहती है।

सड़क पर दोनों और स्थित फुटपाथ नगर पालिका परिषद की जमीन मानी जाती है। इस जमीन पर स्थायी दुकानदार सब्जी, फल, मूंगफली आदि की अस्थायी दुकानें लगा रहे हैं। लोगों की मानें तो स्थायी दुकानदार अस्थायी दुकानदार से फुटपाथ पर दुकानें लगाने के नाम पर दो से तीन हजार रुपए वसूलते हैं। वहीं ठेले वालों से एक से दो हजार रुपये वसूल किए जाते हैं। स्थायी दुकानदार फुटपाथ के दुकानदारों से किराए के नाम मोटी रकम वसूलकर आय का जरिया बनाए हुए हैं। जिसके कारण वह आमने सामने दुकान लगवाते हैं। फुटपाथ पर लगी दुकानों के कारण बाजार में अतिक्रमण है। जिसके चलते सब्जी मंडी में आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। अतिक्रमण हटाने पर प्रशासन की कार्यवाही पर फुटपाथ खाली हो जाता है। कार्यवाही पूर्ण होते ही फुटपाथ पर पुनः अतिक्रमण हो जाता है। नगर के महेंद्र, प्रतीक, लोकेंद्र आदि ने इस मामले में कार्यवाही किए जाने की मांग नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी से की है।



फुटपाथ पर दुकान लगाये दुकानदार।

## खबरें एक नजर में

### नर्मदेश्वर मंदिर में हुआ सामूहिक सुंदरकांड का पाठ



सामूहिक सुंदरकांड का पाठ करते भक्तजन।

**जालौन (उरई)।** नर्मदेश्वर मन्दिर जालौन में 84वां सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ संपन्न हुआ। जिसमें भक्तों ने सामकूहिक सुंदरकांड पाठ में भाग लिया। नमो नमो सनातन हिंदू महासभा के तत्वावधान मे शनिवार को नर्मदेश्वर मंदिर परिसर में 84वां सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ संपन्न हुआ। नर्मदेश्वर बाबा व हनुमानजी महाराज के पूजन के उपरांत 84वां सामूहिक हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद नर्मदेश्वर बाबा व श्रीहनुमानजी महाराज की आरती की गई व पुष्प अर्पित करने के बाद प्रसाद वितरित किया गया। सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ में नमो नमो सनातन हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद मिश्रा, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा, राष्ट्रीय महामंत्री त्रिलोकी नाथ गुप्ता, अवधकिशोर त्रिवेदी, अतुल द्विवेदी, संतोष सोनी, सोहनलाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### बाइक सवारों ने डंडा मार किया लहुलुहान

**जालौन (उरई)।** बाइक सवारों द्वारा सड़क किनारे पीछे से सर में डंडा मारकर घायल कर देने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम रिनियां निवासी चंद्रशेखर ने पुलिस को बताया कि वह औरैया रोड स्थित प्रतापपुरा के पास उसकी बाईक रास्ते में चलते हुए बंद हो गई थी। वह सड़क किनारे बाइक को खड़ा करके सुधारने लगा। तभी अचानक पीछे से एक बाइक पर तीन अज्ञात लोग वहां आए और उसके सिर पर पीछे से डंडा मार दिया। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। राहगीरों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार किया। पीड़ित की तहरीर पर पर पुलिस ने आरोपी तीन बाइक सवारों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कोर्ट के आदेश पर दंपत्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कोंच (जालौन)।** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दंपत्ति पर महिला का अपहरण कर ले जाने और पुत्र के खिलाफदुष्कर्म करने सहित 50 हजार रुपये छीन लेने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। नगर के मुहल्ला भगत सिंह नगर निवासी एक 31 वर्षीय महिला ने कोर्ट में वाद दायर कर बताया कि बीती 14 जनवरी 2024 को मुहल्ले के ही प्रेम सिंह अपनी पत्नी मीरा और पुत्र अजय के साथ मिलकर उसका अपहरण कर एक स्थान पर ले गए थे जहाँ प्रेम सिंह के एक दूसरे पुत्र विजय कुशवाहा उर्फ गुटई ने उसके साथ बलपूर्वक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जातिसूचक गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी, इतना ही नहीं उक्त लोगों ने उसके पास मौजूद 50 हजार रुपये भी छीन लिए और फिर मौके से भाग गए थे। पीड़ित महिला ने कोर्ट में बताया कि घटना की सूचना उसने कोतवाली पुलिस को दी थी लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी।

# श्रद्धालुजन पंजीकरण कराने के बाद ही जायें चार धाम यात्रा पर

- बगैर पंजीयन पहुंचने वाले लोगों को चेक प्वाइंट्स पर ही रोक दिया जायेगा

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार उत्तराखण्ड राज्य में चार धाम यात्रा पर जाने वाले जनपद के सभी इच्छुक श्रद्धालुजन पंजीकरण कराने के बाद ही यात्रा हेतु वहां जाएं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर उत्तराखण्ड सरकार द्वारा चार धाम यात्रा-2024 के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई है। बगैर पंजीकरण चार धाम यात्रा के लिए जाने पर श्रद्धालुओं को असुविधा हो सकती है। चार धाम यात्रा (गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ एवं केदारनाथ) पर जा रहे अथवा जाने के इच्छुक जनपद के तीर्थ यात्रियों से यह अपील की गई है कि वे अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराते हुए रजिस्ट्रेशन की तिथि पर ही जाएं। चार धाम यात्रा-2024 के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अथवा मोबाइल ऐप पर अनिवार्य पंजीयन की व्यवस्था लागू की गई है। इसलिए चारधाम यात्रा-2024 के लिए अनिवार्य पंजीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले तीर्थ यात्रीध्श्रद्धालु चार धामों की यात्रा न करें। ऐसे यात्री, जिनका पंजीयन नहीं है, उन्हें निर्धारित चेक प्वाइन्ट्स पर रोक दिया जायेगा।

### बंदर को कुत्तों ने किया घायल पहुंचाया अस्पताल

**कुठौंद, जालौन समृद्धि न्यूज।** पुलिस आपकी सेवा के लिए तत्पर है यह स्लोगन आज उसे समय सही मायने में चढ़कर तो हो गया जब कुटुंब थाना क्षेत्र की शेखपुर बुजुर्ग के सेंगर होटल के करीब विचरण कर रहे एक बंदर को कुत्तों के झुंड ने चिथोड़ चिथोड़ कर घायल कर दिया। इसी बीच किसी ने उत्तर प्रदेश पुलिस की 112 पीआरबी गाड़ी 1596 को किसी ने अवगत कराया तो गाड़ी पर तैनात कर्मियों ने मानवता का परिचय देते हुए थाना सिरसा कलार से पीआरबी बैंक तत्काल मौके पर पहुंची घायल बंदर को अपने कब्जे में लेकर पशु चिकित्सक को ढूंढ ले आई जहां पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. रवि तिवारी ने घायल का उपचार करवा कर उसे सुरक्षित वन विभाग रेंज नैनपुरा के हवाले कर दिया।

# मृतक की प्रेमिका के पति ने घटना को दिया अंजाम

- युवक की हत्या का खुलासा पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**

नदीगाँव थाना क्षेत्र में नदी किनारे जंगल में ग्राम कुरचौली निवासी प्रेमकुमार का शुक्रवार की सुबह शव मिलने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि घटना में गांव के ही जिन बाप बेटों को नामजद कराया गया था वह घटना में शामिल नहीं पाए गए और उनकी नामजदगी गलत पायी गयी, बल्कि मृतक की प्रेमिका के पति ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शनिवार को थाना नदीगाँव में हत्या की उक्त घटना का खुलासा करते हुए सीओ उमेश कुमार पांडेय ने बताया कि गत शुक्रवार को वादी राजकुमार पुत्र जुगलकिशोर निवासी ग्राम कुरचौली ने तहरीर देकर बताया था कि उसका 40 वर्षीय अविवाहित भाई प्रेमकुमार उर्फ भटा गुरुवार को बकरियां चराने नदी किनारे जंगल में गया हुआ था जिसका शव शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे रक्त रंजित हालत में पड़ा हुआ मिला था। पूँछताक्ष में गाँव का ही 40 वर्षीय लालमन उर्फ मुन्शी पुत्र पारीक्षत कोरी का नाम सामने आया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा की अगुवाई में पुलिस ने लालमन को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने प्रेमकुमार की हत्या कुल्हाड़ी से वार कर किये जाने की बात स्वीकार की। हत्यारोपी लालमन ने पूँछताक्ष में बताया कि प्रेमकुमार के सम्बंध कई वर्षो से उसकी पत्नी रजनी से थे।

उसने प्रेमकुमार को कई बार मना किया लेकिन प्रेमकुमार अपनी हरकत से बाज नहीं आया जिससे खुन्नस में आकर उसने प्रेमकुमार की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। वहीं पुलिस ने आरोपी लालमन की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर उसके खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।




पुलिस हिरासत में युवक का हत्यारोपी युवक।

# प्रदूषित पानी पीने से गंभीर बीमारियों की चपेट में लोग

**दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट (आइपीएफ) ने अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र प्रेषित कर म्योरपुर ब्लाक के तमाम गांवों में प्रदूषित पानी पीने से लोगों के विकलांग होने व गंभीर बीमारियों से ग्रस्त होने के मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की अपील की है। प्रेषित पत्र में मानवाधिकार आयोग के संज्ञान में लाया गया है कि आज ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की टीम ने म्योरपुर ब्लाक के डढियारा गांव के किए दौरें में एक ही परिवार के तीन सदस्य सगे भाई कपिल देव यादव 34 साल, किशुन देव यादव 31 साल पुत्र धर्मराज एवं उनकी मां मोहनी के फ्लोरोसिसिस के कारण विकलांग होने और इसी गांव की 13 वर्षीय बच्ची खुशबू पुत्री हुकुमचंद की आंखों की 80 फ़ीसद रोशनी जाने का मामला पता चला है। यदि वक्त रहते समुचित ईलाज नहीं हुआ तो बच्ची की आंखों की रोशनी पूरी तरह से जा सकती है। इसी गांव के आइपीएफ से जुड़े सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता इंद्रदेव खरवार भी फ्लोरोसिसिस प्रभावित हैं। कुसम्हा, रासपहरी, गोविन्दपुर आश्रम समेत जनपद के विभिन्न गांवों में भी फ्लोरोसिसिस के कारण सैंकडों लोग विकलांग पड़े हुए है। बेलहत्थी गांव के रजनीटोला समेत कई गांव है जहां रिहंद बांध का प्रदूषित पानी पीने के कारण लोगों की मृत्यु होती रहती है। पत्र में जीने के मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए शुद्ध पेयजल और गंभीर रूप से बीमार लोगों के समुचित ईलाज की व्यवस्था के लिए सोनभद्र जिला प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

# प्रदेश अध्यक्ष ने लोकसभा क्षेत्र बनारस का प्रभारी नियुक्त किया

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी प्रत्याशी को जीत सुनिश्चित के लिए एक दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी को वाराणसी सीट से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी प्रचार प्रसार के लिए प्रभारी नियुक्त किया प्रभारी के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी ओकास अंसारी , शाहिद तौसीफ, नईम अहमद, रमजान अली, प्रदेश सचिव सेराज हुसैन,नफीस उल हक रिजवी,आसिफ अली मंसूरी ,तौफिक कुरैशी, प्रदेश अध्यक्ष ने प्रभारी नियुक्त करते हुए कहा है कि पूरे मन के साथ प्रदेश अध्यक्ष के प्रचार प्रसार में लगकर भरी मतों से विजय बनाएं जिससे काशी से पार्टी के प्रति संदेश भाजपा के खिलाफ जाए कांग्रेस विजय हो यही हम सब की जिम्मेदारी है जिम्मेदारी निभाते हुए गांव गांव गली गली प्रचार प्रसार में पूरे मनोबल के साथ लग जाए जिस पार्टी का तिरंगा लहर सके।

# ट्रक से टकराकर खाई में पलटी बस, 14 घायल

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे ठठिया थाना क्षेत्र के परफ्यूम पार्क के सामने हुआ हादसा
- प्राचार्य ने इमरजेंसी वार्ड पहुंचकर घायलों के लिए हालचाल

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

आजमगढ़ से सवारियों को बैठाकर दिल्ली जा रही एक स्लीपर बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर शनिवार की भोर ठठिया कट के निकट पहुंची, तो अचानक बस आगे जा रहे ट्रक से टकराकर खाई में पलट गई। हादसे में बस में सवार 30 घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यहां उनका उपचार चल रहा है। आजमगढ़ से सवारियों को बैठक एक स्लीपर बस करीब 50 सवारियों को दिल्ली जा रही थी। शनिवार की भोर जब बस





आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ठठिया थाना क्षेत्र के परफ्यूम पार्क के सामने पहुंची, तभी अचानक चालक को नींद आ जाने से बस आगे चल रहे मक्का लदे एक ट्रक में टकरा गई। टक्कर लगते ही बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा पलटी। हादसा होते ही सवारियों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी पर यूपीड़ा कर्मी व ठठिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। बस में सवार करीब 30 यात्री घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। यहां विक्रांत, नरेन्द्र, चन्द्रकला, जानकी, अर्जुन, अजय विश्वकर्मा, अजय, रितिका, भुवनेश कुमार, रमेश, सुरेश, संजीव, सरोज गुप्ता, यतीश सिंह व हीरावती सहित 14 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। हादसे की सूचना पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सीपी पाल भी इमरजेंसी वार्ड में पहुंच गए। यहां उन्होने भर्ती घायलों का हालचाल जाना। मौजूद चिकित्सकों से सभी का बेहतर उपचार करने को कहा।

# चचेरे भाई ने पांच वर्षीय मासूम के साथ किया जबरन दुष्कर्म

- बाग में आम बीन रही थी बालिका, उसे टाफी का दिया लालच
- बालिका की मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट, आरोपी गिरफ्तार

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की दोपहर बाग में आम बीन रही एक पांच वर्षीय मासूम को टाफी खिलाने का लालच देकर 16 बर्षीय चचेरा भाई उसको झाड़ियों में ले गया। यहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बालिका की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए।

यहां हालत में सुधार न होने पर उसे कानपुर रेफर किया गया। पीड़िता की मां ने ठठिया थाने में आरोपी किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बालिका की मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार की दोपहर अपनी पांच वर्षीय बालिका को लेकर खेतों की ओर गई थी। खेत से कुछ दूरी पर आम का एक बाग है। उसकी पुत्री आम बीनने के लिए बाग में चली गई। इसी दौरान रिश्ते में भतीजा लगने वाला एक 16 वर्षीय किशोर बाग में पहुंचा और उसकी पुत्री को टाफी खिलाने का लालच देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

दुष्कर्म से बालिका की हालत बिगड़ गई। इसपर किशोर मौके से भाग गया। बालिका को बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से उसको कानपुर रेफर कर दिया गया है। ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# प्राइवेट नर्सिंग होम में मरीजों को किया जा रहा है रेफर

- सौसैया संयुक्त चिकित्सालय में तैनात चिकित्सक चला रहे प्राइवेट नर्सिंग होम

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता की राहत के लिए 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय का निर्माण कराया गया। सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय मरीज की सुविधा के स्थान पर धन उगाई केंद्र यह मरीजों के तीमारदार में आम चर्चा है कि वर्तमान समय में चिकित्सा अधीक्षक का प्राइवेट नर्सिंग होम जिला मुख्यालय पर कार्यरत है वहां पर से जब समय मिलता है तब मुख्य चिकित्सा अधिकारी सौ सैयां संयुक्त चिकित्सालय मेआते हैं चिकित्सालय में तैनात चिकित्सक ने शहर में ही एक चिकित्सालय खोला गया है जिसमें 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में तैनात व पूर्व में तैनात रहे चिकित्सा के अपनी सेवाएं दे रहे हैं मरीज को प्राइवेट नर्सिंग होम में रेफर किया जाता है और जमकर धन उगाई हो रही है ग्रामीणों में चर्चा है कि 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में तैनात चिकित्सा की फोटो भी अस्पताल के प्रचार में लगाई गई संयुक्त चिकित्सालय के सारे कर्मचारी अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं गरीब मरीज की जेब पर डाका डाला जा रहा है भाती के नाम पर भी 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में चिकित्सक मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं जिनकी हाल में मुख्यमंत्री शिकायत भी की गई थी लेकिन कोई सुनवाई अभी तक नहीं हो सकी।

# उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों ने किया गौशाला का निरीक्षण

- सुविधाओं के संबन्ध में गौशाला इंचार्ज व केयरटेकर को दिये निर्देश

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उचाधिकारियों के निर्देश पर नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित अस्थायी गौशाला का उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों ने गौवंशों की सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होनें गौशाला इंचार्ज व केयरटेकर को निर्देशित करनें के उपरान्त कहा कि भीषण गर्मी के प्रकोप के दृष्टिगत गौवंशों की बेहतर देखभाल की जाये। मंगलवार को उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी स्वास्थ्य सी.वी.ओ. कार्यालय डा. सारिका एवं उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. अनिल भास्कर सदर कन्नौज द्वारा पालिका द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला के निरीक्षण दौरान



गौशाला का निरीक्षण करते उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी।

भूसा, दाना की उपलब्धता के साथ साथ गोवंशो को गर्मी से बचाव हेतु व्यवस्थाएं देखी गईं। जिसमे गोवंशों को गर्मी से बचाव हेतु कूलर एवं पंखे लगे पाए गए। टीन शेड के ऊपर पानी से भीगी हुई झाल पड़ी पाई गई तथा आग से बचाव हेतु रेत से भरी हुई बाल्टी तथा दीवारों पर फायर ब्रिगेड का नंबर लिखा हुआ पाया गया। इस दौरान फर्माशिस्ट अजीत सिंह, गौशाला इंचार्ज प्रसन्नजीत मिश्रा, केयर टेकर रमेश चंद्र, उधन सिंह मौजूद रहे।

# कर्मचारियों की मनमर्जी के चलते रोडवेज बस स्टेशन बना वर्कशॉप

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री ने छिबरामऊ बस स्टॉप का जीरो उधर जनता की सुविधा के लिए कराया गया लेकिन अधिकारी व कर्मचारियों की मनमर्जी के चलते बस स्टॉप बना वर्कशॉप उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ ने विगत वर्ष पूर्व रोडवेज बस स्टेशन का पुनर्निमाण कराया था जिससे कि क्षेत्र की जनता को आवा गमन की सुविधा हो सके लेकिन स्थानीय प्रशासन व कर्मचारी की मनमर्जी के चलते बस स्टाफ को वर्कशॉप में परिवर्तित कर दिया गया समस्त बस का संचालन पूर्वी बाईपास से किया जा रहा है यदि कोई सवारी धोखे से बस स्टॉप पर आ जाती है तो उसको बता दिया जाता है बस बाईपास से मिलेगी बस स्टाफ से जो बस जाती है वह बाईपास से मिलती है लेकिन बस हिसाब से सवारी लेकर नहीं जा सकती यह कर्मचारियों की मनमर्जी है स्थानीय लोगों द्वारा कई बार लिखित व दूरभाष से उच्च अधिकारियों से संपर्क किया गया आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ स्थानीय विधायक के अनुरोध से हाईवे से आगरा लखनऊ के लिए बसों का संचालन शुरू किया गया वह भी बंद कर दिया गया जनता की अति आवश्यक की सेवा हरिद्वार बस सेवा को भी उच्च अधिकारियों द्वारा बंद कर दिया गया वर्तमान समय में केवल दिल्ली रोड पर ही बस का संचालन किया जा रहा है।

# फैमिली आईडी कार्ड से योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा: डीएम

- जनपद में 396 लोगों के बन चुके हैं, फैमिली आईडी कार्ड
- डीएम ने मनरेगा कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, आयुष्मान कार्ड, लखपति दीदी समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गाँधी सभागार में मनरेगा कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, आयुष्मान कार्ड, लखपति दीदी समेत अन्य विभिन्न



योजनाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि जनपद में 396 लोगों के फैमिली आईडी कार्ड बन चुके है। बताया कि फैमिली आईडी कार्ड से योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। फैमिली आईडी के तहत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, राशन कार्ड नंबर ही प्रदेश के नागरिकों का परिवार आईडी है। फैमिली आईडी कार्ड के बन जाने से पात्र को खोजने में कठिनाई नहीं होगी इससे योजनाओं लाभ आसानी से मिलेगा। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी का फैमिली आईडी कार्ड बनवाने में सहयोग करें द्य जिनका राशन कार्ड नहीं बना है वह सभी अपना फैमिली आईडी कार्ड अवश्य बनवा लें। श्री शुक्ल ने कहा कि पेंशन सत्यापन का कार्य गुणवतापर्क होना चाहिए। ग्राम स्तर पर पेयजल से संबंधित कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। जो हैण्ड पम्प रिबोर होने योग्य है उन्हें तत्काल रिबोर करवाया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि पेयजल से संबंधित कंट्रोल रूप संचालित होने चाहिए। साथ ही कहा कि जल जीवन मिशन की स्कीम पूरी हो रही है धीरे-धीरे सभी ग्रामो में संचालित हो जाएगी। गांव वालों से वार्तालाप करके उनके हिसाब से पानी सप्लाई करें, पानी वेस्ट नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 120 ग्राम पंचायत सर्टिफाइड है, जिसमें टंकी बन गयी, पेयजल पहुंच गया है। समुचित संचालन हेतु ग्राम प्रधानों को गाइड करना है। उन्होंने कहा कि हीट वेव से बचाव हेतु जागरूकता के कार्यक्रम किये जाये।

हॉस्पिटल अच्छा चलाये रोगियों को समय से दवाई व इलाज मिले। उन्होंने लखपति दीदी योजना की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, डीसीएन आरएलएम, डीसी मनरेगा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी समेत संबंधित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# एयरटेल कंपनी द्वारा गड्ढा खोदने पर क्षतिग्रस्त हुई पाइपलाइन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

एयरटेल कंपनी द्वारा नगर में डाली जा रही पाइपलाइन के कारण नागरिकों की पेयजल सुविधा के लिए बिछाई गई पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे दो वार्डों में गंदा पेयजल आपूर्ति होने लगा। नागरिकों की शिकायत पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि के निर्देश पर जलकल इंचार्ज ने मौके पर पहुंचकर कर्मियों द्वारा पेयजल व्यवस्था बहाल कराई गई।

मंगलवार को मोबाइल दूर संचार कंपनी एयरटेल द्वारा नगर में डाली जा रही पाइपलाइन के कार्य के चलते गड्ढा खोदा गया। जिसके कारण नागरिकों की पेयजल आपूर्ति के लिए लगी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे नगर के दो वार्डो में गंदा पेयजल आने लगा नागरिकों की शिकायत पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता के निर्देश पर जलकर इंचार्ज जनार्दन मिश्रा ने कर्मियों के साथ पहुंचकर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त कराकर पेयजल आपूर्ति बहाल की।



छतिग्रस्त पाईपलाईन को दुरूस्त करते पालिका कर्मी।

## खबरें एक नजर में

### रास्ता अवरुद्ध करने का विरोध करने पर दबंग ने प्रधान के पिता से किया गाली-गलौज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** रास्ता अवरुद्ध करने करने का विरोध करने पर दबंग आरोपी ने प्रधान के पिता से गाली- गलौज किया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बीसलपुर बांगर निवासी कश्मीर सिंह पुत्र रामपाल कठेरिया ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पड़ोस का ही आरोपी गांव की गली में भैंस बांधकर समरसेबिल का पानी चलाता है। उसका पीड़ित ने कई बार विरोध किया। शनिवार को जब पीड़ित भैंस के पास चले समरसेबिल के पानी में गिर गया, तो पीड़ित ने आरोपी से फिर शिकायत की, तो आरोपी ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज किया और कहा ना ही रास्ते से भैंस हटाई जाएगी और लगातार ऐसे ही पानी चलाया जाएगा। जिस किसी को जो कुछ करना हो वह कर ले। वहीं पीड़ित के बताए अनुसार आरोपी युवक जालसाज है। उसने क्षेत्र के हजारों व्यक्तियों से प्रधानमंत्री आवास बनवाने के नाम पर तथा पेंशन बंधवाने के नाम रुपयों की ठगी की है। इस बात की नवाब सिंह के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

### चारपाई पर लिटाकर मतदान केन्द्र ले गये परिजन

**जौनपुर।** धर्मापुर स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय उत्तरगावां के प्रांगण में बने मतदान केन्द्र पर एक ऐसी मतदाता देखी गयी जिसे खटिया पर लिटाकर मतदान करने के लिये परिजन लाये थे। यह देख लोगों के लिये आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इस बाबत दिनेश यादव फौजी ने बताया कि उक्त मतदाता का नाम खेतला देवी 80 वर्ष है जिनकी इच्छा थी कि वह मतदान अवश्य करें। तबियत एवं उम्र हाबी होने के चलते वह इस समय अस्वस्थ चल रही थीं जिस पर परिजन उन्हें खटिया पर लिटाकर मतदान केन्द्र गये जहां उन्होंने अपनी इच्छा पूरी करते हुये मतदान किया।

### एआरएम ने बस स्टैंड में बस ले जाने की दी चेतावनी

**मैनपुरी।** नगर में रोडवेज बस स्टैंड के अंदर बस न लाने का समाचार प्रकाशित होने के बाद इटावा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बसों को स्टैंड के अंदर न ले जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।एआरएम की कड़ी चेतावनी से बस चालकों में हड़कम्प मच गया।नगर के रोडवेज बस स्टैंड में सवारियां बस का इंतजार करती रहती हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों से डिपो के निगम व अनुबंधित बस चालक बसों को बाहर से निकालकर ले जाते थे जिससे सवारियों को वाहन के इंतजार में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।इसकी शिकायत नगर निवासी पारस गुप्ता, राहुल गुप्ता, प्रशांत तिवारी, जावेद खान, रमाकांत गुप्ता, दीपेंद्र चौहान ने इटावा डिपो के आरएम व एआरएम से की। शनिवार को समाचार पत्रों में इसका समाचार प्रमुखता से प्रकाशित हुआ।समाचार का संज्ञान लेने के बाद शनिवार को इटावा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक देवेंद्र मुरारी सक्सेना ने इटावा फर्रुखाबाद मार्ग पर चलने वाले सभी चालकों को पत्र जारी किया।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के इच्छुक निःशुल्क लें कोचिंग: सृष्टि अवस्थी

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत शिक्षण सत्र 2024-25 हेतु यूपीएससी/ यूपीपी एससी, नीट, जेईई की कक्षाएं पीएसएमपीजी कॉलेज कन्नौज, सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज तिर्वा एवं प्रभात कुमार दुबे गर्ल्स इण्टर कॉलेज छिबरामऊ के शिक्षण केन्द्रों पर संचालित है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रवेश हेतु पात्रता सिविल सेवा एवं पीसीएस की परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र अथवा स्नातक उत्तीर्ण छात्र अर्ह होंगे। जेईई, नीट हेतु कक्षा 11 व 12 में अध्यनरत अथवा विज्ञान वर्ग के छात्र अर्ह होंगें। उन्होंने बताया कि जो छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक है एवं निःशुल्क कोचिंग का लाभ प्राप्त करना चाहते है वह विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कन्नौज (कमरा नं0-9) से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवेदन पत्र को पूर्ण करते हुए अभिलेखों सहित दिनांक 15 जून तक विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय के कमरा नम्बर 9 में जमा करना सुनिश्चित करें। जिससे नियमानुसार छात्र/छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग हेतु प्रवेश दिया जा सकें। अधिक जानकारी के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय अथवा अर्पित कटियार कोर्स को-ऑर्डिनेटर से इस नम्बर पर 8173819497 संपर्क कर सकते है।

# विभागीय अभियंता की उदासीनता से गहराया पेयजल संकट

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कालपी नगर में पिछले 10 दिनों से पेय जल का संकट गहरा गया है। जल संस्थान द्वारा बर्ती जा रही लापरवाही के चलते लोग बूंद बूंद पानी को परेशान है नगर में पिछले कई दिनों से दो ट्यूब बैलों की मोटर खराब होने से पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है।

उसके अलावा जगह-जगह लाइन लीकेज होने से भी पानी घरों तक नहीं पहुंच पा रहा जल संस्थान के अवर अभियंता अपना निवास उरई में बनाए हुए हैं कालपी की जल की व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है पिछले कई दिनों से दो ट्यूब वेल की मोटर खराब है। जब काफी हो हल्ला हुआ मां विधायक विनोद चतुर्वेदी द्वारा जल संस्थान के अधिकारियों को लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहरने के बाद जल संस्थान के अधिकारी हरकत में आए एवं शुक्रवार से खराब नलकूपों को ठीक करने का काम शुरू किया शनिवार को भी जल आपूर्ति बाधित रही जिससे लोगों को पीने के पानी की समस्या रही।

जल संस्थान के आवारा अभियंता आलोक कुमार ने बताया की जल्द ही कालपी की जल आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कर दी जाएगी। कालपी नगर में जल की आपूर्ति के लिए कई ट्यूब वैल और लगाए जाने की मांग काफी समय से की जा रही है जिसके लिए विधायक विनोद चतुर्वेदी द्वारा शासन से कालपी में जल आपूर्ति नियमित किए जाने के लिए नगर के मोहल्ला रामगंज टर्न नन गंज एवं उदनपुरा निकासा मोहल्ले में ट्यूबवेल लगवाए जाने की मांग की है।

### ज्यादातर हैंडपंप भी पड़े खराब



नगर में खराब पड़े हैंडपंप।

**कालपी।** गर्मी के चलते नगर के ज्यादातर हैंडपंप भी बंद पड़े हैं कुछ हैंडपंप तकनीकी खराबी की वजह से बंद है तो कुछ हैंडपंपों में वाटर लेवल नीचे चले जाने की वजह से पानी नहीं आ पा रहा है जिस वजह से लोगों को पीने के पानी की एवं आवश्यक कार्यों हेतु पानी की दिक्कतें हो रही है पशुओं को भी पीने का पानी नहीं मिल पा रहा जिससे नगर में इस समय पानी की त्राहि त्राहि हुई है।

# यमुना नदी की जलधारा ऐतिहासिक किला घाट से वर्षों से हुई दूर

- अनेकों अवसरों पर परंपरागत स्नान करने आते हजारों भक्त
- घाटों के सौंदर्यीकरण के साथ जलधारा को भी घाटों तक आये तभी सार्थकता होगी

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा ऐतिहासिक किलाघाट पर जनसुविधाएं विकसित करने की कवायद शुरू गई है पर यमुना की जलधारा में भारी मशीनों से हो रहे खनन पर प्रशासन की नजर नही है जिसकी वजह से यमुना घाट से दूर हो गई है और घाट का बजूद खतरे में पड़ गया है। नगर में किला और घाट कब और किसने बनवाया होगा इसका कोई स्पष्ट प्रमाण नही है पर यह काफी पुरातन है और शायद यहां के शासको ने इसे अपने और परिवार के उपयोग के लिए बनवाया होगा और इसी के चलते इस घाट का नाम किलाघाट पड़ा होगा और इसी घाट पर परंपरा गत पर्वो पर स्नान की भी परंपरा पड़ी होगी जो अभी भी जारी है लेकिन अब इस ऐतिहासिक घाट का बजूद खतरे में पड़ गया है और विगत कई वर्षो से यमुना का पानी घाट पर नहीं है जिसकी वजह से इस घाट का बजूद खतरे में पड़ गया है। हालांकि शासन ने गत वर्ष इस पुरातन घाट और ऐतिहासिक बिरासतों को पर्यटन मानचित्र पर लाने की कवायद शुरू



प्राचीन घाटों से दूर होती यमुना नदी की जलधारा।

की है जिसके लिए किलाघाट पर लाखों की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य और जनसुविधाएं विकसित करनी है जिसका काम भी शुरू हो गया है पर यमुना का पानी घाट से 1 किलोमीटर दूर हो गया है।

जिससे घाट का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है लेकिन शासन और प्रशासन का ध्यान उधर नहीं है। नगर निवासी उमाकांत तिवारी, राजू पाठक, रामकुमार तिवारी एडवोकेट, दीपचन्द सैनी, आदि की माने तो जब तक घाट पर यमुना का पानी नहीं होगा तब तक घाट का कोई मतलब नही उनके अनुसार कानपुर देहात सीमा में विगत कई वर्षो से मानक ताक पर रखकर हो रहा खनन ही इसके लिए जिम्मेदार है। दिव्यगोपाल श्रीवास्तव राजू रायकवार के अनुसार शासन और प्रशासन की अनदेखी के चलते खनन कारोबारी अब नदी के बीच में भारी मशीनों से बालू निकालने में लगे हैं और शीघ्र ही इस ओर प्रशासन ने तबज्जो नहीं दी तो घाट से यमुना के पानी का फांसला अगले वर्ष कम होने के बजाय और बढ़ सकता है जिससे घाट पर लाखों की लागत से किया जा रहा सौंदर्यीकरण और जनसुविधाएं विकसित करने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। इस संबंध में जब उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होने फोन रिसीब नही किया है।

वही क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी कहते हैं कि किलाघाट पर पानी लाने का भरसक प्रयास किया जाएगा इसके लिए वह विधानसभा एवं संबंधित विभाग के जिम्मेदार के समक्ष इस समस्या को रखेंगे।



पोस्टमार्टम हाउस में बैठे मृतक के परिजन

## मिक्सर के नीचे आने से फेरी विक्रेता की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिक्सर के नीचे आने से फेरी विक्रेता की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार जर्मन पुत्र स्व0 जयराम 35 वर्षीय निवासी खिनमिनी थाना मऊदरवाजा फेरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। शनिवार को वह दोपहर 12.30 बजे फेरी कर गांव वापस जा रहे थे, तभी रास्ते में ट्रैक्टर के पीछे लगे मिक्सर के नीचे दबने से उनकी मृत्यु हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। घटना के बाद से पत्नी पिंकी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो बेटी लक्ष्मी व सौम्या व एक वर्ष का बेटा अंश है।

# डीएम ने प्रत्याशियों व एजेंटों को दिये मतगणना से संबंधित दिशा निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में मतगणना विषयक बैठक का आयोजन जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

प्रत्याशियों के एजेन्टों ने खाद्य सामग्री की मांग की, तो जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सशुल्क व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। प्रातः 7.00 बजे चाय व नमकीन सरकारी कर्मचारियों को प्राप्त होगी। 11.00 बजे पुनः चाय दी जायेगी। छः दुकानें खुलेंगी। प्रत्याशी को जिले में ही सुरक्षा प्राप्त होगी। जनपद से बाहर सुरक्षा सुरक्षा प्राप्त नहीं होगी। 17 सी की प्रति प्रत्याशी/अभिकर्ता को दी जायेगी। मतगणना निर्वाचन आयोग के



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद प्रत्याशी व उनके एजेन्ट

निर्देशों के अनुसार पूर्ण कर आपको जानकारी उपलब्ध करा दी जायेगी। पान, बीड़ी, तम्बाकू, सिगरेट, शराब, पानी की बोतल, इलेक्ट्रानिक गैजेट के साथ प्रवेश वर्जित रहेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि खाद्य सामग्री गुणवत्तापूर्ण हो। मतगणना प्रातः 8.00 बजे से होगी। मतगणना के उपरांत ईवीएम कलेक्ट्रेट में आयेंगी। मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु प्रत्याशी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा प्रारुप 18 पर मतगणना अभिकर्ता का नाम, पता अंकित कर प्रत्येक मतगणन अभिकर्ता के हस्ताक्षर अंकित कर दो प्रतियों में प्रस्तुत करेंगे। 18 वर्ष की अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता नियुक्त किया जा सकता है। ऐसे सभी मतगणना अभिकर्ताओं के प्रारुप 18 मतगणना अभिकर्ता की फोटो सहित रिटर्निंग ऑफीसर को मतगणना प्रारम्भ होने के तीन दिन पूर्व अपराह्न 5.00 बजे तक प्राप्त हो जाने चाहिए। बैठक में संबंधित अधिकारी व प्रत्याशी व उनके एजेंट मौजूद रहे।

## गंगा में डूबने से बालक की मौत



मौके पर मौजूद पुलिस व परिजन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

गंगा में डूबने से बालक की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला पजाबा निवासी कन्हैया पुत्र भूरे सिंह उम्र लगभग 17 वर्षीय अपने दोस्त के साथ जानवरों को नगला खेम रेंगाई के पास चरा रहा था। गर्मी अधिक होने के कारण दोस्तों के साथ गंगा नहाने के लिए चला गया। नहाते-नहाते वह गहरे पानी में चला गया। अधिक पानी गहरा होने के कारण उसकी गंगा में डूबकर मौत हो गई। घटना की जानकारी परिवार वालों को दी गई। जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजेश राय ने गोताखोरों को बुलवाया। जब तक गोताखोरों ने शव को ढूंढा तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। इसके बाद पारिवारिक लोग उसको प्राइवेट अस्पताल में लेकर गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवारीजनों ने पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### रजिस्ट्रेशनः श्रम आयुक्त को नहीं मिले लाभार्थी



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व कर्मचारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मनरेगा में 100 दिन काम करने वाले श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन के लिए पहुंचे श्रम उपायुक्त को विकास खंड कार्यालय में कोई भी लाभार्थी नहीं मिला। जिस पर कर्मचारियों के साथ श्रम आयुक्त फोटो खिंचवाकर चलते बने। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर सरकारी योजना के तहत मनरेगा में 100 दिन काम करने वाले श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन प्रशिक्षण योजना के लिए पहुंचे जिला श्रम उपायुक्त को मौके पर कोई भी लाभार्थी नहीं मिला। बताते चलें कि बीएमएम ने किसी को जानकारी नहीं दी। शायद इसीलिए कोई लाभार्थी नहीं पहुंचा। बाद में श्रम उपायुक्त ने कर्मचारियों के साथ फोटो खिंचवायी और वापस लौट गये।

### मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने एक मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एक मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त प्रदीप पुत्र बृजकिशोर निवासी खुदागंज थाना कमालगंज को गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि अभियुक्त मु0अ0सं0 104/2024 धारा-363, 366 भा0द0वि0 में वांछित चल रहा था। जिसको पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

### जंगली सुअर की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटा घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के गाँव बिल्सड़ निवासी अनीता यादव उम्र 55 वर्षीय पत्नी कश्मीर सिंह यादव अपने पुत्र बलराम यादव के साथ बाइक पर बैठकर कम्पिल से अपनी दवा लेने आ रही थीं। जैसे ही वह होतेपुर के निकट पहुँचीं, तभी अचानक सामने से आ रहे जंगली सुअर की टक्कर लगने से बाइक सवार माँ बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगज नगर के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में लाकर भर्ती कराया।

### पुलिया से टकराकर बाइक सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शमसाबाद थाना क्षेत्र के गाँव चम्पतपुर निवासी जयवीर उम्र 50 वर्षीय पुत्र राम औतार बाइक द्वारा अपने बहनोई हरीराम के यहाँ पथरामई थाना कम्पिल जा रहा था। जैसे ही वह गॉव सिसैया नगला के निकट पहुँचा, तभी सामने पुलिया से टकरा गया। जिससे बाइक सवार जयवीर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से 108 एम्बुलेन्स ई0एम0टी0 अनुपम धनगर ने घायल जयवीर को कायमगंज समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया।

### ब्लाक में नहीं बैठ रहे अधिकारी, कर्मचारी, भटक रहे लाभार्थी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** चुनाव के नाम पर ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। वह ब्लाक पर नहीं बैठ रहे हैं। जिससे यहां काम के लिए आने वाले लाभार्थी इधर-उधर भटक रहे हैं।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर चुनाव के नाम पर अधिकारी तथा कर्मचारी अपनी मनमानी पर उतारू हैं। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी ब्लॉक में ब्लाक में दिखायी नहीं दे रहा है, जबकि लाभार्थी विकासखंड कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। ऐसा ही मामला शनिवार दोपहर को देखने को मिला। एडीओ समाज कल्याण के पटल पर दो महिलाएं आईं और जो अपने पेंशन के कागज लेकर घूम रही थीं। महिला रामदेवी पत्नी रामशरण के मुताबिक 18 महीने से उनको वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिली। जिसके लिए वह एडीओ समाज कल्याण के पास कई बार आईं, लेकिन वह अपने पटल पर नहीं मिलते। वहीं रामरती पत्नी सेवक राम ने बताया कि उनकी पेंशन दो वर्ष से अधिक समय से नहीं मिल रही है। जिसका सुधार करने के लिए वह ब्लॉक पर आती हैं, लेकिन उनको वहां तैनात कर्मचारी नहीं मिलते हैं। जिससे लाभार्थियों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विकास खंड के लिपिक ने बताया कि वह किसी सरकारी कार्य से अन्य ब्लॉक में काम कर रहे हैं। जिस वजह से वह नहीं आ पा रहे हैं।

### अध्यापक के घर चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शिक्षक के घर से चोरों ने लाखों की नगदी व जेवरात सहित कीमती सामान चोरी कर लिया। इस दौरान चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गये। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के ग्राम मसेनी धर्म नगरिया निवासी अश्वनी के घर पर शुक्रवार की रात्रि चोरों ने धावा बोलकर लाखों की चोरी कर ली। अश्वनी ने बताया कि वह अध्यापक है। उसका छोटा भाई केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में लिपिक के पद पर तैनात है। वह सरकारी क्वार्टर में रह रहा है। जहां मैं परिवार सहित छोटे भाई के घर गया था। घर पर ताला लगा हुआ था। इसी दौरान चोर ताला तोड़कर घर के अंदर घुस गये। घर में रखी 1 लाख रुपये की नगदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गये। पीड़ित के अनुसार5 से 6 लाख रुपये कीमत की चोरी होना बताया गया है। घर में लगे सीसीटीवी कैमरें में चोर घटना को अंजाम देने के बाद कैद हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# एफएसडीए ने छापा मारकर पैक्ड दूध उत्पादों के सात नमूने भरे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एफएसडीए ने छापा मारकर पैक्ड दूध उत्पादों के सात नमूने संग्रहित किये। जानकारी के अनुसार शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ0 बृजेंद्र कुमार, डॉ. शैलेंद्र रावत, विमल कुमार एवं आशीष कुमार वर्मा द्वारा निम्न कार्यवाही सम्पादित की गयी।



पैक्ड दूध के नमूने भरती टीम

फतेहगढ़ चौराहा स्थित अमन पाल पुत्र महेंद्र पाल के खाद्य प्रतिष्ठान पाल प्रोविजन एण्ड कान्फेक्शनरी स्टोर से खाद्य पदार्थ दही (अमूल मस्ती दही) पैक्ड का नमूना जांच हेतु संग्रह किया। मिलेट्री चौराहा फतेहगढ़ स्थित मनोज कुमार सिंह पुत्र विजय कुमार सिंह के खाद्य प्रतिष्ठान सिंह कान्फेक्शनरी से खाद्य पदार्थ फुल क्रीम दूध (ब्रान्ड ज्ञान) पैक्ड व खाद्य पदार्थ दही (ब्रान्ड ज्ञान) पैक्ड का नमूना जांच हेतु संग्रह किया। पल्ला बाजार स्थित पवन सक्सेना पुत्र महेशचंद्र सक्सेना के खाद्य प्रतिष्ठान बाबा स्वीट्स से खाद्य पदार्थ फुल क्रीम मिल्क (ब्रान्ड मदर डेयरी) पैक्ड का नमूना जांच हेतु संग्रह किया। कादरीगेट चौराहा स्थित सत्यम राठौर पुत्र चंद्रपाल राठौर के खाद्य प्रतिष्ठान मेसर्स आनन्द मिल्क पार्लर से खाद्य पदार्थ पाश्चुराईज्ड वफेलो मिल्क (ब्रान्ड आनन्द सुप्रीम मिल्क) पैक्ड का नमूना जांच हेतु संग्रह किया। कादरीगेट चौराहा स्थित कृष्णचंद्र वर्मा पुत्र मगनलाल वर्मा के खाद्य प्रतिष्ठान मेसर्स कृष्णा एक्सक्लूसिव अमूल पार्लर से खाद्य पदार्थ पाश्चुराईज्ड फुल क्रीम मिल्क (ब्रान्ड अमूल गोल्ड मिल्की मिल्क) पैक्ड का नमूना जांच हेतु संग्रह किया। केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ स्थित अंकित कुमार पुत्र सुनील कुमार गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान अमूल पार्लर से खाद्य पदार्थ पनीर (ब्रान्ड अमूल मलाई पनीर फ्रेश) पैक्ड का नमूना जांच हेतु संग्रह किया।

## अज्ञात पशु चोर पांच भैसें चोरी कर हुए फरार

**फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात पशु चोर पांच भैसों को पिकअप में लादकर फरार हो गये। घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गंगागंज निवासी रामगणेश पुत्र रामदास ने बताया मेरे एक जोड़ी भैसें घर के सामने सड़क के किनारे बंधे हुए थे। आए दिन की भांति दिनांक 23 मई 2024 को सुबह करीब 3.00 बजे पिकअप लेकर आए अज्ञात चोरों ने जानवरों को पिकअप में लादने के लिए खोल लिया।

जिनको ले जाकर देवी स्थल के पास एक भैंस को पिकअप में चढ़ा लिया और दूसरी भैंस को चढ़ा रहा था, तभी मैंने देखा कि हमारे जानवर बंधे हुए नहीं है। जब मेरी निगाह पिकअप की ओर गई, तो मैंने देखा हमारे पशु अज्ञात चोर जिनकी संख्या लगभग पांच थी पिकअप में चढ़ा रहे थे। आवाज देने पर एक पशु को छोड़कर भाग निकले। चिल्लाने पर जाते-जाते जानमाल की धमकी दे गये। रामगणेश ने बताया कि चोर गंगागंज तिराहा से कायमगंज रोड पर भागे। जिनका पीछा करने पर कहीं दिखाई नहीं दिए। एक पशु जानवर की कीमत लगभग 45 हजार रूपए होगी। पशु चोरी की घटना की सूचना लिखित मैंने थाना शमशाबाद में दी। थाना पुलिस आज तक हमारे दरवाजे पर झांकने तक नहीं आयी। पीड़ित रामगणेश ने बताया पशु जानवर चोरी की घटना से गांव में दहशत का माहौल है।



घटना की जानकारी देते पीड़ित

## पुत्रवधू के खिलाफ ससुर ने दिया प्रार्थना पत्र

**फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** आसाराम पुत्र शिवचरण ग्राम सदोसराय ग्राम पंचायत कासिमपुर तराई थाना शमसाबाद निवासी ने अपनी पुत्रवधू शारुल के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया मेरी पुत्रवधू 3 वर्ष पहले अपने मायके वालों की सहमति से किसी अन्य व्यक्ति के साथ भाग गई थी और कुछ दिन बाद स्वयं ही लौटकर आ गई। इस दौरान वह शादी में चढ़ाया गया जेवर सोने चांदी के आभूषण अपने साथ ले गई थी जो अपने मायके में ले जाकर रख दिए। मायके वाले वापस नहीं कर रहे हैं। मांगने पर मेरे साथ पुत्रवधू शारुल और पुत्र भवानी गाली-गलौज मारपीट करते हैं। पुत्रवधू की मां और पिता फोन पर गाली-गलौज करते हैं तथा धमकी देते हैं। मुझसे खेत पर जबरन काम करवाने का दवाब डालते हैं। आज हमने काम करने से मना कर दिया तो पुत्रवधू शारुल ने मुझे बुरी तरह से मारापीटा। उक्त लोग मेरी हत्या कर मेरी जमीन जबरन कब्जा करना चाहते हैं। पीड़ित ने भयभीत होकर करवाई हेतु थाना शमशाबाद में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की।

## आईफोन खरीदने के लिए पैसे न देने पर विकलांग युवक ने खाया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

आई फोन खरीदने के लिए पैसे न देने पर युवक ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव सरैया निवासी दिव्यांग प्रेम सागर उम्र 20 वर्ष के परिजनो के अनुसार उसने कुछ दिन पूर्व अपने पिता विनोद कुमार से फोन खरीदने के लिए पैसे की मांग की थी।

पिता द्वारा पुत्र को पैसे न देने पर गुस्साए पुत्र विकलांग प्रेम सागर ने अपने सर में ईट मारकर सर फोड़ लिया था और पिता पर मारपीट कर सर फोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी। पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने पिता को थाने पकड़कर ले आई थी। आज उसकी मॉ ऊँषा देवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरा बेटा प्रेम सागर दोनों पैरों से विकलांग है। आज आई फोन खरीदने के लिए वह पैसे मांग रहा था न देने पर उसने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। चर्चा के अनुसार आये दिन पैसों की मांग को लेकर घर वालों को परेशान करता था।



सीएचसी में भर्ती विकलांग युवक

# स्वास्थ्य कर्मी दंपति का विधायक के आवास के बाहर से उचक्के ने पार किए बैग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य कर्मी दंपत्ति की स्कूटी में ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। जिससे पीछे स्कूटी पर बैठी पत्नी के काफी चोंट लग गयी। इस दौरान पति ई-रिक्शा चालक को पकड़ने लगा, तभी किसी उचक्के ने बैग पार कर दिया। पीछे मुड़कर देखा तब तक युवक फरार हो चुका था। पीड़ित दंपत्ति ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

कई चक्कर थाने चौकी के लगाने पर जब पुलिस आयी तो पीड़िता की मदद करने की बजाय उल्टा आरोप उसी पर लगाने लगी और धमकाने का प्रयास किया। पीड़ित दंपत्ति जब पुलिस के दबाव में नहीं आये तो जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही करने की बात कहकर उन्हे चलता कर दिया। डाक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल में आयुष्मान विभाग में कार्यरत विपिन कटियार जिनकी पत्नी निशा कटियार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में तैनात है। वह लोहिया अस्पताल से पत्नी के साथ घर स्कूटी से जा रहे थे। जैसे ही आवास विकास तिराहे के निकट भाजपा जनप्रतिनिधि व सपा कार्यालय के निकट से गुजर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे ई-रिक्शा चालक ने टक्कर

- ई-रिक्शा चालक ने पीठे से मारी स्कूटी में टक्का, पत्नी चुटैल, बैग में सोने के आभूषण, नगदी, लैपटॉप व मोबाइल रखा था
- पीड़िता बोली शिकायत पर पुलिस ने नहीं किया मानवीय व्यवहार
- पुलिस बोली लोहिया में सब दलाल बैठते है, एसपी से भी शिकायत

मार दी। पीछे बैठी पत्नी के काफी चोंट लग गयी। पति ने स्कूटी खड़ी कर ई-रिक्शा चालक को पकड़ने लगा। इस दौरान पीड़िता के अनुसार स्कूटी में टंगे बैग की एक तनी टूट गयी और इसी दौरान किसी ने वह बैग पार कर दिया। जिसमें एक लैपटॉप, सोने की अंगूठी, दो मोबाइल व 20 हजार रुपये की नगदी रखी थी। काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। 112 पर सूचना दी पर किसी ने फोन नहीं उठाया। चौकी आवास विकास गये तो कारीगेट थाने की बात कहकर चलता कर दिया। जब थाने गये तो वहां से यह कहकर चलता कर दिया कि आवास विकास का मामला है वही देखेगें। पीड़िता का कहना है कि जब उसने उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कहीं तो आवास विकास चौकी की पुलिस आयी और उल्ट हम पर ही दबाव बनाने लगी और कहा कि लोहिया अस्पताल में लोग नौकरी के नाम पर दलाली करते है और अपना सामान कहीं रख देते है और गायब हो जाने की शिकायत करते है। इस पर पीड़िता ने नाराजगी जाहिर की। राजनैतिक पार्टी के कार्यालय व भाजपा जनप्रतिनिधि के आवास के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को देखने को कहा। जिस पर पुलिस ने कह दिया कि विधायक जी के आने पर जांच होगी। पीड़िता का आरोप है कि मेरी शिकायत तो ले ली, लेकिन जिस तरीके से पुलिस ने मुझसे व्यवहार किया वह मानवीय नहीं है। पुलिस का कहना था कि पुलिस इसके लिए नहीं है कि तुम लोग अपना सामान गायब कर दो, और उसे हम ढूंढकर लाये। पुलिस अधीक्षक को भी फोन किया। जिस पर पीआरओ ने बताया कि आपकी शिकायत नोट कर ली गई है, लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

## खिरिया पमारान में हुआ 73.99 प्रतिशत मतदान

- सपा प्रत्याशी ने निर्वाचन आयोग, प्रशासन को शांति पूर्ण ढंग से मतदान कराने के लिए जताया आभार

**फर्रुखाबाद/अलीगंज, समृद्धि न्यूज।**





वोट डालने के लिए लाइन में लगे मतदाता

फर्रुखाबाद लोकसभा सीट के अलीगंज विधानसभा के 343 मतदेय स्थल खिरिया पमारान में पुनः मतदान सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में मतदाता घरों से निकल कर लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके चलते इस बूथ पर मतदान प्रतिशत 73.99 प्रतिशत रहा। इस बूथ पर 1215 मतदाता थे। जिसमें कुल 899 लोगों ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

सुबह 9 बजे तक 15.14 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं सुबह 11 बजे तक 34.74 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर एक बजे तक 51.76 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर तीन बजे 65.26 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम पांच बजे 72.42 प्रतिशत रहा और मतदान समाप्ति तक 73.99 प्रतिशत रहा। बताते चले कि जब चौथे चरण के अंतर्गत 13 मई को खिरिया पमरान पर मतदान हुआ था। तब 69.22 प्रतिशत वोट डाले गए थे। बूथ पर कब्जा कर एक प्रत्याशी के पक्ष में बार-बार एक युवक द्वारा वोट डालने का वीडियो बनाकर वायरल सोशल मीडिया पर किया गया था। जिसे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट किया और कहा कि यदि आयोग की नजर में यह गलत है तो कार्यवाही होनी चाहिए। जिसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया। भारत निर्वाचन आयोग ने इसका संज्ञान लेते हुए पुनः मतदान 25 मई को कराने का आदेश दिया।

जिसके तहत शांति पूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ और पहले से अधिक मत पड़े। मतदान प्रक्रिया के दौरान उप निर्वाचन अधिकारी के अलावा चुनाव से संबंधित सभी अधिकारी मुस्तैद रहे। किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो, इसलिए गांव में भी पुलिस बल लगाया गया है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य, सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव आदि समाजवादी पार्टी के नेता मौजूद रहे।

## सल्फास खाने से महिला की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पति से विवाद होने पर महिला ने सल्फास खा ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन पहले सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के ग्राम गढ़िया जगन्नाथ निवासी महिला रेखा पत्नी रिंकू सिंह उम्र 42 वर्ष का किसी बात को लेकर पति से विवाद हो गया। इसी बात से क्षुब्द होकर महिला रेखा ने सल्फास खा ली। जिससे महिला की हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने आनन-फानन में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां महिला की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद महिला के देवर ने 108 एंबुलेंस सेवा पर कॉल की, लेकिन 1 घंटे बाद तक एंबुलेंस नहीं आयी। जिसके बाद परिजनों ने निजी वाहन से महिला को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ऋषिकांत वर्मा ने महिला को भर्ती कर उपचार किया। इलाज के दौरान महिला रेखा की मौत हो गई। डॉक्टर ने जांच पड़ताल के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना कुछ कार्रवाई के मृतक महिला का शव लेकर घर चले गए। महिला के देवर अमित के अनुसार भाभी का झगड़ा भाई से किसी बात को लेकर हुआ था।



## दबंगों ने युवक पर बोला हमला, मुकदमा दर्ज

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम समसपुर भिखारी निवासी रोहित मिश्रा पुत्र रामपाल मिश्रा ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा वह खेत से वापस जा रहा था। रास्ते में विशेश्वर दयाल के घर के पास गांव के ही दबंगों में पवन तिवारी, अनिल तिवारी, अनुज तिवारी पुत्रगण विमलेश तिवारी, अमित तिवारी पुत्र अवधेश तिवारी ने घेर लिया और गाली गलौज किया। गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों तथा धारदार हथियारों से हमलाकर मारपीट कर दी। शोर शराबा सुन ग्रामीण एकत्र हो गये। दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार शोर-शराबा सुन पीड़ित के परिजन सुधीर तथा प्रांशु मौके पर पहुंच गये तथा बीच बचाव किया। मगर आरोपियों ने सुधीर और प्रांशु को भी पीट दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने चार आरोपियों के खिलाफ शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर दी। वहीं थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# हमारी प्रतिष्ठा ही हमारी कलम है: सर्वेन्द्र अवस्थी

▸ प्रेस क्लब में नारद जयंती पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर के लाल सराय स्थित प्रेस क्लब के तत्वाधान में देवऋषि नारद की जयंती के अवसर पर पत्रकार एवं साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रेस क्लब के अध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार अवस्थी (इंदु अवस्थी) ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। कलमकारों ने देवर्षि नारद के चित्र पर पुष्पार्पण कर पत्रकारिता में आने वाली कठिनाइयों व गिरते स्तर पर प्रकाश डाला। सर्वेंद्र अवस्थी ने कहा कि देवर्षि नारद ब्रह्माजी के दसवें मानस पुत्र थे। उन्होंने कहा कि हमारी प्रतिष्ठा ही हमारी कलम है। हमें कलम के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम घनी अंधेरी रात में कलम से दीपक जला सकें, तभी हमारी पत्रकारिता सार्थक है। हमारा समाचार पत्र ही हमें सही रोशनी की ओर ले जा सकता है। आज देवर्षि नारद की जयंती के अवसर पर सभी पत्रकारों को संकल्प लेना चाहिए कि अपनी कलम हमेशा लोगों की भलाई के लिए ही चलानी है।

प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह ने सभी पत्रकारों से आह्वान कर कहा कि पत्रकारों की आपसी फूट की वजह से उनकी गरिमा गिर रही है। पत्रकारों की आपसी गुटबाजी व एक दूसरे को नींचा दिखाने की वजह से शासन-प्रशासन अपनी मनमानी कर रहा है। पत्रकार एक जुट होंगे तो शासन-प्रशासन सहित किसी की जुर्रत नहीं जो इसका बेवजह फायदा उठा सके। वरिष्ठ छायाकार रविंद्र भदौरिया ने कहा कि साहित्य व पत्रकार समाज के आइने होते हैं। प्रिंट मीडिया के सामने आज काफी चुनौतियां हैं। समाचार पत्र में सच लिखना आज काफी चुनौतीपूर्ण है। वर्तमान में भी सरकार में निष्पक्षता का अभाव है।

राजेश निराला ने कहा कि पत्रकारिता क्षेत्र में आज काफी चुनौतियां हैं।

सरकारें अखबारों पर अंकुश लगाने का काम कर रही हैं। दीपक सिंह ने कहा कि देवर्षि नारद जी लक्ष्मी मोह में कब बंदर बन गए उन्हें पता ही नहीं चला। इसी तरह तरह आज का पत्रकार भी लक्ष्मी मोह में कब बंदर बन गया उसे पता ही नहीं चला। इसलिए लक्ष्मी मोह का त्याग कर पत्रकार अपने मिशन की ओर आगे बढ़े।

जितेंद्र दुबे ने कहा कि हमें अपने मान-सम्मान के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करना चाहिए और गुटबाजी का शिकार न होकर एक-दूसरे की मदद की भावना रखनी चाहिए। लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने पत्रकारों की एकता पर बल देते हुए कहा कि एक-दूसरे का सम्मान व रक्षा के लिए हम सबको आगे आना चाहिए और गद्दारों का चिन्हांकन कर उनका बहिष्कार किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पत्रकार उपकार मणि उपकार ने कहा कि पत्रकारिता का मिशन काफी कठिन है। कम साधन के बावजूद पत्रकार अपना अमूल्य समय देते हैं।

उन्होंने कहा कि पत्रकार समाचारों के माध्यम से सूचना छापकर आधुनिक नारद की भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सुशील मिश्रा, प्रमोद द्विवेदी भोले, अनुराग पांडेय, गौरव तिवारी सीपू, इमरान हुसैन, मोहनलाल गौड़, सुशील मिश्रा, अंचल दुबे, जितेंद्र कश्यप, शकील खान, आलोक मिश्रा, राज गौरव पांडेय, राजेशानंद, वरुण दुबे सहित आदि पत्रकार मौजूद रहे।



संगोष्ठी को सम्बोधित करते सर्वेन्द्र अवस्थी इन्दु


कृष्ण लीला में मौजूद भाकियू नेता

## हरिहरपुर में कृष्ण लीला का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड राजेपुर के ग्राम हरिहरपुर में श्री कृष्ण लीला शुभारंभ हुआ। भाकियू नेता संजय सिंह सोमवंशी व नरेन्द्र सोमवंशी ने भाग लिया। संजय सिंह सोमवंशी ने फीता काटकर कृष्ण लीला का शुभारम्भ किया। भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के पदाधिकारियों ने पहुंचकर कृष्ण लीला का रसपान किया। कलाकारों ने नृत्य कर भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। भाकियू नेताओं ने कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर अमित सिंह राठौड, आकाश सिंह, आशीष यादव, अमन सोमवंशी, अंशु सोमवंशी, चंदन सिंह राठौड़, लकी उर्फमुन्ना खान, अजय कुमार शुक्ला, सुग्रीव सिंह राजावत, अनिल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक सभा के पदाधिकारियों ने की ईवीएम की निगरानी


ईवीएम की निगरानी करते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर मण्डी में अल्पसंख्यक सभा द्वारा शनिवार को ड्यूटी निभाई गई। अल्पसंख्यक के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान व यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इजहार खान, प्रदेश सचिव मतीन खान व जिला उपाध्यक्ष सौरव कटियार ने मण्डी पहुंचकर ईवीएम की निगरानी की और सीसीटीवी के माध्यम से एलईडी पर निगरानी करते रहे। पैरामिलेट्री फोर्स ईवीएम कक्षों के बाहर तैनात है। किसी को भी वहां जाने की हिदायत नहीं है। ऐसे में रखवाली कर रहे सपा नेता कैमरी की नजर से एलईडी पर सुरक्षा का जायजा लेते रहते है। शनिवार को साजिद अली खान की टीम ने निगरानी की। एमपी सिंह शाक्य के अलावा केशव पाल, कमल हसन महानगर अध्यक्ष, फैजान खान जिला उपाध्यक्ष, फहीम खान जिला उपाध्यक्ष, नसीर खान, अनवार खान, नन्हे, दिनेश जाटव, रियाजुद्दीन मंसूरी, दिलशाद खान, इरफान अली, शादाब अली आदि लोग मौजूद रहे।

# सत्संग सुनने से होता है मानव का कल्याण : किरन


प्रवचन सुनते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राणनाथ मंदिर गुधनामई जहानगंज में आयोजित 24वां वार्षिक महोत्सव के द्वितीय दिवस पर दिलीप महाराज मध्यप्रदेश व सरसावा से आयी किरन माता एवं गोंडा से आये सर्वजीत सिंह व दिल्ली से आयी बबली बहन ने अपने मुखार बिन्दु से प्रवचन कर भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। वार्षिक महोत्सव में द्वितीय दिवस पर भजन कीर्तन एवं आत्मकल्याण हेतु सत्संग सम्पन्न हुआ। किरन माता ने कहा कि जिन व्यक्तियों में संकट सहने की शक्ति होती है उन्हे किसी प्रकार से कष्ट नहीं होता है। इसलिए सत्संग सुनना बहुत जरुरी है। सत्संग के माध्यम से मानव जीवन में आये संकटों का नाश होता है और सहन शीलता बढ़ती है। उन्होंने प्रकाश डालते हुए कहा कि सहनशीलता ही मानव को कल्याण की ओर ले जाती है। साथ ही गांव में शोभायात्रा निकाली गई। बढ़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। वाणी गायन सम्पन्न हुआ। साथ ही तृतीय दिवस पर भण्डारे का आयोजन होगा।

# जिले की विदेशों में पहचान बनाना मेरा लक्ष्य: अनिल पाल


फीता काटकर उद्घाटन करते अनिल पाल मौजूद अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले की अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी की 4वीं जिला शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। शनिवार को अकादमी के प्रबंधक अंतराष्ट्रीय निशानेबाज अनिल कुमार पाल कोच ने फीता काटकर उद्घाटन किया। अनिल कुमार पाल ने कहा कि मेरा हरसंभव प्रयास जारी है कि मैं अपने जिले के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाकर जिले को प्रदेश और देश के साथ विदेश में भी खुला खेल फर्रुखाबादी की धमक के साथ आगे बढ़ाने के साथ शूटरों को उनकी मंजिल तक पहुंचा दूं।

सुरजीत पाल ने कहा कि खेल को आगे बढ़ाने में अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी का नाम कहीं पीछे नहीं है। इस मौके पर राष्ट्रीय निशानेबाज आरती चतुर्वेदी, गौरी चतुर्वेदी, जितेंद्र कुमार शाक्य, उपेंद्र सिंह, अभिषेक पाल, विवेक पाल, नंदिता सक्सेना, पल्लवी कुमारी, नैंसी यादव, गौरव पटेल, सुरजीत सिंह, ऋतिक पाल, धर्मेंद्र कुमार, नितिन, अमित कुमार, राहुल सिंह, निखिल, बलराम सिंह, विमल, विकास माथुर, अंकित कुमार, रजनीश सिंह मौजूद रहे। संचालन अमन सूर्यवंशी ने किया।

# रामायण में हनुमान जी महाराज की अहम भूमिका

▸ पंचम सोपान श्री सुंदरकांड का तात्विक विवेचन को वक्ताओं ने सुना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री राधा श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड में पंचम सोपान श्री रामचरितमानस के गहन चिंतन के तात्विक विवेचन में डॉ. शिव ओम अंबर ने श्री सुंदरकांड में श्री हनुमान जी महाराज की सुंदरकांड में अहम भूमिका का विवेचन किया। अतीत काल में श्रीलंका राक्षसों की नगरी सागर के मध्य थी। रावण ने अपने पराक्रम से इस नगरी पर विजय प्राप्त की और राक्षसी संस्कृति का प्रसार किया। उस समय यहां के पर्वत वन समाज सभी अति सुंदरता एवं समृद्धि थी। हनुमान जी लंका में माता सीता की खोज में गए तो मार्ग में उन्हे बड़ी से बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। विचार के शिखर पर चढ़ते हुए दहे के अभिमानी सागर पर छलांग लगाते हुए मैंनाक पर्वत, स्वर्ग का पर्वत, लंका की सुरक्षा में तीन महिलाएं, वीरंगनाए से भेंट होती है।

सुरसा का लोकार्पण सिहिंका की ईर्ष्या और लंका की आत्मा विस्मृत चेतना के साथ रामायण में, हनुमान को लंका के द्वार पर लंकिनी का सामना करना पड़ा, जब उन्हें सीता की खोज का काम सौंपा गया था। श्री सुंदरकांड भी सभी सुंदर है, लेकिन अति सुंदर गोस्वामी तुलसीदास जी ने दो स्थानों पर अति सुंदर का उपयोग किया। एक स्थान पर जब देखी मुद्रिका मनोहर राम नाम अति सुंदर, दूसरे स्थान पर सावधान मन करि पुनि शंकर लगै कहन कथा अति सुंदर, अथार्त श्री राम का नाम अति सुंदर लिखा है। श्री सुंदरकांड पाठ समिति के अध्यक्ष बीके सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति वर्षो से सुंदरकांड पाठ करता है, सुनता है, करता है, उसके मनोरथ इच्छित फल मिलता है। ऐसा है, वर्षो से अनुभव करते हुए आ रहे हैं।

कलयुग में समस्त पापों का निवारण सुंदरकांड पाठ करने से हो जाता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को नित्य प्रातः पाठ करना चाहिए। सकल सुमंगल दायक रघुनायक गुन गान। सादर सुनहिं ते तरहिं भव सिंधु बिना जलजान॥ भावार्थः श्री रघुनाथजी का गुणगान संपूर्ण सुंदर मंगलों को देने वाला है। जो इसे आदर सहित सुनेंगे, वे बिना किसी जहाज (अन्य साधन) के ही भवसागर को तर जाएँगे। डॉ. शिव ओम अम्बर का सम्मान श्री सुंदरकांड पाठ समिति चिंतामणि द्वारासमिति के अध्यक्ष बृज किशोर सिंह, घनश्याम बाजपेई, सुरेंद्र, रमेश चंद त्रिपाठी, नारायण सेवा समिति से योगेश मिश्रा ने पुष्पमाला व स्मृति चिन्ह अंगवस्त्र के साथ सम्मानित किया। कार्यक्रम में जितेंद्र अग्रवाल, हर्षित सिगतिया, उत्कर्ष अग्निहोत्री, विजेंद्र श्रीमाली, रविंद्र भदोरिया, रेनू सिगतिया, अलका पाण्डेय, इंदिरा पाण्डेय, गरिमा पाण्डेय सहित सैकड़ो संख्या में भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विराम शयन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।


प्रवचन करते डॉ. शिवओम अम्बर व बृजकिशोर सिंह किशोर

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवा परमो धर्म फाउंडेशन के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन शनिवार को पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हुआ। प्रथम दिवस पर पूजा अर्चना के साथ महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा पाण्डेश्वर नाथ मंदिर से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मार्ग पर निकली।

नैमीशरण से आये बजरंगी महाराज ने अपने मुखार बिन्दु से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ किया। समिति के अध्यक्ष केदार शाह ने सपत्नी के साथ पूजन किया और कलश यात्रा में भाग लिया। कथा की मुख्य यजमान डॉ. अंजनी एवं डॉ. मनोज चतुर्वेदी व केदार शाह रहे। पंकज पाठक ने व्यवस्था देखी। संचालन संजीव मिश्रा ने किया। इस मौके पर सुनील दीक्षित, देश दीपक, रुचि, गिरिजा बाजपेयी, सीमा चौहान, रीना, सुमन पाल, नीलम मिश्रा, सुनीता मिश्रा, मोनी मिश्रा आदि महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया।


कलश यात्रा में भाग लेती महिलायें व केदार शाह

# अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की कार्यशाला का उद्घाटन आज, बच्चों ने लिये प्रवेश


कार्यशाला में भाग लेती छात्रायें मौजूद शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में प्रवेश लिया। मदन मोहन कनोडिया बालिका इण्टर कालेज में आयोजित कार्यशाला में संस्था के पदाधिकारियों ने विद्यालय भवन में व्यवस्था को परखते हुए बच्चों को विधाओं के गुर सिखाये। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन में कथक, मेंहदी, ढोलक, सिलाई आदि विधाओं में छात्राओं ने प्रवेश लिए। रविवार को कार्यशाला का विधिवत शुभारम्भ होगा।

इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय, रविन्द्र भदौरिया, अध्यक्ष डॉ. नवनीत गुप्ता, दिलीप कश्यप, सचिव कुलभूषण श्रीवास्तव, संयोजक डॉ. सर्वेश श्रीवास्तव, अर्पण शाक्य, दीपक रंजन सक्सेना, रामेंद्र कमठान आदि मौजूद रहें।

# विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

▸ कक्षा प्रबंधन प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीबीएसई दिल्ली द्वारा दो दिवसीय कक्षा प्रबन्धन प्रशिक्षण का आयोजन सेण्ट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षक अनीता सक्सेना व डॉ. कैलाश चन्द्र यादव का विद्यालय के प्रधानाचार्य रोजीशन विश्वासी द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया व दीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण का शुभ्भारम्भ किया गया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा भक्ति गीत व स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षकों को कक्षा प्रबन्धन का प्रशिक्षण दिया गया। कक्षा में कमजोर विद्यार्थियों को कैसे प्रोत्साहित किया जाए और उनके सर्वागीण विकास पर कैसे जोर दिया जाए, इन विषयों पर कार्यक्रम में प्रशिक्षण दिया गया। अन्य विद्यालयों से आयें शिक्षकगणों ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिक्षकगणों द्वारा आज के युग में विद्यार्थी को कैसे शिक्षा के वातावरण की आवश्यकता हैं इस पर भी शिक्षकों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

प्रशिक्षकों द्वारा सिखाया गया कि सक्रिय विद्यार्थियों को आगे की परीक्षाओं के लिए कैसे तैयार किया जाये, जिससे वह प्रोन्नित के लिये अग्रसर हो सके। कुछ विद्यार्थी मानसिक तनाव के कारण कक्षा में अपनी शिक्षा पर ध्यान नहीं दे पाते और न ही विद्यालय के क्रियाकलाप में भाग लेते हैं, ऐसे विद्यार्थियों को कैसे प्रोत्साहित किया जायें कि वह सभी शिक्षण क्रियाकलापों से जुड़ सकें। प्रशिक्षक अनीता सक्सेना के द्वारा कक्षा के शिष्टाचार और व्यवहार, समूह कार्य बैठने की व्यवस्था, उपकरण और सामग्री का उपयोग आदि के बारें में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक डॉ. कैलाश चन्द्र यादव के द्वारा कक्षा में विद्यार्थियों द्वारा दुरव्यवहार के प्रति कैसी प्रतिक्रिया की जाये तथा कक्षा में अधिक विद्यार्थियों का प्रबंधन कैसे किया जाये, परिणाम और पुरस्कार आदि के बारें में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के 36 शिक्षकों व 24 अन्य विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। सभी शिक्षको ने प्रशिक्षक अनीता सक्सेना, डॉ. कैलाश चन्द्र यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य रोजीशन विश्वासी व प्रबन्धिका रोहतानी विश्वासी को धन्यवाद ज्ञापित किया।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक-शिक्षिकायें

# देश व समाज की उन्नति में स्काउट का अहम योगदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जनपद में तीन दिवसीय द्वितीय सोपान कैम्प का शुभारंभ डॉ. बीपी अग्रवाल शिक्षा निकेतन कल्याणकुंज के याकूतगंज कानपुर रोड फतेहगढ़ के प्रांगण में हुआ। उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक डॉ. बीपी अग्रवाल ने मां सरस्वती व स्काउट गाइड के जन्मदाता लॉर्ड बिडेन पावेल व लेडी बिडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि स्काउटिंग में रहकर व्यक्ति एक सच्चा व ईमानदार होकर देश वा समाज की उन्नति में अपना योगदान देता है। स्काउट मास्टर व जिला संगठन आयुक्त एसके श्रीवास्तव के साथ ही प्रशिक्षक गजेंद्र सिंह चौहान एचडब्लूबी और धर्मेंद्र कुमार बाथम एचडब्लूबी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रथम दिवस छात्र-छात्राओं को झण्डे के बारे में बताया। छात्र-छात्राओं को गांठे बंधन, प्राथमिक सुरक्षा अनुमान लगाना, फायरिंग, कंपास दिशा ज्ञान के बारे में बताया।

स्काउट खेल के साथ ध्वज अवतरण किया गया। द्वितीय दिवस को बीपी सिक्स के साथ एक्शन सॉन्ग भी कराया गया।

जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह दिखाया। इसके साथ मे तंबू निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को कैम्प फायर, फूड प्लाजा, बिना बर्तन के भोजन आदि के साथ में बौद्धिक खेल कराए। कैम्प आयोजन में सलूट, गांठे बंधन, ध्वज शिष्टाचार, स्काउट प्रार्थना, झंडा गीत, स्काउट गाइड का इतिहास और बच्चों को डिसिप्लिन आउटडोर, डवेंचर्स, टेंट लगाना इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई।


स्काउट की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते सर्वेश श्रीवास्तव

## एसएसओ और हेल्पर में हुए विवाद का वीडियो वायरल

**फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला शेरवानी टोला जहां बीते दिवस की रात्रि बिजली की बंच केबिल में आग लग गई। आग लगने की सूचना मुहल्ले के लोगों ने विद्युत उपकेंद्र को दी। सूचना के बाद रात्रि ड्यूटी का जिम्मा निभाने वाले एसएसओ रामकिशन ने सूचना हेल्पर सादिक को दी। एसएसओ द्वारा दी गई सूचना से हेल्पर नाराज हो गया। हेल्पर का कहना था यह कार्य लाइनमैन का है हमारा नहीं। लाइनमैन को ही सूचना दी जानी चाहिए थी। बात बढ़ गयी और दोनों के बीच गाली-गलौज होने लगा। जिसका ऑडियो वायरल हो गया। वायरल ऑडियो में एसएसओ द्वारा धमकी भरे अंदाज में कहा गया अगर किसी खंभे पे चढ़े दिखे तो टपका दूंगा। हेल्पर सादिक तथा एसएसओ के बीच काफी देर तक वाद विवाद होता रहा।

## ग्राम प्रधान के खिलाफ महिला ने दी मारपीट करने की तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम बीसलपुर बांगर निवासी रेखा देवी पत्नी नवाब सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने जानवर सड़क किनारे काफी सालों से बांध रही है।

गांव के ग्राम प्रधान द्वारा शनिवार को जानवर बांधने से मना किया गया। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो इसी बात से नाराज ग्राम प्रधान व उनके समर्थकों द्वारा महिला से गाली-गलौज की गई। महिला जान बचाने के लिए अपने घर में भागी, तो दबंग ग्राम प्रधान तथा उसके साथियों द्वारा उसे घर में घुसकर मारापीटा।

सभी आरोपियों के हाथों में नाजायज असलहे थे। महिला को बचाने के लिए उसका पुत्र गुड्डू मौके पर पहुंचा, तो दबंगों ने गुड्डू के गर्दन पर लात रखकर उसे मारने का प्रयास किया। चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े तथा उसके पुत्र गुड्डू को बचाया। महिला ने थाने पहुंचकर गांव प्रधान तथा उसके चार अन्य सहयोगियों के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

## रास्ते में सीढ़ी बनाने से रोकने पर चले लाठी-डंडे व धारदार हथियार

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव रामपुर मांझगांव निवासी टिनोपाल ने लिखाई रिपोर्ट में बताया की उसके पड़ोसी सोनपाल अपने घर के बाहर गली मे सीढ़ियां बना रहे थे। जब सीढ़ियां बनने से मना किया, तो प्रेमचंद्र, लोपाल, पंकज, प्रिंस, पिंकू, रंजन, करन सिंह ने एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडा तथा धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में भाई राकेश, हरिश्चंद्र, भतीजा दिनेश को गम्भीर चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धारा 147, 148, 323, 324, 504, 506, आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# अग्निवीर योजना पर देश की जनता को गुमराह कर रहे राहुल गांधी : अमित शाह



एजेंसी

**धर्मशाला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसा कि जबसे राहुल गांधी नेता बने, इस देश की राजनीति में आमूलचूल परिवर्तन हो रहे हैं। सच्ची बातों को तोड़-मरोड़ कर लोगों के सामने रखा, लेकिन कभी भी झूठे बात को मुद्दा नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि राहुल ने एक नई परंपरा शुरू की है, एक मुद्दे पर बार-बार झूठ बोलना शुरू किया, जिसका अग्निवीर पर बयान एक उदाहरण है। अमित शाह ने धर्मशाला में चुनावी जनसभा के बाद मीडियाकर्मियों से कहा कि अग्निवीर योजना के प्रति देशभर में भ्रांति फैलाई जा रही है कि चार साल के बाद 75 प्रतिशत अग्निवीरों का कोई भविष्य ही नहीं है, इनका जीवन बर्बाद हो जाएगा। दरअसल इस योजना के अंतर्गत अगर 100 जवान अग्निवीर बनते हैं तो उसमें से 25 प्रतिशत को डायरेक्ट सेना में परमानेंट पोस्टिंग हो जाएगी और 75 प्रतिशत बचे हुए जवानों के लिए भाजपा शासित सभी राज्य सरकारों ने अपनी पुलिस फोर्स में 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत रिजर्वेशन किया है और केंद्र सरकार के पैरामिलिटरि फोर्स में भी 10 प्रतिशत रिजर्वेशन किया है।

उन्होंने कहा कि इनको रिजर्व सीटों के बाद सेलेक्शन में भी बहुत सी रियायतें दी हैं जैसे उम्र की रियायत, परीक्षा में कुछ एडवांटेज और फिजिकल टेस्ट में भी नहीं करने पड़ेंगे। इन सभी रियायतों के बाद शायद ही कोई अग्निवीर ऐसा बचेगा जो स्टेट की पुलिस फोर्स या सेंटर पैरामिलिट्री फोर्स में न भर्ती हो पाए। इसके अलावा भी बहुत सी प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसीज और कंपनियों ने भी अग्निवीर के लिए प्राथमिकता तय की है। अब एक युवा 4 साल सरकारी खर्चे से ट्रेनिंग करेगा और सक्षम हो जाएगा चार साल उसको अच्छी तनख्वाह के साथ-साथ 4 साल के बाद पेंशन नुमा पूरे जीवन की नौकरी भी मिलेगी। गृहमंत्री शाह ने कहा कि इसमें जवानों को कोई नुकसान नहीं होने वाला है। राहुल अपने पार्टी के फायदे के लिए लोगों के बीच में सरासर झूठ फैला रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहें हैं।

### पीओके हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे : अमित शाह


**अंब (उना)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उना जिले के अंब क्षेत्र में शनिवार को एक चुनावी रैली में कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का अभिन्न अंग है। कांग्रेसी हमें डराते हैं कि पीओके की बात मत करो क्योंकि पाकिस्तान के पास एटम बम है, लेकिन मैं देवभूमि–वीरभूमि से बोल रहा हूं कि हम भाजपा वाले हैं और एटम बम से नहीं डरते। पीओके हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे। गृहमंत्री शाह ने हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर और विधानसभा उपचुनावों में भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा, मैं मां चिंतपूर्णी की पावन भूमि से डंके की चोट पर बोल रहा हूं कि पोओके हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे। आप संसद में भी डराते थे कि अगर अनुच्छेद 370 हटाई गई तो खून की नदियां बहेंगी लेकिन राहुल गांधी आज पांच साल हो गए खून की नदियां तो छोड़ो, किसी की कंकड़ जलाने की हिम्मत भी नहीं हुई।

### ठक्कर व शाह की भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में

**रियो डी जनेरियो।** मानव ठक्कर और मनूश शाह की भारतीय जोड़ी डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में घरेलू जोड़ी फेलिप डोटी और लुकास रोमनस्की को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने मैच की शुरुआत से ही ब्राजीलियाई जोड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए गेम पर अपना दबदबा बनाए रखा।

पहला गेम 11-4 से जीतने के बाद, भारतीय जोड़ी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और विपक्षी जोड़ी पर अपना दबदबा कायम रखते हुए अगले दो गेम 11-6, 11-6 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इससे पहले राउंड 16 में भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद 30 मिनट तक चले मुकाबले में ब्राजीलियाई जोड़ी हेनरिक नोगुटे और जून शिम को 3-1 (7-11, 11-5, 11-1, 12-10) से हराया था।

## सातवां और आखिरी चरण बहुत खास, पीएम का भी इम्तिहान




समृद्धि न्यूज

**एनडीए व इंडिया गठबंधन में ही नहीं सभी दलों का पूर्वांचल में डेरा**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के अंतिम यानि सातवें चरण में सभी दलों के पूरी ताकत झोंक दी है। आखिरी चरण बहुत खास है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नामी गिरामी लीडरों का इम्तिहान होना है। सेंट्रल से लेकर स्टेट लेवल नेताओं ने पूर्वांचल पर ही फोकस कर दिया है। इंडिया गठबंधन हो या एनडीए के घटक दल, बीएसपी हो या फिर कोई और,सबके नेता पूर्वांचल में डेरा डाले हैं।कोई रोड शो कर रहा है तो कोई जनसभा कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में हवा बनाने का प्रयास कर रहा है।यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ तो एक एक दिन में कई कई जनसभाएं कर रहे हैं।

यूपी के अलावा कई प्रदेशों में दौरे कर चुके हैं। बीजेपी ने तो कई सूबों के चीफमिनिस्टर को भी उतार दिया है। सपा चीफ अखिलेश यादव और कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी भी पूर्वांचल में जुट गई है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 मई को दिन में 3:30 बजे से टाउनहाल से रोड शो करेंगे। उनका रोड शो घोष कंपनी, रेती रोड, नखास, बक्शीपुर, आर्यनगर होते हुए विजय चौक पर समाप्त होगा। भाजपा प्रदेश नेतृत्व से कार्यक्रम तय हो गया है। रोड शो तीन किलोमीटर का होगा। व्यापारी संगठन अलग-अलग चौराहों पर रोड शो का स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 मई को बलिया, चन्दौली, गाजीपुर व वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:40 बजे मनियर इंटर कॉलेज, बांसडीह, बलिया में सलेमपुर लोकसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 12:40 बजे बाबा लक्ष्मण दास इंटर कॉलेज, बैरिया का मैदान, बैरिया, बलिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:10 बजे महेन्द्र टेक्निकल इंटर कॉलेज, मुगलसराय, चन्दौली में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। सायं 04:30 बजे आरटीआई मैदान गाजीपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में सम्मिलित होंगे तथा सायं 06:30 बजे अस्सी घाट, कैण्ट, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी 25 मई को देवरिया के प्रवास पर रहेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी दोपहर 03:30 बजे जिला भाजपा कार्यालय देवरिया में लोकसभा देवरिया की संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन किया, दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस की पूर्व महासचिव प्रियंका गांधी की संयुक्त सभा 25 मई को होगी। यह सभा देवरिया बाईपास स्थित सहारा इस्टेट के क्रिकेट ग्राउंड पर दोपहर दो बजे से होगी। इसके अलावा सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 25 मई को भी दोपहर 12: 40 बजे से देवरिया के पथरदेवा में चुनावी सभा को संबोधित किया। यह सभा आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में होगी। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के छठवें चरण के लिए कल वोटिंग होनी है जिसके साथ ही सातवें चरण के लिए घमासान तेज हो गया है।

## बंगाल में 135 किमी तक हो सकती है रेमल की गति, भारी जान-माल के नुकसान की आशंका



एजेंसी

**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवाती तूफान 'रेमल' 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दस्तक दे सकता है। यह 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार पकड़ सकता है। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी है। बताया गया है कि 26-27 मई को पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी बारिश होगी। पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में 27-28 मई को अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है।

तूफान के दस्तक देने के समय समुद्र में 1.5 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका है, जिससे तटीय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के निचले इलाके डूब सकते हैं। इसलिए मौसम विभाग की ओर से राज्य सरकार को तटवर्ती क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने मछुआरों को 27 मई की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग में समुद्र में न जाने की चेतावनी दी है। विभाग ने 26-27 मई रविवार और सोमवार को पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया ।

### आज से दिखेगा चक्रवाती तूफान रेमल का असर

**रांची।** राज्य में रविवार को चक्रवाती तूफान रेमल का असर देखने को मिलेगा। राज्य के कई स्थानों में रविवार से 31 मई तक गर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि 26 से 28 मई तक राज्य के उत्तर पूर्वी, दक्षिणी और मध्य भागों में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ जिलों में देखने को मिलेगा।

### आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष होंगे प्रदीप कुमार सिन्हा

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है। सिन्हा एक जुलाई, 2024 से अगले तीन साल तक इस पद पर रहेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि प्रदीप कुमार सिन्हा आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष होंगे। रिजर्व बैंक ने सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वो जीसी चतुर्वेदी की जगह लेंगे, जो 30 जून, 2024 को गैर-कार्यकारी अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। आईसीआईसीआई बैंक बोर्ड बैठक में सिन्हा को गैर-कार्यकारी अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने की ऐलान किया गया था। उल्लेखनीय है कि प्रदीप कुमार सिन्हा ओएनजीसी, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, गेल आदि जैसे कई प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सरकार द्वारा नामित निदेशक रहे हैं।

## सर्वाधिक आईपीएल फाइनल खेलने वाली 5वीं टीम सनराइजर्स हैदराबाद

एजेंसी

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास में सबसे ज्यादा फाइनल मैच खेलने वाली पांचवीं टीम बन गई है। हैदराबाद ने यह उपलब्धि आईपीएल 2024 क्वालीफायर 2 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 36 रन से हराकर हासिल की।

हैदराबाद स्थित फ्रेंचाइजी ने तीसरी बार टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने भी तीन बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रिकॉर्ड 10 बार आईपीएल 2024 का फाइनल खेल चुकी है। छह फाइनल में भाग लेने के बाद मुंबई इंडियंस (एमआई) दूसरे स्थान पर है। टी20 टूर्नामेंट के चार फाइनल खेलने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) तीसरे स्थान पर है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज उनके विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन थे, जिन्होंने 34 गेंदों पर चार छक्कों की मदद से 50 रन बनाए।

राहुल त्रिपाठी (37) और ट्रैविस हेड (32) ने भी अपनी तरफ से महत्वपूर्ण रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स के लिए, बोल्ट और आवेश ने अपने चार ओवर के स्पेल में तीन-तीन विकेट हासिल किए, जहां उन्होंने क्रमशः 45 और 27 रन दिए। संदीप ने अपने चार ओवरों में 25 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 139 रन ही बना सकी। राजस्थान के लिए ध्रुव जुवेल ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 56 रन बनाए।

## मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु




एजेंसी

**कुआलालंपुर।** भारत की दिग्गज बैडमिंटन स्टार और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु शनिवार को थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को हारकर मलेशिया मास्टर्स 2024 बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई है।

आज यहां एक्सियाटा एरिना में खेले गये मुकाबले में पीवी सिंधु ने सेमीफाइनल में बुसानन ओंगबामरुंगफान को 13-21, 21-16, 21-12 को हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने पहला गेम हारने के बाद थाईलैंड की खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी और एक घंटा 28 मिनट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने शुरुआत में आठ प्वाइंट्स तक लगातार अंकों का आदान-प्रदान किया। इसके बाद थाईलैंड की खिलाड़ी लय बनाते हुए कई प्वाइंट्स हासिल करने में सफल रही। 10-9 के स्कोर के बाद बुसानन ने लगातार पांच प्वाइंट्स लिए। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने वापसी की प्रयास किया लेकिन बुसानन ओंगबामरुंगफान ने पहला गेम 21-13 से जीत लिया। सिंधु ने दूसरे गेम में मजबूत शुरुआत की और एक समय पर 11-9 की बढ़त बना ली। थाईलैंड की खिलाड़ी ने जल्द ही वापसी की लेकिन सिंधु ने लगातार दबाव बनाए रखते हुए गेम को 21-16 से जीत लिया। अंतिम और निर्णायक गेम में, 28 वर्षीय सिंधु ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने अपनी लय को बरकरार रखते हुए इस गेम को 21-12 से जीत लिया और मलेशिया मास्टर्स 2024 बैडमिंटन के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

### टी-20 विश्व कप में तीसरी बार पाक टीम का नेतृत्व करेंगे बाबर आजम

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार रात आईसीसी टी20 पुरुष विश्व कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। बाबर आजम टी20 विश्व कप में लगातार तीसरी बार पाकिस्तानी टीम का नेतृत्व करेंगे। टी-20 विश्व कप 1 से 29 जून के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका और कैरेबियन में खेला जाएगा। हालांकि पीसीबी ने न तो उप-कप्तान और न ही किसी यात्रा रिजर्व की घोषणा की है। पीसीबी ने अपने बयान में कहा, यह बेहद प्रतिभाशाली और संतुलित टीम है जिसमें युवा और अनुभव का मिश्रण है। ये खिलाड़ी पिछले कुछ समय से एक साथ खेल रहे हैं और अगले महीने के आयोजन के लिए अच्छी तरह से तैयार और व्यवस्थित दिख रहे हैं। फरवरी में पाकिस्तान सुपर लीग मैच के दौरान कंधे की हड्डी खिसकने से उबरने के बाद तेज गेंदबाज हारिस रऊफ टीम में लौट आए, जबकि विश्व कप से पहले आयरलैंड दौरे के लिए बुलाए गए हसन अली को बाहर कर दिया गया है। बयान में आगे कहा गया, हारिस रऊफ पूरी तरह से फिट हैं और नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।

## छह राज्यों में लू का रेड अलर्ट जारी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** शनिवार से नौतपा शुरू हो गया है। यह 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के लिए लू (हीटवेव) का रेड अलर्ट जारी किया है। ज्योतिष के हिसाब से सूर्य कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तब से नौ दिन तक नौ तपा होता है।

उत्तर भारत में शुक्रवार को औसत अधिकतम तापमान 49 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान में गर्मी से गुरुवार को 9, शुक्रवार को 5 और शनिवार को 4 मौतें हुईं। राज्य में 3 दिन में यह आंकड़ा 18 हो गया है। भोपाल-हैदराबाद इंडिगो की फ्लाइट शुक्रवार को एक घंटे देरी से रवाना हुई। बताया गया कि बाहर का तापमान ज्यादा होने के चलते इंजन रिस्ट्रिक्टेड मोड में चला गया था। उधर, कश्मीर घाटी में भी तापमान बढ़ा है। यहां 23 मई को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। 25 मई 2013 को 32.2 डिग्री सेल्सियस था। शुक्रवार को देश की पावर डिमांड बढ़कर सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 239.46 जीडब्ल्यू पर पहुंच गई। पावर मिनिस्ट्री के डेटा के मुताबिक, गुरुवार को पावर डिमांड 236.59 जीडब्ल्यू, बुधवार को 235.06 जीडब्ल्यू थी। पिछले साल पावर डिमांड का ऑल आइम हाई 243.27 जीडब्ल्यू सितंबर 2023 में रिकॉर्ड किया गया था। इस साल गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूटने की संभावना है। एडवाइजरी जारी जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। राजस्थान में सफाई कर्मचारियों से सुबह 5 से 10 बजे तक ही काम करने को कहा गया है। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। एमपी ट्रैफिक पुलिस ने इंदौर के चौराहों पर रेड लाइट का ड्यूरेशन कम कर दिया, ताकि लोगों को धूप में कम रुकना पड़े। आगरा, भोपाल, जोधपुर, लखनऊ समेत कई शहरों में चौराहे पर टेंट लगाए गए हैं, ताकि सिग्नल के इंतजार में उन्हें राहत मिल सके। गर्मी के चलते बिजली की किल्लत- गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने से किल्लत भी शुरू हो गई है। यूपी के कानपुर में गुरुवार को 584 बार शटडाउन लिया गया। राज्य में बिजली की डिमांड 28 हजार मेगावाट से ज्यादा है।

## खबरें एक नजर में

### साबरमती व हरिद्वार के बीच समर स्पेशल ट्रेन

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए साबरमती और हरिद्वार के बीच समर स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर चलाने का निर्णय लिया गया है। इसका विवरण इस प्रकार है ट्रेन संख्या 09425/09426 साबरमती–हरिद्वार–साबरमती स्पेशल (कुल 10 फेरे) - ट्रेन संख्या 09425 साबरमती–हरिद्वार स्पेशल 31 मई व 3,7,10, और 14 जून 2024 (शुक्रवार और सोमवार) को साबरमती से 18.45 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 19.00 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09426 हरिद्वार–साबरमती स्पेशल 01,04,08,11 और 15 जून 2024 (शनिवार और मंगलवार) को हरिद्वार से 21-45 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 22-30 बजे साबरमती पहुंचेगी।मार्ग में दोनों दिशाओं में यह ट्रेन महेसाणा, पालनपुर, आबूरोड, पिंडवाड़ा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी, गुड़गाँव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर एवं रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में थर्ड एसी, स्लीपर एवं जनरल श्रेणी के कोच रहेंगे। ट्रेन संख्या 09425 की बुकिंग 26 मई, 2024 से यात्री आरक्षण केन्द्रों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी।

### पश्चिम चंपारण : भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजय पर एफआईआर दर्ज

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण लोकसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार डॉ संजय जायसवाल पर आचार संहिता उल्लंघन की एफआइआर दर्ज की गयी है। बेतिया नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बेतिया सदर के अंचलाधिकारी सह उड़नदस्ता दल पदाधिकारी की शिकायत पर एफआइआर दर्ज की गयी है। आरोप है कि छठे चरण के मतदान के लिए 23 मई को संध्या 6 बजे के बाद चुनाव प्रचार समाप्ति के बावजुद 24 मई को दूरभाष से पं चंपारण के भाजपा उम्मीदवार डॉ. संजय जायसवाल के आवाज में इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की सूचना प्राप्त हुयी।

### म्यांमार से तस्करी कर लाई गई 1.205 किग्रा हेरोइन जब्त

**आइजोल।** मिजोरम में भारी मात्रा में हेरोइन बरामद किया गया। मिजोरम पुलिस ने आज बताया कि असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस के एक संयुक्त अभियान में चंपाई जिले के गुरुग्राम से 1.205 किग्रा हेरोइन जब्त की गई। गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारने वाली टीम ने एक वाहन पर छापा मारकर हेरोइन से भरे सैकड़ों साबुनदानी जब्त किए। साबुनदानी से कुल 1.205 किग्रा हेरोइन जब्त की गई। असम राइफल्स और चंपाई जिले की पुलिस ने हेरोइन को उस समय जब्त कर लिया, जब उन्हें पड़ोसी देश म्यांमार से मिजोरम लाया गया था। असम राइफल्स का दावा है कि जब्त हेरोइन का अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य करीब 8.435 करोड़ रुपये है। बाद में हेरोइन को चंपाई थाना पुलिस को आगे की कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया।

### जून महीने में 10 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** जून महीने में बैंक 10 दिन बंद रहेंगे, जिसकी वजह से बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इन 10 दिनों में पांच रविवार और 2 शनिवार के अलावा देश के अलग–अलग जगहों पर तीन दिन कामकाज नहीं होगा। हालांकि, इस दौरान ऑनलाइन और एटीएम सर्विस चालू रहेगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से छुट्टियों की जारी कैलेंडर के मुताबिक जून में कुल 10 दिन बैंक बंद रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। इनमें पांच रविवार और 2 शनिवार की छुट्टी शामिल है। इसके अलावा अन्य 3 दिन अलग–अलग जगहों पर बैंक बंद रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। हालांकि, डिजिटल बैंकिंग के दौर में आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेन–देन कर सकते हैं।

### वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई अधिसूचित

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों और आभूषण की बिक्री से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए चालू वित्त वर्ष 2024–25 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) को अधिसूचित किया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की ओर से शनिवार को जारी एक बयान के मुताबिक 24 मई, 2024 की अधिसूचना संख्या 44/2024 के माध्यम से चालू वित्त वर्ष 2024–2025 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) अधिसूचित किया गया है। सीबीडीटी की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक वित्त वर्ष 2024–25 और आकलन वर्ष 2025–26 के लिए सीआईआई 363 है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023–24 के लिए सीआईआई 348 था, जबकि वित्त वर्ष 2022–23 के लिए यह 331 था। उल्लेखनीय है कि लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) का उपयोग करदाताओं द्वारा मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की गणना करने के लिए किया जाता है।

## कई हस्तियों ने वोट डालकर निभाई अपनी जिम्मेदारी







एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में छठे चरण के तहत मतदान हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर के कई नेताओं तथा अन्य ख्यातिलब्ध हस्तियों ने यहां के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर वोट डाले। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज क्रमशः राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय तथा सीपीडब्ल्यूडी सर्विस सेंटर, नॉर्थ एवेन्यू, दिल्ली में बने मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।

तीनों चुनाव आयुक्तों ने भी मतदान किया और लोगों से मतदान करने की अपील की। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दिल्ली के न्यू मोती बाग में मतदान केंद्र पर वोट डाला। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने हौज़ खास एन्क्लेव में एमसीडी स्कूल में वोट डाला। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने दिल्ली के अटल आदर्श विद्यालय, एपीजे अब्दुल कलाम लेन में बने मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। उन्हें मतदान केन्द्र में पहले पुरुष मतदाता होने का भी सम्मान मिला। इसकी तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि सुबह नई दिल्ली में अपना वोट डाला। उन्होंने आज मतदान करने वाले सभी लोगों से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने और चुनाव के इस छठे चरण में मतदान करने का आह्वान भी किया। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली और देश के मतदाता एक बार फिर विकसित भारत के लिए मोदी सरकार को चुनेंगे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। उन्होंने बताया कि अपने पिता, पत्नी और बच्चों के साथ उन्होंने आज वोट डाला। उनकी मां की तबियत बहुत ख़राब है। वो नहीं जा पाईं। उन्होंने कहा कि मैंने तानाशाही, बेरोज़गारी और महंगाई के खिलाफ़ वोट डाला है। केजरीवाल ने लोगों से भी मतदान करने का आह्वान किया।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान और बेटी मिराया ने दिल्ली के लोधी रोड स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। प्रियंका ने कहा कि अपने संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए मतदान किया। आप लोग भी भारी से बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा जरूर लें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी मां सोनिया गांधी के साथ निर्माण भवन में वोट डाला। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली में अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने विशेषकर महिलाओं से अपील की कि बाहर आएं और अपना वोट डालें। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा के पूर्वी दिल्ली से सांसद और क्रिकेटर गौतम गंभीर ने सर्वोदय कन्या विद्यालय, दिल्ली पर बने बूथ पर अपना वोट डाला। वे आईपीएल के बीच चेन्नई से दिल्ली वोट डालने आए थे। इस बार उनके स्थान पर पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने निर्माण भवन में बने मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।

### आम श्रद्धालुओं के लिए खुले हेमकुंड साहिब और लोकपाल मंदिर के कपाट

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब और लोकपाल मंदिर के कपाट शनिवार को आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गये। इस अवसर सैकड़ों की तादाद में पहुंचे श्रद्धालुओं ने हेमकुंड साहिब में मत्था टेका। शनिवार को हेमकुंड साहिब के कपाट साढ़े नौ बजे अरदास, शबद कीर्तन एवं गुरुवाणी के साथ सुरक्षा व्यवस्था के बीच आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गये हैं। इसके साथ ही हेमकुंड साहिब की यात्रा शुरू हो गई है। शुक्रवार को गोविन्दघाट गुरुद्वारा से पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच बैंड बाजों की धुन और पवित्र निशान के साथ श्री हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ था। जत्थे ने रात्रि विश्राम घांघरिया गुरुद्वारा में किया। शनिवार की सुबह यह जत्था हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ।